Over-the-counter market कॉउण्टर-भिन्न बाजार, विक्रय-फलक-भिन्न बाजार—इससे अभिप्राय प्रतिभूतियों सम्बन्धी उस बाजार से है जिसमें प्रतिभूतियों सम्बन्धी सभी सौदे संगठित हिस्सा बाजार में नही किए जाते। स्टॉक एक्सचेंज के विरुद्ध, जोकि एक स्थान पर स्थित एक प्रकार की नीलामी मण्डी है, काउण्टर-भिन्न बाजार में वे हजारों व्यापारी शामिल है जो हिस्सों तथा बांडो का क्रय-विक्रय मुख्यतः टेलीफोन द्वारा करते है। अमेरिकी अर्थव्यवस्था मे इस प्रकार के हिस्सा या बॉड बाजार का बहुत अधिक विकास हुआ है। छोटे-बड़े सभी प्रकार के सौदे इस बाजार मे होते हैं।

Over-time allowance समयोपरि भत्ता

Over-time charges समयोपरि प्रभार

Over-time pay समयोपरि वेतन

Over-time work अधिसमय कार्य, समयोपरि कार्य

Over-valuation अधिमूल्यन

Over-valuation of the rupee रुपये का अतिमूल्यन/अधिमूल्यन

Over-valued currency अधिमूल्यित मुद्रा/करेन्सी

Over-work अति श्रम, कठिन परिश्रम, अत्यधिक कार्य

Overt market विवृत विपणि, खुला बाजार

Owenism ओवनवाद—समाज सुधार के इस सम्प्रदाय का आरम्भ राबर्ट ओवन (1771—1858) द्वारा किया गया। ओवन एक विचारशील

उद्योगपति था जो इस बात मे विश्वास रखता था कि व्यापारिक समृद्धि, अच्छी मजदूरी और काम की अच्छी परिस्थितियो मे तालमेल बिठाया जा सकता है। उसने बच्चो की रोजगार के लिए नियुक्ति का विरोध किया, कारखानो मे काम की अच्छी दशाएँ और आठ घण्टे का कार्य-दिन निश्चित करने का प्रचार किया।

1815 मे उसने स्कॉटलैण्ड में एक मॉडल फैक्ट्री स्थापित की और इसमे उसे आश्चर्यजनक सफलता मिली। दस वर्षों से कम आयु के बच्चो को काम पर न लगाया गया, उनके लिए अच्छी शिक्षा की व्यवस्था की गयी, काम के घण्टे 12 प्रतिदिन निश्चित किए गए और इसमे से $1\frac{1}{2}$ घण्टे खाने के लिए रखे गए। इसके पश्चात् ओवन ने सहकारिता के सम्प्रदाय (Communities of Co-operation) स्थापित किए। ओवन को इस सम्बन्ध में सीमित सफलता प्राप्त हुई। उसके विचार का सबसे स्थायी प्रभाव विश्व मे उपभोक्ता सहकारी आन्दोलन की स्थापना के रूप मे हुआ।

Owned capital अपनी पूँजी, स्वामित्वाधीन पूँजी
Own farming खुद काश्त, स्वय खेती
Owner स्वामी
Owner, absolute पूर्ण स्वामी
Owner, manager प्रबन्धक स्वामी
Owner, real वास्तविक स्वामी
Owner, ostensible प्रकट स्वामी
Owner cultivation स्वामी द्वारा कृषि, मालिक द्वारा खेती
Owner cultivator मालिक-काश्तकार
Owner of land भू-स्वामी
Owner of property सम्पत्ति का स्वामी
Ownership स्वामित्व, मालिकी
Ownership, collective सामूहिक स्वामित्व
Ownership, conferment of स्वामित्वाधिकार प्रदान करना
Ownership, diffusion of स्वामित्व का प्रसारण
Ownership, private निजी स्वामित्व, गैर-सरकारी स्वामित्व
Ownership, public सार्वजनिक स्वामित्व, सरकारी स्वामित्व
Ownership, reputed ज्ञात स्वामित्व
Ownership, state राजकीय स्वामित्व
Ownership holding स्वत्व जोत, मालिकी जोत
Ownership of property सम्पत्ति का स्वामित्व
Ownership of resources ससाधनों का स्वामित्व
Own-rates निज दरें

P

Pace of urbanisation नगरीकरण की प्रगति
Pace setters अग्रणी, प्रवर्तक
Package deal एकमुश्त व्यवहार, एकमुश्त क्रिया—इस पद का प्रयोग रैडक्लिफ रिपोर्ट (Radcliff Report) मे 1951 के पश्चात् विकसित हुए उस व्यवहार के रूप में किया गया जिसके आधीन मौद्रिक नीति के पारम्परिक उपायों (अर्थात् बैंक-दर) का प्रयोग नये उपायों (अर्थात् बजट अतिरेक या घाटे, राजकोषीय जमा या विशेष जमा आदि) के साथ किया जाता है। यदि इन उपायो को अलग-अलग करके इस्तेमाल किया जाए, तो वे प्रभावी नही होते ; परन्तु जब इनका एक साथ प्रयोग किया जाता है, तो वे मौद्रिक उद्देश्यो की प्राप्ति मे प्रभावी योगदान देते हैं।
Package programme एकमुश्त प्रोग्राम/कार्यक्रम
Package proposal एकमुश्त प्रस्ताव
Paid employee वैतनिक कर्मचारी
Paid employment सवेतन नियोजन, सवेतन रोजगार
Paid job वैतनिक काम
Paid service सवेतन सेवा
Paid sick-leave plan सवेतन बीमारी छुट्टी योजना
Paid staff वैतनिक कर्मचारी
Paid-up capital प्रदत्त पूँजी, परिदत्त पूँजी, प्राप्त पूँजी
Paid-up shares परिदत्त हिस्से
Pain economy कष्ट अर्थव्यवस्था, दुःखद अर्थव्यवस्था
Painful process of adjustment समायोजन की कष्टदायी प्रक्रिया
Panel on land reforms भूमि-सुधार का मण्डल, भूमि-सुधार की नामिका

Panic demand for money मुद्रा की ग्रातंक मांग

Paper claims पत्र दावे, कागज़ी दावे

Paper currency पत्र मुद्रा, कागज़ी मुद्रा, नोट

Paper currency reserve पत्र मुद्रा संचिति

Paper currency standard पत्र मुद्रा मान, कागज़ी मुद्रा मान

Paper gold पत्र स्वर्ण

Paper money कागज़ी मुद्रा, पत्र मुद्रा

Paper money, convertible विनिमेय कागज़ी मुद्रा

Paper money, inconvertible अविनिमेय कागज़ी मुद्रा

Paper money, representative प्रतिभावी/प्रतिनिधि पत्र मुद्रा

Paper standard पत्र मान

Paper titles कागज़ी स्वामित्वाधिकार, पत्र-मात्र स्वत्व—स्वामित्व का ऐसा अधिकार जो उपरि दृष्टि से सही जान पड़ता है, परन्तु वस्तुतः आधार रहित है।

Paper union कागज़ी संघ

Parable of meteor stones केतु-पत्थरों का दृष्टान्त—विशुद्ध लगान तथा आभास लगान के अन्तर को स्पष्ट करने हेतु मार्शल द्वारा प्रस्तुत उदाहरण।

Paradox of poverty and potential plenty निर्धनता और संभाव्य समृद्धि का विरोधाभास

Paradox of thrift किफायत की विरोधोक्ति—जॉन मेनार्ड केन्ज द्वारा सबसे पहले प्रतिपादित किया गया सिद्धान्त कि यदि समाज द्वारा अपनी बचत बढ़ाने का प्रयास किया जाए तो इसका परिणाम वास्तव मे बचत की मात्रा मे कमी भी हो सकता है। इस विरोधाभास को प्रतिपादित करने का मूल कारण केन्ज द्वारा बचत-विनियोग क्रिया की सहायता से राष्ट्रीय आय का निर्धारण है। अधिक बचत करने से उपभोग कम हो जाता है और फलस्वरूप राष्ट्रीय आय भी कम हो जाती है। राष्ट्रीय आय में कमी के परिणामस्वरूप लोग पहले जितनी बचत नही कर सकते। यह विरोधाभास कि बचत एक बुराई है और व्यय एक गुण है, प्रोत्साहन की दृष्टि से एक अन्तविरोध का उदाहरण है। व्यक्ति की दृष्टि से किफायत (Thrift) एक वांछनीय गुण माना जा सकता है परन्तु समाज की दृष्टि से इसके रोजगार और कुल उत्पादन पर विनाशकारी प्रभाव हो सकते है।

Parameter प्राचल—अर्थशास्त्र मे किसी समस्या का विश्लेषण आरम्भ करने से पूर्व निश्चित किए गए एक स्थिरांक (Constant) को प्राचल कहते है। इस स्थिरांक को एक मूल्य या मूल्य-कुलक (Set of Values) प्रदान किया जाता है। प्राचल और चर (Variable) में अन्तर है। चर को तो कोई भी मूल्य दिया जा सकता है परन्तु प्राचल के मूल्य अध्ययन-आधीन विशेष समस्या से प्रतिबन्धित होते हैं और प्राचल में परिवर्तन तभी होता है जब अध्ययन-आधीन समग्र व्यवस्था मे परिवर्तन हो।

सांख्यिकी मे प्राचल का अर्थ संक्षिप्त प्रमाप से है जैसे औसत, माध्यिका (Median) या किसी जनसख्या के सदस्यो के लक्षण का अनुपात।

Parameter, arbitrary स्वेच्छ प्राचल

Parameter, invariable अचर प्राचल

Parameter, variable चर प्राचल

Parasitic पराश्रय, परजीवी

Parasitical nature of Zamindari System जमींदारी प्रथा का परजीवी स्वरूप, किसान का लहू चूसने वाली जमींदारी प्रथा

Parent company मूल कम्पनी, जनक कम्पनी

Paretian optimum पैरेटो के अनुकूलतम—यह सिद्धान्त कल्याण अर्थशास्त्र से सम्बन्धित है। इसका अर्थ उस स्थिति से है जिसके अनुसार कोई भी व्यक्ति अपेक्षाकृत अच्छी परिस्थिति में तब तक नहीं जा सकता जब तक कि वह किसी अन्य व्यक्ति को अपेक्षाकृत कम प्राथमिकता वाली स्थिति में नहीं पहुँचा देता। दूसरे शब्दों में, पैरेटो या सामाजिक अनुकूलतम की स्थिति में यह संभव नहीं कि वस्तुओं तथा सेवाओं के उत्पादन या विनिमय को इस प्रकार बदला जा सके कि एक व्यक्ति बिना किसी दूसरे व्यक्ति की स्थिति को कम उन्नत किए अपनी स्थिति को

उन्नत कर सकें। चूँकि इस सिद्धान्त का प्रतिपादन इटली के अर्थशास्त्री पैरेटो (Pareto) ने किया, इसलिए इसे Paretian Optimum कहा जाता है। चाहे जे० आर० हिक्स और एन० कॉल्डर ने इस सिद्धान्त को परिशोधित करने का प्रयास किया, फिर भी पैरेटो का सिद्धान्त कल्याण अर्थशास्त्र का मूल सिद्धान्त माना जाता है।

Paretian welfare economics पैरेटो का कल्याणकारी अर्थशास्त्र

Pareto's law पैरेटो का नियम—पैरेटो (1848-1932) इटली के एक अर्थ एवं समाजशास्त्री का मत था कि भले ही अलग-अलग देशों मे कर-प्रणालियाँ और आर्थिक एवं सामाजिक संस्थान भिन्न-भिन्न हो किन्तु उपभोक्ताओ मे राष्ट्रीय आय का वितरण सर्वव्यापक रूप मे एक-से अनुपात मे ही होता है। इस नियम से यह निष्कर्ष निकलता है कि निर्धन वर्ग की आय को उन्नत करने का एकमात्र उपाय समग्र राष्ट्र की आय को उन्नत करना है। दूसरे शब्दों मे, पैरेटो का मत यह था कि आय का पुनर्वितरण असम्भव है। इस सिद्धान्त की सार्थकता मे बहुत से अर्थशास्त्री सन्देह प्रकट करते हैं।

Pareto's optimism पैरेटो का आशावाद

Par exchange सम विनिमय

Pari passu समानत्व, समानता, समरूप—हिस्सों की एक नई जारी मात्रा के सन्दर्भ मे इसका यह आशय है कि नए हिस्सो को वर्तमान हिस्सो की भाँति लाभांश का भाग प्राप्त करने मे समानता प्राप्त होगी।

Par of exchange विनिमय सममूल्यता

Par of exchange, hypothetical परिकल्पित विनिमय सममूल्यता

Par of exchange, ideal आदर्श विनिमय सममूल्यता

Parity, agricultural price कृषि मूल्य-समता

Parity, gold स्वर्ण मूल्य-समता

Parity, price कीमत समता

Parity formula समता-फार्मूला

Parity of exchange विनिमय-समार्हता/सममूल्यता

Parity price principle समार्हता मूल्य सिद्धान्त, समता कीमत सिद्धान्त

Parity rate समता-दर

Parity ratio, basic मूल समार्हता अनुपात

Parity ratio for current year वर्तमान वर्ष का समता अनुपात

Parsimony कृपणता, मितव्ययिता, अल्पव्यय, कंजूसी—मुद्रा के बारे मे सावधानी या किफायत की प्रवृत्ति। इसका उद्देश्य आर्थिक ध्येयो की प्राप्ति के लिए साधनो के प्रयोग मे किफायत बरतना है। एडम स्मिथ कृपणता को व्यक्ति एव राज्य दोनो के लिए धन और पूँजी संचयन का आधार मानता था।

Part delivery आंशिक सुपुर्दगी, आंशिक कब्जा

Partial analysis आंशिक विश्लेषण

Partial audit आंशिक लेखा-परीक्षण

Partial equilibrium आंशिक संतुलन

Partial equilibrium analysis आंशिक संतुलन विश्लेषण

Partial equilibrium theory आंशिक संतुलन सिद्धान्त—इस सिद्धान्त मे विभिन्न वस्तुओ एव साधनो की कीमतो के पारस्परिक सम्बन्धो की उपेक्षा करके वैयक्तिक क्षेत्रो मे कीमतो एवं उत्पादन सम्बन्धी विश्लेषण किया जाता है। कल्पना यह है कि एक क्षेत्र का दूसरे पर इतना थोड़ा प्रभाव है कि इसे नगण्य माना जा सकता है। आंशिक संतुलन विश्लेषण का सबसे अधिक लोकप्रिय उदाहरण माँग एव पूर्ति विश्लेषण है। चाहे इस विश्लेषण की कल्पनाएँ इसे बहुत हद तक सीमित कर देती है, फिर भी किसी फर्म या उद्योग मे उत्पादन एव कीमत निर्धारण के कारण तत्वो को समझने के लिए इसका काफी महत्त्व है। उदाहरणार्थ, रूई की कीमत के गिरने से सूती वस्त्र उद्योग पर क्या प्रभाव पड़ेगा, इसे तो आंशिक संतुलन विश्लेषण व्यक्त करता है किन्तु इसका समग्र अर्थव्यवस्था पर क्या प्रभाव होगा, इसके लिए यह अपर्याप्त है। समग्र अर्थव्यवस्था पर विभिन्न अथवा विशेष कीमत या उत्पादन परिवर्तनों के प्रभाव को जानने के लिए सामान्य संतुलन विश्लेषण का प्रयोग किया जाता है।

Partial glut आंशिक अति संभरण
Partially bad debts अंशतः अप्राप्य ऋण
Partial monopolist आंशिक एकाधिकारी
Partial over-production आंशिक अत्युत्पादन
Partial repudiation of debts ऋणों का आंशिक प्रत्याख्यान, ऋणों का आंशिक अस्वीकरण
Partial strike आंशिक हड़ताल
Partial vs general or total analysis आंशिक बनाम सामान्य अथवा सम्पूर्ण विश्लेषण
Participating country सहयोगी देश
Participating firm सहयोगी फर्म
Participating preference shares सहभागी अधिमान हिस्से
Participation bond लाभ सहभागी बोंड
Participation certificate पत्ती प्रमाणपत्र, सहयोग प्रमाणपत्र

Participation loan सहभागी ऋण—इसका अभिप्राय किसी ऐसे ऋण से है जिसमे दो या अधिक बैंक भाग लें। ऐसे सहभागी समझौते आम तौर पर छोटे ग्रामीण क्षेत्रों में कार्य करने वाले बैंकों और बड़े नागरिक क्षेत्रों में कार्य करने वाले बैंकों मे किए जाते है। इसका मूल उद्देश्य छोटे बैंक (ो) द्वारा बड़े मुद्रा बाजारों में विनियोग अवसरों का लाभ उठाना है। इस प्रकार छोटे बैंक अपने पास एकत्र की गयी अल्पकालीन राशियों को तुरन्त विनियोग में लगा सकते है। सहभागी ऋण पद का प्रयोग किसी ऐसे बड़े उधार के लिए भी किया जाता है जिसमे कई बड़े बैंक साझे के तौर पर भाग लेते हैं। ऐसे उधार को कई बार सिण्डीकेट ऋण (Syndicate Loan) भी कहते हैं।

Participation ratio सहभागिता अनुपात
Parting with liquidity तरलता का विछोह करना
Partner भागीदार, साझीदार
Partner, active सक्रिय साझीदार
Partner, financing वित्तदायी साझीदार/भागीदार
Partner, sleeping निष्क्रिय साझीदार
Partnership साझेदारी, भागिता
Partnership, articles of साझेदारी के अन्तनियम, साझेदारी की अन्तर्नियमावली
Partnership, deed of साझा-पत्र, साझानामा, भागिता प्रलेख
Partnership, general सामान्य साझेदारी
Partnership, limited सीमित साझेदारी
Pratnership, particular विशिष्ट साझेदारी
Partnership, unlimited असीमित साझेदारी
Partnership at will स्वैच्छिक भागिता, यथेच्छ साझेदारी
Partnership fund भागिता निधि
Partnership method साझेदारी रीति
Part-time employment अंशकालिक रोजगार
Part-time labour अंशकालिक श्रम
Par value of currency मुद्रा सममूल्य, करेन्सी सममूल्य
Passive balance of payments निष्क्रिय भुगतान-शेष
Passive bond ब्याजहीन बॉड, अब्याजी बंध
Passive saver निष्क्रिय बचतकर्ता
Passive trade balance प्रतिकूल व्यापार-शेष
Pastoral industries पशुपालन उद्योग, पशुचारण उद्योग
Pastoral stage पशु चारण अवस्था
Past saving भूतकालिक बचत, गत बचत
Pasture land पशुचर भूमि
Patent assignment पेटेन्ट अधिन्यास
Patent rights पेटेन्ट अधिकार, एकस्वाधिकार
Paternal despotism पैतृक निरंकुशता

Paternalism पैतृकवाद—इस पद का प्रयोग दो अर्थों में किया जाता है। 1. सरकार द्वारा अपने नागरिकों के हित के लिए कल्याणकारी एवं संरक्षणात्मक सेवाओं को उपलब्ध कराना; उदाहरणार्थ, बेरोजगारों के लिए नौकरियों का प्रबन्ध करना, वृद्धावस्था सहायता उपलब्ध कराना, अनुचित व्यापारिक क्रियाओं के विरुद्ध नागरिकों की रक्षा करना तथा अन्य सामाजिक सुरक्षा के उपाय करना।

2. इसका प्रयोग औद्योगिक पैतृकवाद के

रूप में भी किया जाता है। इस संदर्भ में किसी नियोजक द्वारा अपने नियोजितों की सुविधा एवं कल्याण के लिए अत्यधिक रुचि लेना और श्रम-कल्याण सेवाओं को उपलब्ध कराना औद्योगिक पैतृकवाद (Industrial paternalism) कहलाता है। इसका उद्देश्य अनुकूल श्रम-प्रबन्ध सम्बन्ध कायम करना है।

Path breaking contribution युग प्रवर्तक योगदान
Pattern maker नमूनाकार, नमूनासाज
Pattern of crops फसलों का ढांचा
Pattern of demand मांग का स्वरूप
Pattern of distribution वितरण का ढांचा
Pattern of exports निर्यात का ढांचा/स्वरूप
Pattern of final demand अन्तिम मांग का स्वरूप
Pattern of financing वित्त-व्यवस्था का ढांचा
Pattern of imports आयात का ढांचा
Pattern of industrialisation औद्योगीकरण का ढांचा/स्वरूप
Pattern of investment विनियोग का ढांचा/स्वरूप
Pattern of land tenure भू-धारण का ढांचा
Pattern of occupation व्यवसाय का ढांचा/स्वरूप
Pattern of production उत्पादन का ढांचा
Pattern of taxation कराधान का ढांचा
Patrilineal पितृ वंशीय
Paucity of finance वित्त अभाव, वित्त की कमी
Pauperism कंगाली, कंगालापन, दरिद्रता
Pauperisation of the masses जनता का दरिद्रीकरण
Pawn broker गिरवी दलाल
Pay वेतन
Pay, back पिछला वेतन
Pay, call हाजिरी वेतन
Pay, call in विशेष कार्य वेतन
Pay, fair day's उचित दैनिक वेतन
Pay, fall back उपस्थिति वेतन, हाजिरी वेतन
Pay, hold-back रोका हुआ वेतन, अंश वेतन रोक
Pay, lay-off जबरी छुट्टी वेतन
Pay, Premium बढ़ोती वेतन
Pay, retroactive पिछला वेतन
Pay, scale of वेतन मान
Pay, strike हड़ताल-वेतन
Pay and allowances वेतन और भत्ता
Pay Commission वेतन आयोग
Pay fixation वेतन निर्धारण
'Pay on demand' 'मांगने पर अदा करें'
Pay order अदायगी आदेश
Pay roll tax चिट्ठा कर
Pa able देय
Payee आदाता, पाने वाला
Payer दाता
Paying capacity देय सामर्थ्य, अदायगी क्षमता
Paying banker अदाकर्ता बैंकर
Payment अदायगी, शोधन, भुगतान
Payment, balance of भुगतान-शेष
Payment, compensating प्रतिपूरक भुगतान
Payment, deferred विलम्बित अदायगी
Payment, inward आवक भुगतान
Payment, lumpsum एकमुश्त भुगतान
Payment, non-tax कर-भिन्न अदायगी, गैर-कर अदायगी
Payment, outward जावक भुगतान
Payment, provisional अनन्तिम अदायगी, अस्थायी भुगतान
Payment, preferential अधिमानी भुगतान, तरजीही भुगतान
Payment, transfer अंतरण अदायगी
Payment agreement भुगतान समझौता
Payment by results कार्यानुसार भुगतान, कार्यानुसार मजदूरी देना
Payment deficit भुगतान-घाटा
Payment in due course यथासमय अदायगी
Payment in kind वस्तु शोधन, जिंस में अदायगी
Payment for inconveniences असुविधा के लिए भुगतान
Payment of wages मजदूरी-अदायगी

Payment of wages act मजदूरी भदायगी अधिनियम

Payoff Period (Payout Period)—पूर्णशोधन काल, पूर्ण वसूली काल—इसका अर्थ उस अवधि से है जिसके दौरान किसी पूँजी-विनियोग में लगायी गयी राशि किसी फर्म को पूर्णतया लौट सकती है। उदाहरणार्थ, किसी नयी मशीन पर 1,00,000 रु० का पूँजी-विनियोग हो, तो इससे वार्षिक भाय 20,000 रु० बढ़ सकती है और 5 वर्षों में यह विनियोग-राशि फर्म को पूर्णतया लौट भाएगी भर्थात् इस विनियोग का पूर्णशोधन काल 5 वर्ष हुआ।

Peace economy शान्तिकालीन अर्थव्यवस्था

Peace-time goods शान्तिकालीन वस्तुएँ

Peaceful picketing शान्तिपूर्ण धरना

Peak demand अधिकतम माँग

Peak level चरम स्तर

Peak-point of trade cycle व्यापार-चक्र का ऊर्ध्व बिन्दु

Peak production चरमोत्पादन

Peasant किसान, कृषक

Peasant, affluent सम्पन्न किसान

Peasant, poor गरीब किसान

Peasant, rich धनी किसान

Peasant economy कृषक अर्थव्यवस्था

Peasant farming किसान-खेती, खेतिहर कृषि

Peasant proprietor किसान स्वामी, कृषक-स्वामी

Peasant proprietorship कृषक भू-स्वामित्व

Peasantry किसान वर्ग, कृषक वर्ग

Pecuniary aid आर्थिक सहायता, मौद्रिक सहायता

Pecuniary gain आर्थिक लाभ, मौद्रिक सहायता

Pecuniary interest आर्थिक हित, आर्थिक स्वार्थ

Pecuniary liability मौद्रिक दायित्व, आर्थिक दायित्व

Pecuniary transactions मौद्रिक सौदे, अर्थ-व्यवहार, आर्थिक सौदे

Pedlar फेरी वाला, पैकार

Pegged price कीलित कीमत

Pegging अधिकीलन, विनिमय दर अधिकीलन—जब किसी मुद्रा की विनिमय-दर को स्थिर रखने या किसी निश्चित स्तर के निकट सीमाओं के बीच रखने का प्रयास किया जाता है, तो इसे विनिमय दर अधिकीलन कहते हैं। इस उद्देश्य के लिए विदेशी मुद्रा का क्रय या विक्रय किया जा सकता है। इस पद का प्रयोग प्रायः मौद्रिक प्राधिकार द्वारा विदेशी मुद्रा बाजार में हस्तक्षेप के लिए किया जाता है।

Pegging down of exchange rate विनिमय दर को नीचे टांकना

Pegging of exchange विनिमय-दर अधिकीलन

Pegging up of exchange rate विनिमय-दर को ऊपर टाकना/टांकना

Peg point आधार बिन्दु, कील बिन्दु

Penal rate of interest ब्याज की दण्डात्मक दर

Pension पेंशन, निवृत्तिका, निवृत्ति वेतन

Pension, old age बुढ़ापा-पेंशन, वृद्धावस्था-पेंशन

Pension plan पेंशन योजना

Pent-up demand अवरुद्ध माँग

People's bank जनता बैंक

People's Capitalism जन पूँजीवाद—एम० नेडलर (Marcuso Nadler) ने अपनी पुस्तक 'People's Capitalism' में इस पद का प्रयोग पूँजीवाद के उस प्रकार को व्यक्त करने के लिए किया है जिसमें उद्योग का स्वामित्व जनसंख्या के बहुत बड़े भाग के आधिपत्य में होता है। स्वामित्व में मध्यम तथा निम्न-आय वर्ग भी शामिल होते हैं। वास्तव में इस पद का उद्देश्य मध्य बीसवीं शताब्दी की संयुक्त राज्य अमेरिका की अर्थव्यवस्था की तुलना उन्नीसवीं शताब्दी में अर्थव्यवस्था के रूप से करना है। इस धारणा के प्रतिपादकों का कहना है कि जब कि उन्नीसवीं शताब्दी में बहुत से बड़े-बड़े व्यापारों अथवा फर्मों पर कुछ समृद्ध व्यक्तियों का आधिपत्य था, बीसवीं शताब्दी में हिस्सा स्वामित्व का फैलाव बड़े पैमाने पर हुआ है। समाजवादी अर्थशास्त्रियों का मत है कि जन पूँजीवाद की धारणा एक ढकोसला है क्योंकि इसमें पूँजीवादी अर्थव्यवस्था को समाजवादी रूप देने का निहित प्रयास है। अतः यह धारणा

भ्रामक है। वास्तव में आज भी अमेरिकी अर्थ-व्यवस्था पर कुछ समृद्ध परिवारों का आधिपत्य बना हुआ है।

People's Plan जनता योजना—स्वतन्त्रता पूर्वकाल में श्री एम० एन० राय द्वारा भारत के विकास के लिए यह योजना तैयार की गयी। इस योजना की प्रेरणा रूस में आयोजन का प्रयोग था। योजना में भूमि के राष्ट्रीयकरण का सुझाव दिया गया ताकि सामूहिक खेती की योजना लागू की जा सके। कृषि उत्पादिता को बढ़ाने के लिए योजना में कृषि के यन्त्रीकरण पर बल दिया गया। उद्योग के क्षेत्र में, सोवियत नीति के विरुद्ध जनता योजना में उपभोग-वस्तु उद्योगों को प्राथमिकता दी गई क्योंकि केवल इन्हीं के विकास द्वारा जनता के लिए ऊँचा जीवन-स्तर प्राप्त हो सकता है। मूल उद्योगों का विकास अर्थात् संचालन-शक्ति, खनिज, मशीनरी, भारी रसायन आदि को उपभोग-वस्तु उद्योगों की आवश्यकता के अनुसेवी होना चाहिए। किन्तु, कुंजी उद्योगों को सरकारी स्वामित्व और प्रबन्ध के अधीन चलाना चाहिए। योजना में जीवन-स्तर को दस वर्षों में दुगुना करने की व्यवस्था की गई।

Per annum प्रति वर्ष, वार्षिक, सालाना

Per capita प्रति व्यक्ति

Per capita consumption प्रति व्यक्ति उपभोग

Per capita consumption expenditure प्रति व्यक्ति उपभोग-व्यय

Per capita cultivable land प्रति व्यक्ति कृषि-योग्य भूमि

Per capita income प्रति व्यक्ति आय

Per capita money income प्रति व्यक्ति मौद्रिक आय

Per capita off-take प्रति व्यक्ति उठाव, प्रति-व्यक्ति खरीद/क्रय

Per capita output प्रति व्यक्ति उत्पाद

Per capita physical productivity प्रति व्यक्ति भौतिक उत्पादिता

Per capita productivity प्रति व्यक्ति उत्पादिता

Per capita real income प्रति व्यक्ति वास्तविक आय

Per contra अन्य-पार्श्व, दूसरे पार्श्व में—किसी तुलनपत्र में स्वय बराबर हो जाने वाली मद।

Perennial canals बारहमासी नहरें

Perennial industry बारहमासी उद्योग

Perennial under-employment निरन्तर अल्प-रोजगार

Perfect collusion पूर्ण गठबंधन

Perfect competition पूर्ण प्रतियोगिता

Perfect complementarity पूर्ण पूरकता

Perfect elasticity पूर्ण लोच

Perfect equilibrium पूर्ण सन्तुलन

Perfect knowledge पूर्ण जानकारी

Perfectly elastic पूर्णतया लोचपूर्ण

Perfectly immobile पूर्णतः गतिरहित, पूर्णतः गतिहीन

Perfectly income elastic पूर्णतया आय लोच

Perfectly income inelastic पूर्णतया आय लोचहीन

Perfectly mobile पूर्णत. गतिशील, पूर्णतया गतिशील

Perfect market पूर्ण बाजार

Perfect mobility पूर्ण गतिशीलता

Perfect substitutes पूर्ण स्थानापन्न वस्तुएँ

Perfect substitution पूर्ण प्रतिस्थानापन्न/प्रतिस्थापन

Performance Budget निष्पादन बजट—सरकारी बजट तैयार करने की वह विधि जिसमें बजट में प्रवेश होने वाली प्रत्येक मद किसी विशेष कृत्य या आर्थिक क्रिया को व्यक्त करती है जिसे कि राशि प्राप्त होते ही आरम्भ किया जाएगा। निष्पादन बजट का विशेष गुण यह है कि इसके द्वारा व्यय पर नियंत्रण प्राप्त करने का प्रयास किया जाता है ताकि विनियोग-व्यय या अन्य व्यय निर्देशित कार्यों में ही हो सकें। इसमें विभिन्न सरकारी विभागों को सामान्य रूप में एक-मुश्त राशि *वण्टित कर दी जाती है*, किन्तु विभाग को इसे विशिष्ट परियोजनाओं में बाँटने के

लिए कहा जाता है। इसका उद्देश्य बदलती हुई परिस्थितियों में पुरानी परियोजनाओं को मनचाहे ढंग से बदलने से रोकना है। हूवर आयोग (Hoover Commission) ने निष्पादन बजट चालू करने की सिफारिश की थी। अब यह पद्धति विभिन्न देशों में स्वीकार की जा रही है।

Performance report निष्पादन रिपोर्ट

Peril Point आपदा बिन्दु—बिना देशी उत्पादकों के हितों को नुकसान पहुँचाए किसी वस्तु-विशेष पर लगाए गए आयात-शुल्क में अधिकतम कटौती करना। इसके लिए सरकारी प्राधिकारियों को टैरिफ-कटौती के बारे में एक रिपोर्ट तैयार करनी पड़ती है जिसमें आपदा-बिन्दु निर्धारण का औचित्य बताया जाता है। यदि सरकार इसे स्वीकार कर ले, तो वह आयात-शुल्क उस सीमा तक घटा देती है। आपदा-बिन्दु सम्बन्धी धारा को टैरिफ-विधान में समाविष्ट करना संरक्षणवादी हितों की विजय का प्रतीक है जो अधिक उदारवादी नीति के विरुद्ध थे।

Period analysis काल विश्लेषण

Periodical audit आवधिक लेखा-परीक्षा

Periodic depressions सामयिक मंदियाँ

Periodic evaluations नियतकालिक मूल्यांकन

Periodicity नियतकालिकता, आवर्तिता

Periodicity of crisis संकट आवर्तिता

Period multiplier अवधि गुणक

Period of contraction संकुचन काल

Period of disablement अशक्तता अवधि

Period of gestation गर्भावधि, परिपाक अवधि

Period of grace अनुग्रहावधि

Period of production उत्पादन अवधि

Period of time समय अवधि

Period of waiting प्रतीक्षा काल

Perishable goods नश्वर वस्तुएँ, नाशवान वस्तुएँ

Permanent assets स्थायी परिसम्पत्ति

Permanent consumption स्थायी उपभोग

Permanent debt स्थायी ऋण

Permanent income स्थायी आय

Permanent monopoly revenue स्थायी एकाधिकारात्मक आगम

Permanent partial disability स्थायी आंशिक अशक्तता

Permanent saving स्थायी बचत

Permanent settlement स्थायी बन्दोबस्त

Permanent shift of terms of trade व्यापार शर्तों का स्थायी परिवर्तन, व्यापारार्थ में स्थायी परिवर्तन

Permanent total disability स्थायी पूर्ण अशक्तता

Permanent total disability benefit स्थायी पूर्ण अशक्तता लाभ

Permissive factors आज्ञात्मक कारणतत्व

Permissive Society आज्ञात्मक/अनुज्ञापक समाज—परम्पराओं का विरोध सहन करने वाला समाज।

Permit card परमिट कार्ड, अनुज्ञा-पत्र

Permit fee परमिट फीस, अनुज्ञा शुल्क

Perpetual bond बेमियादी बांड, अनवरत बांड

Perpetual debenture बेमियादी डिबेंचर, अनवरत ऋणपत्र

Perpetual debt बेमियादी ऋण, अनवरत ऋण

Perpetual series शतत श्रेणी

Per Pro स्थाने—यह लातीनी शब्द 'per procurationem' का संक्षिप्त रूप है। इसका अर्थ है 'के लिए' या 'किसी के स्थान पर'। जब कोई व्यक्ति किसी दूसरे के स्थान पर किसी पत्र पर हस्ताक्षर करता है, तो इसे 'स्थाने' क्रिया कहते हैं। यह दूसरे व्यक्ति से प्राप्त अधिकार के आधार पर किया जा सकता है।

Perquisites लवाजमात, अतिरिक्त आय या सुविधाएँ, परिलब्धि—इस शब्द का प्रयोग दो अर्थों में किया जाता है: 1. वह सम्पत्ति जो उत्तराधिकार की अपेक्षा किसी अन्य तरीके से प्राप्त की गयी हो। 2. आम तौर पर इसका प्रयोग मजदूरी या वेतन के अतिरिक्त प्राप्त होने वाले अन्य लाभों एवं सुविधाओं से है, जैसे उपहार, मुफ्त मकान, बोनस आदि।

Personal account वैयक्तिक लेखा

Personal consumption expenditure वैयक्तिक उपभोग-व्यय
Personal credit वैयक्तिक छूट, वैयक्तिक साख
Personal cultivation स्वय काश्त, खुद काश्त
Personal distribution वैयक्तिक वितरण
Personal distribution of income आय का वैयक्तिक वितरण
Personal element व्यक्तिगत तत्त्व, वैयक्तिक अंश
Personal enrichment व्यक्ति विशेष का धनी बनना
Personal goods वैयक्तिक वस्तुएँ
Personal income वैयक्तिक आय
Personal income tax वैयक्तिक आय कर
Personal initiative व्यक्तिगत पहल
Personal management व्यक्तिगत प्रबंध
Personal net wealth tax वैयक्तिक शुद्ध सम्पत्ति कर
Personal prejudices वैयक्तिक पक्षपात, वैयक्तिक पक्षग्रहण
Personal security वैयक्तिक प्रतिभूति, निजी जमानत
Personal supervision निजी देखभाल/निरीक्षण
Personal tax वैयक्तिक कर, व्यक्ति कर
Personnel audit कार्मिक नीति समीक्षा
Personnel management कार्मिक-सम्पर्क/प्रबंध
Personnel manager सेविवर्ग प्रबन्धक
Personnel services कार्मिक सुविधाएँ
Personnel unemployment कार्मिक बेरोजगारी
Perspective Planning दूरदर्शी योजना—दीर्घकालीन तत्त्वों व परिवर्तनों को समाविष्ट करती हुई योजना
Perspective Planning Division दूरदर्शी योजना संभाग
Phenomenon प्रतिभास, घटना-चक्र
Per unit प्रति इकाई
Physical apparatus भौतिक साज-सज्जा
Physical assets भौतिक परिसम्पत्
Physical commodity भौतिक वस्तु
Physical controls भौतिक नियन्त्रण
Physical distribution भौतिक वितरण, पदार्थीय वितरण
Physical exchange भौतिक विनिमय, पदार्थीय विनिमय
Physical input भौतिक आदान/आगत
Physical labour शारीरिक श्रम
Physical needs भौतिक आवश्यकताएँ
Physical output भौतिक प्रदान/उत्पादन/निर्गत
Physical planning भौतिक आयोजन
Physical product भौतिक उत्पाद
Physical productivty भौतिक उत्पादिता
Physical productivity of labour श्रम की भौतिक उत्पादिता
Physical stock भौतिक स्टॉक, वास्तविक स्टॉक
Physiocracy प्रकृतिवादी अर्थशास्त्र, निर्बाधावादी अर्थशास्त्र, भू-अर्थशास्त्र, कृष्यर्थशास्त्र
Physiocrat फिजियोक्रेट, निर्बाधावादी, प्रकृतिवादी, भू-अर्थशास्त्री, कृष्यर्थशास्त्री—इस सम्प्रदाय मे 18वी शताब्दी के बहुत से फ्रांसीसी राजनीतिज्ञ और दार्शनिक शामिल थे जिन्होने सामाजिक और आर्थिक घटनाओं का पहली बार एक क्रमबद्ध रूप में विश्लेषण करके अर्थशास्त्र को एक विज्ञान के रूप मे विकसित करने का प्रयास किया। आर्थिक क्रियाओं को प्रशासित करने वाले 'प्राकृतिक नियमो' अर्थात् मुद्रा का स्वरूप और निर्बाध व्यापार (Free Trade) के बारे मे इनके विचार आज भी सही माने जाते है, परन्तु इनके द्वारा धन के स्वरूप एवं वितरण संबंधी विचार ठीक नही माने जाते। उनके अनुसार भूमि ही धन का एक मात्र स्रोत है और कृषि एक मात्र धन उत्पन्न करने वाला व्यवसाय। कृषि ही "वास्तविक उत्पाद" (Produit Net) के रूप में अतिरेक पैदा करती है और इसलिए कराधान का यही एक स्रोत है। सभी विनिर्माता 'अनुत्पादक-वर्ग' मे गिने जाने चाहिए क्योंकि वे धन उत्पन्न नही करते बल्कि उसका रूप-परिवर्तन करते हैं। अत: वे यह बात स्पष्ट रूप से अनुभव न कर सके कि उत्पादन का अर्थ नयी जड़-वस्तु (matter) का निर्माण नही होता, अपितु उपलब्ध जड़-वस्तु को उपयोगिता प्रदान

करना होता है।

Picket धरना, धरना देने वाला

Picketing, cross धरना दर धरना, प्रति धरना

Picketing, dry run थोथा धरना

Picketing, mass व्यापक धरना, सामूहिक धरना

Picketing, peaceful शांतिपूर्ण धरना

Picketing, secondary समर्थक धरना, अनुषंगी धरना

Picketing, stranger अकर्मचारी धरना

Piecemeal planning खंडशः आयोजन

Piece rate wage उजरत, यथाकार्य मजदूरी दर

Piece wage यथाकार्य मजदूरी

Piece work उजरती काम

Pigou Effect Theory पीगू प्रभाव सिद्धान्त—इस सिद्धान्त के अनुसार सामान्य कीमत स्तर में कमी के फलस्वरूप वस्तुओं तथा सेवाओं पर व्यय को प्रोत्साहन मिलता है। इस सिद्धान्त का आधार यह है कि लोग अपनी आय का एक भाग मुद्रा-अधिशेष (Money Balances) के रूप में रखते हैं और शेष वस्तुओं तथा सेवाओं पर खर्च करते हैं, अतः मुद्रा-अधिशेष तथा वस्तुओं तथा सेवाओं पर व्यय में एक सम्बन्ध स्थापित हो जाता है। कीमत स्तर में कमी के कारण मुद्रा-अधिशेष का मूल्य बढ़ जाता है क्योंकि अब इससे अपेक्षाकृत अधिक मात्रा में वस्तुएँ तथा सेवाएँ खरीदी जा सकती है। इस कारण लोग ये सोचने लगते हैं कि उनके पास मुद्रा-अधिशेष या तरल-परिसम्पत् की अपेक्षाकृत अतिरिक्त मात्रा हो गयी है। अतः वे इस अधिक मात्रा का कुछ भाग वस्तुओं तथा सेवाओं पर व्यय कर देते हैं। ध्यान देने योग्य बात यह है कि पीगू प्रभाव वस्तुओं तथा सेवाओं पर अधिक व्यय के माध्यम से व्यक्त होता है, परन्तु इसके विरुद्ध केन्ज प्रभाव (Keynes Effect) बांड बाजार के माध्यम के द्वारा कार्य करता है।

Pig philosophy शूकर-दर्शन—निकृष्ट तत्वों की ओर आकर्षित होने वाली प्रवृत्ति या दर्शन

Pilferage छोटी-मोटी चोरी, छुटपुट चोरी, उठाई-गीरी

Pilgrim tax तीर्थयात्री कर

Pilot census मार्गदर्शी गणना

Pilot experiment मार्गदर्शी प्रयोग

Pilot production मार्गदर्शी उत्पादन

Pilot project मार्गदर्शी परियोजना

Pin money जेब खर्च, स्त्री का जेब खर्च, भत्ता

Pioneer farmer अग्रगामी कृषक

Pioneering अग्रगमन

Place, market बाजार, हाट, मंडी

Placement काम देना, नौकरी दिलाना

Place of assessment कर-निर्धारण स्थान

Place of business व्यवसाय स्थान

Place utility स्थानमूलक उपयोगिता

Placing नौकरी दिलाना, प्रतिभूतियाँ जारी करना

Plain bond सादा बॉंड, सादा बन्ध-पत्र

Plan योजना

Plan, appraisal of योजना की समीक्षा

Plan, classification वर्गीकरण योजना

Plan, economic आर्थिक योजना

Plan, five-year पंच-वर्षीय योजना

Plan, Gandhian गांधीवादी योजना

Plan, mid-trem appraisal of योजना की मध्यावधि/मध्यकालीन समीक्षा

Plan, strategy of योजना की विधि

Plan outlay योजना परिव्यय, योजना-व्यय

Plan priorities योजना की प्राथमिकताएँ

Planned development आयोजित विकास

Planned economy आयोजित अर्थव्यवस्था, योजनाबद्ध अर्थव्यवस्था

Planned investment आयोजित विनियोग

Planned location of industry उद्योग का आयोजित स्थिति निश्चयन

Planned obsolescence आयोजित अप्रचलनोन्मुखता—प्रत्येक वर्ष फैशन या डिजाइन में परिवर्तन के कारण उपभोक्ताओं को, इससे पहले कि पुरानी वस्तुएँ प्रयोगहीन हो गयी हों, नयी-नयी वस्तुओं को खरीदने के लिए उत्तेजित किया जाता है। समृद्ध देशों में इस प्रकार के व्यवहार के अनेक उदाहरण हैं। उदाहरण के लिए 1972 माडल

की कार को 1970 माडल की कार से बदलना, चाहे 1970 माडल की कार अभी कितने ही वर्ष और चल सकती हो। अविकसित देशों में भी समृद्ध वर्ग के लोग कपडो, फरनीचर तथा अन्य अनेक प्रकार की वस्तुओं में पुराने डिजाइन की वस्तुओं को नए डिजाइन की वस्तुओं से बदलते रहते हैं। जब फर्में उपभोक्ताओं को पुराने डिजाइनों के घिसने से पूर्व नए डिजाइनों की वस्तुओं को खरीदने के लिए उत्तेजित करती हैं, तो यह व्यवहार आयोजित अप्रचलनोन्मुखता कहलाता है। बहुत से आलोचक इसे प्राकृतिक ससाधनों का व्यर्थ-उपयोग मानते है।

Planned output योजनाबद्ध निर्गत/उत्पादन

Planned parenthood आयोजित पितृत्व

Planned saving आयोजित बचत

Planned society योजनाबद्ध समाज

Planner आयोजक

Planning आयोजन

Planning, aims and objects of आयोजन के लक्ष्य और उद्देश्य

Planning, central केन्द्रीय आयोजन

Planning, centralised system of आयोजन की केन्द्रीकृत पद्धति

Planning, comprehensive व्यापक आयोजन

Planning, co-operative सहकारी आयोजन

Planning, developmental विकासमूलक आयोजन

Planning, economic आर्थिक आयोजन

Planning, family परिवार नियोजन

Planning, financial वित्तीय आयोजन

Planning, officialised शासकीयकृत आयोजन

Planning, physical भौतिक आयोजन

Planning, piecemeal खडशः आयोजन

Planning, rural ग्राम आयोजन

Planning, state सरकारी आयोजन

Planning, town शहर आयोजन

Planning, urban शहरी आयोजन

Planning, utopian अव्यवहार्य आयोजन

Planning authority आयोजन अधिकार/प्रधिकार

Planning by direction निर्देश द्वारा आयोजन

Planning by inducement प्रोत्साहन द्वारा आयोजन

Planning Commission योजना आयोग

Planning machinery योजना तंत्र, आयोजन मशीनरी

Planning mechanism आयोजन क्रियाविधि/प्रक्रिया

Planning of public works सार्वजनिक निर्माण कार्यों का आयोजन

Planning statistical enquiry सांख्यिकी अनुसधान की योजना बनाना

Plantation रोपण

Plantation, economic आर्थिक रोपण

Plantation crop रोपी फसलें, बागान फसलें

Plantation industry बागान उद्योग

Plantation labour रोपण-श्रमिक, बागानी श्रम

Plant capacity संयंत्र-क्षमता

Plant manager संयंत्र-प्रबन्धक

Plant turnover ratio संयंत्र-विक्रय अनुपात

Plant union कारखाना सघ

Play of market बाजार का खेल, बाजार क्रीड़ा

Pleasure economy सुखद अर्थव्यवस्था

Pledging बन्धक

Pledging of child labour बाल-श्रम-अनुबंधन

Pledging of Child Labour Act बाल श्रमानुबंधन अधिनियम

Plentiful factors प्रचुर साधन

Ploughing back of profits लाभ का पुर्नविनियोजन

Plugging the leakage रिसाव बन्द करना, रिसाव रोधन

Plural taxation अनेक कर, बहुल कर

Plutocracy धनिकतंत्र

Point elasticity बिन्दु लोच

Point of ideal proportions आदर्श अनुपात बिन्दु

Point of indifference समभाव बिन्दु, अनधिमान बिन्दु

Point of inflation स्फीति बिन्दु

Point of inflection मोड़ बिन्दु

Point of purchase क्रयस्थान
Point of purchase advertising क्रय-स्थल विज्ञापन
Point of sale advertising विक्रय स्थल विज्ञापन
Point of tangency स्पर्श बिन्दु
Point of time समय विशेष
Point system अंक पद्धति
Point-to-point adjustment बिन्दुवार समायोजन
Point value अंक मूल्य
Pointer for scale पैमाना निर्देशक
Police state पुलिस राज्य
Policy, budgetary बजटीय नीति
Policy, economic आर्थिक नीति
Policy, financial वित्तीय नीति
Policy, fiscal राजकोषीय नीति
Policy, industrial औद्योगिक नीति
Policy, monetary मौद्रिक नीति
Policy, price कीमत नीति
Policy, tariff प्रशुल्क नीति, टैरिफ नीति
Policy, tax कर नीति
Policy conclusions नीति-निष्कर्ष
Policy of commercial agriculture वाणिज्यिक कृषि की नीति
Policy of planned public works expenditure नियोजित सार्वजनिक निर्माण व्यय नीति
Policy of profits लाभ नीति
Policy of prohibition मद्य निषेध नीति
Policy pricing नीति अनुसार कीमत निश्चयन— ऐसी कीमत नीति जो आर्थिकेतर धारणाओं से प्रभावित हो, परन्तु इस कीमत निश्चयन में सरकार की स्वीकृति प्राप्त होती है। जैसे, सरकारी उद्यमों की कीमत-नीति, विशेषकर जनोपयोगी सेवाओं के संबंध में।
Political and social structure राजनीतिक एवं सामाजिक संरचना
Political economy राज्यार्थशास्त्र
Political economy of taxation कराधान की राज्यार्थव्यवस्था
Political economy of war युद्ध की राज्यार्थव्यवस्था
Poll tax मैथीन, व्यक्ति कर, प्रति व्यक्ति कर, प्रति-मुण्ड-कर
Polymetallism बहु धातुमान
Polyopsony बहुक्रेताधिकार
Polypoly बहु विक्रेताधिकार
Pool व्यावसायिक संघ, विक्रय-संघ, संनिधि, पुंज, पूल, विदेशी मुद्रा संग्रह
Pooled estimate संग्रहीत अनुमान
Pooling of produce उत्पादन का एकत्रीकरण
Pool of economists अर्थशास्त्रियों का संघ
Pool price पूल कीमत, समुच्चय कीमत
Pool sales समुच्चय विक्रय
Pool system व्यावसायिक संघ प्रणाली, पूल प्रणाली
Poor economic organisation निर्बल आर्थिक संगठन
Poor economy निर्धन अर्थव्यवस्था
Poor laws निर्धन कल्याण कानून
Poorly developed country अल्पविकसित देश, बहुत कम विकसित देश
Poor natural resources हीन प्राकृतिक संसाधन
Poor technique अवनत तकनीक
Popular representation लोकप्रिय प्रतिनिधित्व
Population जनसंख्या
Population, active सक्रिय जनसंख्या
Population, critical क्रांतिक जनसंख्या
Population, emigrant उत्प्रवासी जनसंख्या
Population, floating यायावर जनसंख्या, अस्थायी जनसंख्या
Population, growth of जनसंख्या की वृद्धि
Population, homeless बेघर जनसंख्या
Population, immigrant आप्रवासी जनसंख्या
Population, inborn अन्तर्जात जनसंख्या
Populaion, non-working अकार्यकारी जनसंख्या
Population, normal सामान्य जनसंख्या
Population, optimum अनुकूलतम/सर्वोत्तम जनसंख्या

Population, over जनाधिक्य, अधिक आबादी
Population, progressive वर्धमान जनसंख्या
Population, retrogressive ह्रासमान जनसंख्या
Population, rural ग्रामीण जनसंख्या
Population, stationary स्थैतिक जनसंख्या
Population, under अल्प-जनसंख्या
Population, urban नगरीय जनसंख्या, शहरी जनसंख्या
Population, working कार्यकारी जनसंख्या, क्रियाशील जनसंख्या
Population census जनगणना
Population Commission जनसंख्या आयोग
Population control जनसंख्या नियन्त्रण
Population density जनघनत्व, आबादी की सघनता
Population equivalent जनसंख्या-समाई
Population exodus जनसंख्या बहिर्गमन
Population explosion जनसंख्या विस्फोट—इस पद का प्रयोग जनसंख्या की तीव्र वृद्धि के उस काल से लिया जाता है जिसमे मृत्यु-दर तेजी से कम हो जाए किन्तु जन्म-दर कम न हुई हो, या अपेक्षाकृत बहुत थोडी कम हुई हो। जनसंख्या विशेषज्ञ इसे जनांकिकीय की दूसरी अवस्था कहते हैं। जनसंख्या विस्फोट की स्थिति का कारण यह है कि मृत्यु-दर को कम करने के उपाय बाह्यजात होने के कारण शीघ्र लागू किये जा सकते हैं परन्तु जन्मदर को कम करने के उपाय अन्तर्जात होने के कारण अपना असर काफी देर से व्यक्त करते है। अत इस बीच जन्मदर और मृत्युदर का अन्तर बढ जाता है। जनसंख्या वृद्धि की इस अवस्था को 'जनसंख्या विस्फोट' कहते है।
Population growth जनसंख्या मे वृद्धि
Population-optimum अनुकूलतम/सर्वोत्तम जनसंख्या
Population policy जनसंख्या नीति
Population problem जनसंख्या की समस्या
Population projection जनसंख्या पूर्वानुमान
Population pyramid जनसंख्या स्तूप, जनसंख्या पिरामिड
Populism जनवाद, जनसम्पत्ति का सिद्धान्त—किसानों के रहन-सहन की दशाओ को उन्नत करने के लिए चलाया गया एक समाजवादी आंदोलन। इसको एलेक्सेन्डर हरजन (Aleksander Harzen) और निकोलाई शर्नीशेवस्की (Nikolai Chernyshevski) ने मध्य-उन्नीसवी शताब्दी मे चालू किया। इस प्रोग्राम के अनुसार किसानों को अधिक भूमि और स्वतन्त्रता मिलनी चाहिए और इसमे किसानो मे भूमि के समान वितरण पर बल दिया गया। जनवादियो द्वारा मार्क्स के इस विचार को अस्वीकृत किया गया कि समाजवादी समाज की स्थापना से पूर्व पूंजीवाद का विकास अनिवार्य है। उनका विश्वास था कि किसान-पचायतो (Peasant Communes) से कृषि-प्रधान रूस मे पूंजीवाद अनावश्यक हो सकता है। बोल्शेविक पार्टी के विकास के पश्चात् जनवादी आन्दोलन मे जनता का विश्वास कम हो गया।
Portability वहनीयता
Port development बन्दरगाह विकास
Porterage कुली की मजदूरी
Portfolio प्रतिभूति सूची, पत्र सूची—किसी विनियोक्ता के पास प्रतिभूतियों की सूची या किसी बैंक अथवा वित्तीय-गृह के पास वाणिज्य-पत्र की सूची, एक अच्छे पोर्टफोलियो मे विनियोग की भारी विविधता होनी चाहिए।
Portfolio investment पोर्टफोलियो विनियोग, प्रतिभूति विनियोग
Positive aspect धनात्मक पहलू
Positive changes सकारात्मक परिवर्तन
Positive checks नैसर्गिक रोकें/निरोध, प्राकृतिक अवरोध
Positive correlation धनात्मक सह-सम्बन्ध
Positive economics वास्तविक अर्थशास्त्र, तात्विक अर्थशास्त्र
Positive incentives सकारात्मक प्रोत्साहन
Positive income effect सकारात्मक आय प्रभाव
Positive laws of economics अर्थशास्त्र के यथार्थमूलक नियम
Positively sloping supply curve धनात्मक/सकारात्मक ढलान वाला पूर्ति वक्र

Positive population policy सकारात्मक जन-संख्या नीति
Positive science वास्तविक विज्ञान
Positive slope धनात्मक ढाल
Positive substitution effect सकारात्मक स्थानापत्ति प्रभाव
Positive utility धनात्मक उपयोगिता
Positivism वास्तविकता, व्यवहारवाद, वस्तु-निष्ठवाद, प्रत्यक्षवाद—इस सिद्धान्त के अनुसार सभी ज्ञान प्रेक्षणीय तथ्यों से सम्बन्धित है। परिणामतः सभी घटनाओं के स्वरूप को जानने के लिए उनके प्रादुर्भाव, ऐतिहासिक विकास सम्बन्धी तथ्यों के बारे में जानकारी प्राप्त करनी आवश्यक है। इस सिद्धान्त को सबसे पहले फ्रांसीसी दार्शनिक कामटे (Comte) ने प्रतिपादित किया। उसका उद्देश्य ऐतिहासिक घटनाओं का प्रेक्षण कर प्राकृतिक विज्ञानों की भांति समाज की 'गति के नियम' (Laws of Motion) प्रतिपादित करना था। इस विचारधारा के मूल में यह बात है कि सामाजिक परिवर्तन के भावी मार्ग की पूर्वघोषणा की जा सकती है। प्रोफेसर कार्ल पोपर (Karl Popper) ने हाल ही के वर्षों में अपनी कृतियों में इसकी बहुत आलोचना की है।
Positivist वास्तविकतावादी, व्यवहारवादी, वस्तु-निष्ठवादी
Possession utility धारण उपयोगिता
Possible unjustifiable distortion संभावित अन्यायपूर्ण बिगाड़
Postal life insurance डाक जीवन बीमा
Postal saving certificate डाकघर बचत-पत्र
Post-classical economists उत्तर-संस्थापित अर्थशास्त्री
Post-dated cheque उत्तर-तिथीय चैक
Post-employment questionnaire नियुक्ति पश्चात् प्रश्नमाला
Post-facto sanction कार्योत्तर स्वीकृति
Post-natal जन्मोत्तर
Post-office saving bank डाकघर बचत बैंक
Postponed consumption स्थगित उपभोग
Post-shipment credit guarantee लदानोत्तर साख गारन्टी
Post-tax incomes करोत्तर आय
Postulates of economics अर्थशास्त्र के आधार सिद्धान्त
Potential buyers संभाव्य खरीदार
Potential competition संभाव्य प्रतियोगिता
Potential competitor संभावित प्रतियोगी
Potential demand संभाव्य मांग
Potential economic surplus संभावित आर्थिक अतिरेक
Potentiality for development विकास सम्भाव्यता
Potential maximum सम्भावित अधिकतम
Potential price संभाव्य कीमत
Potential productivity संभाव्य उत्पादिता
Potential sales संभाव्य बिक्री
Potential saving संभाव्य बचत
Potential spending power संभाव्य व्यय-शक्ति
Potential supply of labour संभाव्य श्रम-संभरण
Potential surplus सम्भावित अतिरेक/अधिशेष
Potential wealth संभाव्य धन
Poverty निर्धनता, दरिद्रता, गरीबी
Poverty line निर्धनता-स्तर
Poverty-ridden society निर्धनता-ग्रस्त समाज
Power-industry transport संचालन-शक्ति उद्योग परिवहन
Powerloom factory बिजली करघा कारखाना
Power of experimentation प्रयोग करने की शक्ति
Power of initiative पहल करने की शक्ति
Power of procreation प्रजनन-शक्ति
Power to save बचत क्षमता, संचय क्षमता
Precautionary motive पूर्वोपायी उद्देश्य, सुरक्षात्मक उद्देश्य
Preceding unit पूर्वगामी इकाई
Preclusive Buying प्रतिरोधक क्रय—इसका अर्थ वस्तुओं या सेवाओं का केवल इस कारण क्रय करना है कि प्रतियोगी इन्हें इस्तेमाल न कर सकें।

युद्ध काल मे तटस्थ देशो से कुछ देश इसलिए अधिक माल खरीद लेते है कि शत्रु देश इस माल का प्रयोग न कर सकें ।
Pre employment training नियुक्ति-पूर्व प्रशिक्षण, रोज़गार-पूर्व प्रशिक्षण
Pre-extension phases प्राक् विस्तार अवस्था
Pre-fabricated houses पूर्व-निर्मित मकान
Preference approach अधिमान विश्लेषण
Preference bond तरजीही बांड, पूर्वाधिकार बांड
Preference criterion अधिमान मानदण्ड/कसौटी
Preference schedule अधिमान सूची
Preference schemes अधिमानी योजनाएँ, तरजीही योजनाएँ
Preference shares अधिमान हिस्से
Preference shareholders अधिमान हिस्सेदार
Preference system अधिमान पद्धति
Preferential claim अधिमान्य दावा
Preferential duties रियायती शुल्क
Preferential hiring तरजीही नियुक्ति
Preferential payments तरजीही अदायगी
Preferential restriction तरजीही पाबन्दी
Preferential tariff अधिमान्य प्रशुल्क
Preferential tariff treatment अधिमान्य शुल्क-व्यवहार
Preferential trade agreement अधिमानात्मक व्यापार करार
Preferential treatment तरजीही व्यवहार
Pre-industrialised पूर्व-उद्योगीकृत, प्राक् औद्योगीकृत
Pre-Keynesian dissenters केन्ज-पूर्व भिन्न-मतावलम्बी
Preliminary estimates प्रारम्भिक अनुमान
Premature expansion of investment विनियोग का समय-पूर्व विस्तार
Premature obsolescence of equipment साज-सज्जा का समय-पूर्व अप्रचलन
Premium बीमा किस्त, बढ़ौती
Premium annuity किस्त वार्षिकी
Premium for risk जोखिम के लिए बढ़ौती
Premium pay बढ़ौती

Pre-emptive Right पूर्वक्रयाधिकार—किसी विशेष कारण से किसी व्यक्ति, व्यक्ति-समूह या संस्था को किसी वस्तु के क्रय मे प्राथमिकता देना। उदाहरण के लिए, अनाज की मण्डियो मे फसल बोली लगाकर बेची जाती है। भारत मे उचित कीमत की दुकानों पर माल बेचने के लिए सरकार के लिए फसल को खरीदना आवश्यक है। अतः सरकारी प्रतिनिधि मण्डी मे फसल खरीदने के लिए जाता, परन्तु आढतिये नीलामी मे भाव ऊँचे करते जाते। कई राज्यो, विशेषकर पंजाब मे, सरकार ने पूर्वक्रयाधिकार प्राप्त कर लिया। नीलामी समाप्त होने पर सरकार के प्रतिनिधि को यह अधिकार प्राप्त था कि वह अन्तिम बोली पर माल खरीद ले या छोड़ दे। जब आढ़तिये भाव तेज करते जाते, तो सरकारी प्रतिनिधि माल न खरीदने का फैसला करता। ऐसी अवस्था मे आढतिये को अधिक कीमत पर माल खरीदना पड़ता। इस प्रकार पूर्वक्रयाधिकार के कारण फसल की कीमतो को बढ़ने से रोका गया।
Pre-planning पूर्वायोजन
Prescribed procedrue नियत कार्यविधि, निर्धारित क्रियाविधि
Prescriptive economics निर्देशात्मक अर्थशास्त्र
Presence of monopoly एकाधिकार की विद्यमानता
Presentation of bill बिल पेश करना, हुण्डी प्रस्तुत करना
Present goods वर्तमान वस्तुएँ
Presentment पेश करना, प्रस्तुत करना
Presentment for payment अदायगी के लिए प्रस्तुत करना, भुगतान के लिए पेश करना
Present psychological-institutional complex remains constant वर्तमान मनोवैज्ञानिक-संस्थागत विविधता यथावत् रहती है
Present system of inheritance दाय की वर्तमान व्यवस्था
Present value वर्तमान मूल्य
Pre-shipment credit लदान-पूर्व वित्त
Pressure of demand मांग का दबाव
Pressure of population जनसंख्या का दबाव

Pressure on money market मुद्रा बाजार पर दबाव
Prestige goods प्रतिष्ठा वस्तुऐं
Presumed total loss परिकल्पित सम्पूर्ण हानि
Pre-tax कर-पूर्व
Pre-tax income कर-पूर्व आय
Pre-trade cost ratios व्यापार-पूर्व लागत अनुपात
Pre-trade ratio व्यापार-पूर्व अनुपात
Prevalent market rate चालू बाजार भाव
Prevention of soil erosion भू-क्षरण की रोक-थाम
Preventive action निवारक कार्य
Preventive checks प्रतिबंधक रोकें, कृत्रिम अवरोध
Pre-war gold standard युद्ध-पूर्व स्वर्णमान
Pre-war parity युद्ध पूर्व समता-दर
Pre-war price level युद्ध-पूर्व मूल्य-स्तर
Price कीमत, मूल्य
Price, abnormal असामान्य कीमत
Price, actual वास्तविक कीमत
Price, adjusted समजित मूल्य
Price, administered आकलित कीमत, प्रशासित मूल्य
Price, aggregate demand समग्र माँग कीमत
Price, aggregate supply समग्र संभरण कीमत
Price, anticipated प्रत्याशित कीमत
Price, arbitrary मनमानी कीमत
Price, at station स्टेशन पर्यंत कीमत
Price, average औसत कीमत/मूल्य
Price, base आधार कीमत
Price, Blanket सार्विक कीमत—जो कीमत सभी वस्तुओं पर लागू हो
Price, bottom कम से कम/न्यूनतम कीमत
Price, cash नकद कीमत
Price, ceiling अधिकतम कीमत
Price, closing बन्द भाव—वायदा बाजार बन्द होने के समय कीमत
Price(s), cluster of कीमतों का समूह
Price, compensating income variation in आय में हुआ कीमत समकारी परिवर्तन
Price, constant स्थिर कीमत
Price, consumers' उपभोक्ता मूल्य
Price, contract अनुबन्ध कीमत, ठेका कीमत
Price, controlled नियंत्रित कीमत
Price, conversion बदला कीमत
Price, cost लागत कीमत
Price, curb (=Street price) कर्ब भाव/गली भाव
Price, current चालू कीमतें
Price, cyclical आवधिक चक्रीय कीमत
Price, demand माँग कीमत
Price, ex-factory फैक्ट्री निकास कीमत
Price, fair उचित दाम/मूल्य/कीमत
Price, fair selling उचित विक्रय कीमत
Price, farm फार्म कीमत
Price, fixed नियत कीमत
Price, flexible नम्य कीमत
Price, floor न्यूनतम कीमत/कम से कम कीमत
Price, forward वायदा कीमत
Price, franco, free or rend सब खर्च सहित कीमत
Price, general level of कीमत का सामान्य स्तर
Price, knock-down बोली खतम करना (नीलामी में)
Price, list सूची कीमत
Price, long-period दीर्घकालीन कीमत
Price, making up भुगतानी कीमत, निपटारा कीमत
Price(s), manipulation of कीमतों का घटाना-बढ़ाना
Price, marginal सीमान्त कीमत
Price, market बाजार कीमत
Price, maximum अधिकतम मूल्य
Price, minimum न्यूनतम मूल्य
Price, net निवल कीमत
Price, non-flexible लोचहीन कीमत
Price, normal सामान्य कीमत
Price, one एक कीमत
Price, opening खुला भाव, आरम्भिक कीमत

Price, parity मूल्य समता
Price(s), particular विशिष्ट कीमतें
Price(s), piece खड कीमतें
Price, producers' उत्पादक कीमत
Price, purchase क्रय कीमत
Price, re-sale पुनर्विक्रय कीमत
Price, reserve (=Upset price) न्यूनतम कीमत आरक्षित कीमत, न्यूनतम बोली, सरकारी बोली
Price, retail फुटकर कीमत, परचून कीमत
Price, rigid परिदृढ कीमत, दृढ कीमत/मूल्य
Price, sale विक्रय कीमत
Price, shadow अनुमानित कीमत, लेखा कीमत
Price, short-period अल्पकालीन कीमत
Price, spot हाज़िर कीमत
Price, Sticky दृढ़ मूल्य, दृढ कीमत—जो मूल्य उच्चावचन की प्रवृत्ति व्यक्त न करे।
Price, sub-normal उप-सामान्य कीमत
Price, supply संभरण कीमत
Price, wholesale थोक कीमत
Price adjustment मूल्य समंजन
Price allocation कीमत आवटन
Price column कीमत स्तम्भ
Price consumption curve कीमत-उपभोग-वक्र
Price control कीमत नियंत्रण
Price-cutting policy कीमत काट नीति—प्रतियोगिता मे एक दूसरे से कीमत कम करते चले जाने की नीति
Price determination कीमत-निर्धारण
Price difference कीमत-अन्तर
Price differentials कीमत भेदक
Price differentiation कीमत-भेद/भिन्नता
Price discrimination विभेदात्मक कीमत, कीमत विभेद
Price discrimination of first degree प्रथम श्रेणी का कीमत-भेद
Price discrimination of second degree द्वितीय श्रेणी का कीमत भेद
Price discrimination of third degree तृतीय श्रेणी का कीमत-भेद
Price discrimination policy कीमत विभेद नीति
Price discrepancies कीमत त्रुटि, कीमत असंगति
Price-earning ratio कीमत-आय अनुपात
Price economics कीमत अर्थशास्त्र
Price effect कीमत-प्रभाव
Price elasticity कीमत-सापेक्षता, कीमत लोच
Price equilibrium कीमत-संतुलन
Price equivalent income variation कीमत तुल्य आय परिवर्तन
Price-exchange relationship कीमत-विनिमय-संबंध
Price fixing मूल्य-निर्धारण, मूल्य-निश्चयन
Price forecasting कीमत पूर्वानुमान
Price fluctuations मूल्य उच्चावचन, मूल्य का उतार-चढाव, मूल्य की घट-बढ
Price fluctuation index कीमत उतार-चढाव सूचक
Price freeze कीमत जड़ीकरण
Price gauging कीमत चढाना
Price index कीमत सूचकांक
Price inelasticity कीमत लोचहीनता
Price inquiry कीमत की पूछताछ, कीमत की जाँच
Price leader कीमत नेता
Price leadership कीमत नेतृत्व
Price level मूल्य-स्तर, कीमत-स्तर
Price level, general index of सामान्य कीमत-स्तर का सूचकांक
Price line कीमत रेखा
Price line, holding the कीमत रेखा को स्थिर रखना, सामान्य कीमत-स्तर को बनाए रखना
Price list मूल्य-सूची, कीमत-सूची
Price list of rationed articles राशन-सामग्री की मूल्य सूची
Price loco स्थान कीमत, दुकान कीमत
Price maintenance कीमत अनुरक्षण
Price-maker कीमत निर्माता, कीमत-निर्धारक
Price-making मूल्यन, मूल्य-निर्माण
Price mechanism कीमत-प्रक्रिया

Price mechanism, operation of the कीमत-प्रक्रिया की कार्यविधि/संचालन
Price movement मूल्य-गति, मूल्य-परिवर्तन
Price multiplier मूल्य-गुणक
Price negotiations मूल्य-संबंधी बातचीत
Price offer मूल्य प्रस्ताव, प्रस्तावित कीमत
Price-output combination कीमत-उत्पाद संयोग
Price-output policy कीमत-उत्पाद नीति
Price pattern कीमत-प्रारूप, कीमत ढांचा
Price policy कीमत-नीति
Price policy in a developing economy विकसमान अर्थव्यवस्था में मूल्य नीति
Price policy of public enterprises सार्वजनिक उद्यमों की मूल्य-नीति
Price preference मूल्य-अधिमान
Price-quantity combination कीमत-मात्रा संयोग
Price quotations निवेदित-दर, निवेदित मूल्य/भाव/निर्ख
Price range कीमत अभिसीमा, कीमत माला, कीमत सोपान
Price ratio मूल्य अनुपात
Price regulation कीमत विनियमन
Price relatives मूल्यानुपात, कीमत-समानुपात
Price reporting मूल्य प्रतिवेदन
Price rigidity कीमत दृढ़ता
Price ring कीमत व्यूह—एक साझी कीमत नीति परिचालित करने के लिए किसी उद्योग में फर्मों का ढीला सा गठन
Price setting कीमत निश्चयन
Price Spread कीमत फैलाव, कीमत-लागत अन्तर—किसी वस्तु की कुल उत्पादन-लागत और इसकी उपभोक्ताओं के लिए विक्रय-कीमत में अन्तर को कीमत-फैलाव कहते हैं। यह अन्तर वितरण-लागत को जाहिर करता है अर्थात् वह लाभ जो बिचौलियों और परचून विक्रेताओं को प्राप्त होता है। उत्पादक द्वारा थोक विक्रेता को माल बेचने की कीमत और अन्तिम उपभोक्ता द्वारा प्राप्त माल की कीमत में अन्तर कीमत-फैलाव कहलाता है। इसे Mark-up भी कहते हैं। इसमें बिचौलिया वह कमीशन या लाभ भी शामिल करता है जो वह इस माल पर उपभोक्ताओं से प्राप्त करना चाहता है।
Price stabilisation कीमत स्थायीकरण/स्थिरीकरण
Price Stabilisation Board कीमत स्थायीकरण/स्थिरीकरण मंडल
Price stability कीमत स्थायित्व/स्थिरता
Price statistics कीमत संबंधी आँकड़े
Price structure कीमत ढाँचा
Price subsidy कीमत सहायता, कीमत-साहाय्य
Price Support कीमत आलम्बन, मूल्य अवलम्बन—सरकार द्वारा किसानों को सहायता देने का *उपाय। इसके अनुसार कीमत संतुलन-स्तर से* ऊँची निश्चित की जाती है और परिणामतः किसान अपने समग्र उत्पादन को इतनी ऊँची कीमतों पर मंडी में बेच नहीं पाते। किसानों के पास अविक्रेय उत्पादन को सरकार आलंबन कीमतें देकर खरीद लेती है। इस नीति का उद्देश्य किसानों को उनके उत्पादन के लिए अच्छी कीमतें उपलब्ध कराना है ताकि उत्पादन में उनकी उत्तेजना एवं रुचि बनी रहे।
Price support policy कीमत आलम्बन नीति
Price support programme कीमत आलम्बन कार्यक्रम
Price system मूल्य पद्धति, कीमत पद्धति/प्रणाली/व्यवस्था
Price tag मूल्य पर्ची
Price taker कीमत स्वीकारक
Price variation clause मूल्य में उतार-चढ़ाव संबंधी धारा
Price valorisation (सरकार द्वारा) कीमत नियमन, मूल्यस्थिरीकरण, मूल्यवर्धन
Price war कीमत-संघर्ष, कीमत-युद्ध
Pricing कीमत-निर्धारण
Pricing, full cost पूर्ण लागत पर कीमत-निर्धारण
Pricing, zone क्षेत्रानुसार कीमत-निर्धारण
Pricing and allocation कीमत-निर्धारण तथा आवंटन

Pricing and deficiency list मूल्यांकन और न्यूनता सूची
Pricing of factor services साधन-सेवाओं का कीमत-निर्धारण
Pricing of material माल की कीमत लगाना
Pricing out निरपण्यन, कीमत द्वारा निष्कासन
Pricing policy मूल्य-नीति
Pricing process कीमत प्रक्रिया
Prima facie स्थूल रूप से, प्रथम दृष्टि में प्रतीत
Primary capital प्रधान पूँजी
Primary co-operative society प्राथमिक सहकारी समिति
Primary credit society प्राथमिक उधार समिति
Primary deposit प्राथमिक जमा
Primary employment प्रारम्भिक रोजगार
Primary factor प्राथमिक साधन
Sale, auction नीलामी बिक्री
Sale, blind अन्धा सौदा
Sale, cash नकद बिक्री
Sale, credit उधार बिक्री
Sale, forced जबरी विक्रय, बाध्य बिक्री
Sale, negotiated बातचीत द्वारा विक्रय
Sale, private निजी बिक्री
Sale, prompt तुरन्त बिक्री
Sale, public सार्वजनिक विक्रय
Sale, short मन्द बिक्री
Sale price विक्रय-कीमत
Sale proceeds विक्रय प्राप्ति
Sales Account बिक्री खाता, विक्रय लेखा
Sales agent विक्रय अभिकर्ता, बिक्री एजेन्ट
Sales by sample नमूने से बिक्री
Sales curve बिक्री-वक्र
Sales finance company विक्रय वित्त कम्पनी
Sales-force-composite method विक्रयानुमान संग्रथित प्रणाली—इसका अभिप्राय विक्रय सम्बन्धी पूर्वानुमान की उस प्रणाली से है जिसका आधार विक्रय-संभावना के सम्बन्ध मे विक्रय-प्रतिनिधियो के अनुमान होते हैं । इस प्रणाली में प्रत्येक विक्रय-प्रतिनिधि अपने क्षेत्र सम्बन्धी भावी विक्रय के अनुमान कम्पनी को भेजता है । कम्पनी के उच्चाधिकारी इन अनुमानो का निरीक्षण इस दृष्टि से करते हैं कि वे वास्तविक हैं । इस प्रणाली का मुख्य गुण यह है कि इसमें उन व्यक्तियों की जानकारी का प्रयोग किया जाता है जो बाजार के सबसे निकट है । इन संग्रथित अनुमानो के कारण विक्रय-प्रतिनिधियों के आत्मविश्वास को बल मिलता है और वे अपने द्वारा निर्धारित लक्ष्यो की प्राप्ति के लिए प्रयास कर सकते हैं । इस प्रणाली का दोष यह है कि विक्रय-प्रतिनिधि संभवत: कमजोर अनुमाता हो सकते हैं और कम्पनी से नीचा कोटा निश्चित करवाने के लिए अल्पानुमान भी कर सकते हैं ।
Sales line विक्रय-रेखा
Sales man विक्रयकार, विक्रय-सहायक
Sales management विक्रय प्रबन्ध
Sales manager विक्रय प्रबन्धक
Salesmanship विक्रय कला
Sales potential विक्रय संभाव्यता, विक्रय क्षमता
Sales promotion विक्रय-प्रोन्नति
Sales promotional activities बिक्री अभिवृद्धि सम्बन्धी क्रियाएँ
Sales promotion campaign बिक्री प्रोन्नति अभियान
Sales quota विक्रय कोटा/नियतांश
Sales resistance बिक्री प्रतिरोध
Sales schedule विक्रय अनुसूची
Sales tax बिक्री कर, विक्रय-कर
Sales tax, general सामान्य बिक्री कर

Sales tax, selective विवेचनात्मक बिक्री कर

Sales tax as an instrument of anti-inflationary fiscal policy बिक्री कर—मुद्रा-स्फीति विरोधी राजकोषीय नीति के उपकरण के रूप में

Sales transaction विक्रय-व्यवहार, विक्रय सौदे

Sales warrant विक्रय अधिपत्र

Sales woman विक्रेत्री, विक्रयकारिका

Sale to the highest bidder सबसे ऊँची बोली बोलने वाले को बेचना

Sale value विक्रय मूल्य

Salt duty नमक/लवण शुल्क

Salvaging process छीजन सदुपयोग प्रक्रिया

Sample, random समसंभविक नमूना

Sample, stratified स्तरबद्ध नमूना

Sample, systematic नियमित नमूना, व्यवस्थित नमूना, वर्गबद्ध नमूना

Sample area क्षेत्रीय नमूना, नमूना क्षेत्र

Sample census प्रतिदर्श जनगणना, नमूने के तौर पर जनगणना

Sample checking नमूना निरीक्षण

Sample survey नमूना सर्वेक्षण

Sampling नमूना चयन—कुल जनसंख्या के बारे में निष्कर्ष प्राप्त करने के लिए कुल जनसंख्या के एक भाग के चयन की क्रिया। नमूना चयन क्रिया का उद्देश्य कम-से-कम समय, प्रयास और पैसा खर्च कर आवश्यक सूचना प्राप्त करना है। कई बार तो नमूना-चयन प्रणाली बहुत ही विश्वसनीय परिणाम उपलब्ध कराती है क्योंकि इसके आधीन समस्या का अध्ययन एक सीमित क्षेत्र में गहन रूप से किया जाता है। इसमें अनुभवी कर्मचारियों का प्रयोग किया जाता है। नमूना-चयन दो प्रकार से किया जाता है: (i) सम्भावना अनुसार नमूना-चयन (Probability sampling) में प्रत्येक इकाई का चयन उसके चुने जाने की ज्ञात संभावना के आधार पर किया जाता है और (ii) सभावना-इतर नमूना चयन (Non-probability sampling) में इकाइयों का चुनाव सुविधा या व्यक्तिगत निर्णय के आधार पर किया जाता है। नमूना-चयन क्रिया में भय यह होता है कि कई बार नमूना समग्र जनसंख्या का सही प्रतिनिधित्व नहीं करता परन्तु संभावना नमूना-चयन प्रणाली से प्राप्त सूचना में इस त्रुटि को न्यूनतम किया जा सकता है।

Sampling, biased एकांगी/अभिनत नमूना-चयन

Sampling, convenience सुविधानुसार नमूना-चयन

Sampling, judgement स्वनिर्णय नमूना-चयन

Sampling, objective वस्तुनिष्ठ नमूना-चयन

Sampling, probability संभावनानुसार नमूना-चयन

Sampling, quota कोटा नमूना-चयन—कोटा नमूना चयन में प्रत्येक वर्ग से निश्चित संख्या में इकाइयां चुनी जाती हैं। प्रत्येक वर्ग से लिया गया कोटा सामान्यतया उस वर्ग की संख्या के कुल जनसंख्या के अनुपात के आधार पर निश्चित किया जाता है। कई सर्वेक्षणों में विभिन्न सामाजिक एवं आर्थिक वर्गों में आयु एवं लिंग के आधार पर कोटा निर्धारित किया जाता है।

Sampling, Simple random सरल यादृच्छिक नमूना-चयन—नमूना-चयन की इस प्रणाली में प्रत्येक व्यक्ति या नमूना-इकाई को स्वतन्त्र रूप से चुना जाता है और प्रत्येक इकाई के चयन की संभावना बराबर होती है। कुल जनसंख्या में प्रत्येक व्यक्ति या इकाई को एक विशेष संख्या से व्यक्त किया जाता है और नमूना-इकाइयां किसी ढोल या हैट में लाटरी प्रणाली के आधार पर चुनी जाती हैं। साधारणतया, सरल यादृच्छिक नमूना-चयन एक साधारण क्रिया नहीं है और यह क्रिया और भी कठिन बन जाती है जब कि कुल जनसंख्या बड़ी हो और प्रत्येक इकाई विशेष संख्या से व्यक्त न की गयी हो।

Sampling, stratified स्तरबद्ध नमूना-चयन—नमूना-चयन की इस प्रणाली में उस जनसंख्या को पहले विभिन्न श्रेणियों या स्तरों में विभक्त किया जाता है और फिर प्रत्येक स्तर या श्रेणी से नमूना इकाइयां चुनी जाती हैं। स्तर में भाजन इस प्रकार से किया जाता है कि प्रत्येक स्तर में

सभी इकाइयाँ जहाँ तक सभव हो सके, एक जैसी होता है। नमूने मे प्रत्येक स्तर को प्रतिनिधित्व दिया जाता है और नमूना-इकाइयाँ याद्दच्छिक प्रणाली द्वारा चुनी जाती हैं।

Sampling, systematic नियमित/वर्गबद्ध/व्यवस्थित नमूना-चयन—नमूना-चयन की इस प्रणाली मे एक अन्तराल ढांचे के अनुसार जनसख्या मे से नमूने का चुनाव किया जाता है। नमूना-इकाई पहले अन्तराल से चुनी जाती है और फिर प्रत्येक सातवें, आठवें या किसी n-वें अन्तराल मे से नमूना चुना जाता है। यहाँ n का अर्थ प्रत्येक अन्तराल की लम्बाई से है जो दस, बारह या कोई और निश्चित सख्या हो सकती है।

Sampling, unrestricted random अप्रतिबंधित याद्दच्छिक नमूना-चयन

Sampling method प्रतिचयन विधि

Sanctity of contract सविदा की पवित्रता

Satiable तृप्य

Satiable wants तृप्य आवश्यकताएँ

Satiability तृप्यता

Satiability of particular wants विशिष्ट आवश्यकताओ की तृप्यता

Satiation of wants आवश्यकताओ की तृप्ति

Satiety price तृप्ति कीमत

Satisfaction तुष्टि, तृप्ति

Satisfaction, maximisation of तुष्टि का अधिकतमकरण

Satisfaction, maximum अधिकतम तुष्टि

Satisfaction, negative ऋणात्मक तुष्टि

Satisfaction, positive धनात्मक तुष्टि

Satisfaction, subjective व्यक्तिपरक तुष्टि

Satisfaction chart तुष्टि आरेख/चार्ट

Satisfaction curve सतुष्टि वक्र

Saturation point तृप्ति बिन्दु

Saver बचतकर्ता

Saver's surplus बचतकर्ता-अतिरेक, बचतकर्ता की बेशी, बचतकर्ता अविशेष

Saving बचत, सचय

Saving, automatic स्वत: बचत

Saving, collective सामूहिक बचत

Saving, compulsory अनिवार्य बचत

Saving, community सामुदायिक बचत

Saving, corporate निगम बचत

Saving, disposable प्रयोज्य/निर्वर्त्य बचत

Saving, domestic आन्तरिक बचत

Saving, ex-ante घटनापूर्व बचत

Saving, ex-post घटनोत्तर बचत

Saving, external बाह्य बचत

Saving, forced बाध्य बचत, बलात् बचत

Saving, full capacity पूर्ण सामर्थ्य बचत

Saving, internal आन्तरिक बचत

Saving, level of बचत-स्तर

Saving, mature परिपक्व बचत

Saving, mobilisation of बचत गतिमान करना

Savings, national राष्ट्रीय बचत

Saving, over अधिक बचत

Saving, past भूतपूर्व बचत

Saving permanent स्थायी बचत

Saving, productive उत्पादक बचत

Saving, propensity for बचत-प्रवृत्ति

Saving, small अल्प/छोटी बचत

Saving, unproductive अनुत्पादक बचत

Saving, voluntary स्वैच्छिक बचत

Saving account बचत लेखा

Saving and investment theory सचय-विनियोग सिद्धान्त

Saving bank बचत बैंक

Saving bank account बचत-बैंक खाता

Saving bank deposits बचत बैंक जमा

Saving bond बचत बन्ध-पत्र, बचत बाड

Saving capacity बचत-सामर्थ्य

Saving deposit बचत-जमा

Saving in cash नक़द-सचय, नकद-बचत

Saving gap बचत-अन्तराल

Saving in goods वस्तु रूपी बचत

Saving income ratio बचत-आय अनुपात

Saving institution बचत सस्थापन

Saving in money मुद्रा रूपी बचत

Saving potential बचत-सामर्थ्य

Saving ratio बचत अनुपात—वर्तमान बचत और वर्तमान निर्वर्त्य आय के प्रतिशत को बचत-अनुपात कहते हैं। बचत-अनुपात में परिवर्तन और इसकी प्रवृत्ति आय तथा व्यय की दीर्घकालीन प्रवृत्ति के विश्लेषण के लिए महत्त्वपूर्ण कारणतत्त्व है। विभिन्न आय-वर्गों या विभिन्न व्यवसाय-वर्गों में बचत ढाँचे सम्बन्धी सूचना प्राप्त करने के लिए उपभोक्ताओं के बजटों की सहायता ली जाती है। उदाहरणार्थ, सामान्यतया यह पता चला है कि निम्न आय वर्गों का बचत अनुपात नकारात्मक है परन्तु आय में वृद्धि के साथ यह लगातार बढ़ता जाता है। बचत अनुपात का प्रयोग विकसित तथा अल्प-विकसित देशों में आर्थिक विकास के अन्तर का विश्लेषण करने के लिए किया जाता है। अल्प-विकसित देशों का बचत अनुपात सामान्यतया बहुत ही कम होता है और इस कारण इनमें विनियोग स्तर नीचा रहता है जो इनके पिछड़ेपन का प्रधान कारण है।

Saving ratio, incremental बचत-वृद्धि अनुपात

Saving ratio in underdeveloped countries अल्प-विकसित देशों में बचत अनुपात

Saving schedule बचत-अनुसूची

Saving sector बचत-क्षेत्र

Saving stamps बचत टिकट

Say's law of market 'से' का बाजार नियम—से के बाजार नियम के अनुसार, सम्भरण अपनी माँग स्वयं उत्पन्न करता है अर्थात् उत्पादन की क्रिया में उत्पन्न की गई वस्तुओं की माँग के लिए आवश्यक आय भी पैदा हो जाती है। इस विचार-धारा के अनुसार न ही तो सामान्य अत्युत्पादन सम्भव है और न ही बाजार में माँग का अभाव हो सकता है। अतः अर्थव्यवस्था पूर्ण रोजगार स्तर पर कार्य करती है अर्थात् पूर्ण रोजगार समाज की सामान्य स्थिति है और राष्ट्रीय आय पूर्ण रोजगार के स्तर के अनुरूप होगी। यदि से के नियम को प्रतिष्ठित अर्थशास्त्र की अन्य मान्यताओं अर्थात् मजदूरी एवं कीमत की लोचशीलता के साथ विचारा जाए, तो से का नियम अर्थ-व्यवस्था का एक ऐसा मॉडल पेश करता है जिसमें एक गहरी मन्दी या बेरोजगारी की कोई सम्भावना नहीं। माल्थस पहला अर्थशास्त्री था जिसने से के नियम की आलोचना की परन्तु केन्ज ने से के सिद्धान्त को गलत बताया। केन्ज के अनुसार से के सिद्धान्त का मूल दोष यह था कि बचत अपने आप विनियोग का रूप धारण नहीं करती और न ही कोई ऐसा तरीका है जिसके अनुसार बचत विनियोग के बराबर हो जाए। अतः बचत और विनियोग में अन्तर हो जाना अनिवार्य है और इस कारण अर्थव्यवस्था में मन्दी या तेजी की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। इस प्रकार केन्ज ने यह सिद्ध किया कि अर्थव्यवस्था पूर्ण रोजगार स्तर पर सामान्यतया कार्य नहीं करती।

Scale, diseconomies of मात्रा-सम्बन्धी अमितव्ययताएँ

Scale, economics of मात्रा-सम्बन्धी मितव्ययताएँ

Scaled-up expenditure वर्धित व्यय

Scale line पैमाना रेखा

Scale line appropriate to the relative factor price साधनों के सापेक्ष मूल्यों के अनुरूप होने वाली पैमाने की रेखा

Scale of fares किराया-मान, किराये की श्रेणी

Scale of pay वेतन-मान, वेतन-श्रेणी

Scale of plant संयंत्र का पैमाना

Scale of plant, fixed संयंत्र के स्थिर पैमाने

Scale of plant, optimum संयंत्र का अनुकूलतम पैमाना

Scale of plant adjustment संयंत्र के पैमाने का समायोजन

Scale of operations संकार्य के पैमाने

Scale of preferences अधिमान्यताओं का मापदंड—अर्थशास्त्र के सिद्धान्तों की एक मूल कल्पना यह है कि प्रत्येक व्यक्ति विवेकपूर्ण रूप से कार्य करता है। ऐसी परिस्थिति में यदि किसी व्यक्ति को दो वस्तुओं या दो सम्मिश्रणों में से चयन करना हो, तो स्वाभाविक ही है कि वह उस वस्तु

या सम्मिश्रण को चुनेगा जो उसे अधिकतम तुष्टि दे। इसका अर्थ यह है कि प्रत्येक व्यक्ति के दिमाग मे अपनी असतुष्ट आवश्यक्ताओ की अधिमान्यता के आधार पर एक सूची होती है। यह विश्वास किया जाता है कि इस सूची मे सबसे ऊपर की वस्तु उपभोक्ता को अपेक्षाकृत अधिक तुष्टि देगी और जैसे-जैसे सूची मे नीचे की ओर बढते चले जाएंगे, तुष्टि की मात्रा घटती चली जाएगी। वास्तविक जीवन मे बहुत थोडे लोग ही ऐसे हैं जो अपनी अधिमान्यताओ के मापदण्ड के बारे मे चेतन होते हैं, चाहे सभी यह महसूस करते हैं कि कुछ आवश्यक्ताएं अन्य की अपेक्षा अधिक तीव्र होती हैं। एक विवेकपूर्ण आर्थिक सिद्धान्त के लिए प्रत्येक व्यक्ति की अधिमान्यताओं के मापदण्ड की कल्पना करनी आवश्यक है। यहाँ उल्लेखनीय बात यह है उपभोक्ताओ की अधिमान्यताएं तब भी विवेकपूर्ण मानी जा सकती हैं यदि वे वर्तमान नैतिक विचारो पर पूरी न उतरें। अत. अधिमान्यता का नैतिकता से कोई प्रत्यक्ष सम्बन्ध नही।

Scale of regression समाश्रयण-मान
Scale of reward पारितोषिक श्रेणी/मान
Scale of valuation मूल्याकन मान
Scale of values मूल्य-मान
Scarce दुर्लभ
Scarce currency दुर्लभ मुद्रा
Scarce factor दुर्लभ साधन
Scarce goods दुर्लभ पदार्थ
Scarce means दुर्लभ साधन
Scarcity दुर्लभता
Scarcity, law of दुर्लभता नियम
Scarcity earning दुर्लभता कमाई
Scarcity of means साधनो की दुर्लभता
Scarcity price परिमितता/दुर्लभता कीमत
Scarcity relationship दुर्लभता सबध
Scarcity rent दुर्लभता लगान
Scarcity reward दुर्लभता पारितोषिक
Scarcity theory of rent लगान का दुर्लभता सिद्धात
Scarcity value दुर्लभता-मूल्य
Scarcity wages दुर्लभता मजदूरी
Scatteredness of holding जोतो का बिखरा होना
Scattered producers बिखरे/विकीर्ण उत्पादक
Scattered production विकीर्ण उत्पादन, अनेकत्र-स्थित उत्पादन
Schedule of demand मांग अनुसूची
Scheduled bank अनुसूचित बैंक
Schedule of consumer's preferences उपभोक्ता अधिमान की सूची
Scheduled industry अनुसूचित उद्योग
Scheme of deferment आस्थगन-योजना
Scheme of devolution अधिकारान्तरण की योजना
Scheme of integrated rural credit एकीकृत ग्राम-ऋण योजना
Scheme of most favoured nation clause सर्वानुगृहीत राष्ट्र व्यवहार योजना
Scheme of priority प्राथमिकता क्रम
Scheme of revolving foreign exchange credit परिक्रामी विदेशी मुद्रा साख योजना

Scholasticism चर्च प्रधानतावाद—इस शब्द का प्रयोग मध्ययुग के दौरान प्रचलित धार्मिक और दार्शनिक सिद्धान्तो से है जिनका मूलाधार चर्च एव अरस्तू की शिक्षाएं थी। अर्थशास्त्र मे इनके मुख्य समर्थक सेंट थामस एक्वीनास (Saint Thomas Acquinas) एवं डन्स स्काटस (Duns Scotus) थे। इन विचारको ने चर्च के सिद्धान्तो का विवेकपूर्ण प्रयोग किया ताकि व्यापार एव सूदखोरी के प्रनियमो को मध्ययुग के परिवर्तनो से सम्बन्धित किया जा सके। इसके फलस्वरूप व्यापार एव वाणिज्य व्यवहार मे न्याय्य कीमत (Just price) की धारणा का विकास हुआ। चूंकि चर्च ने मांग एव पूर्ति के नियमो की कार्यान्विति को स्वीकार कर लिया, इसलिए 17वी शताब्दी के पश्चात् चर्च प्रधानतावाद का पतन हो गया।

Schools of economics अर्थशास्त्र सम्प्रदाय
School, Austrian आस्ट्रियाई सम्प्रदाय

School, banking बैंकवाद, बैंकवाद सम्प्रदाय
School, Cambridge कैम्ब्रिज सम्प्रदाय
School, classical क्लासीकल/संस्थापक सम्प्रदाय
School, currency करेंसीवादी सम्प्रदाय
School, historical ऐतिहासिक सम्प्रदाय
School, Manchester मानचेस्टर सम्प्रदाय
School, mathematical गणितीय सम्प्रदाय
School, marginal utility सीमान्त उपयोगितावादी सम्प्रदाय
School, mercantile वाणिज्यवादी सम्प्रदाय
School, monetary मौद्रिक सम्प्रदाय
School, optimist आशावादी सम्प्रदाय
School, orthodox रूढ़िवादी सम्प्रदाय
School, physiocratic प्रकृतिवादी सम्प्रदाय
School, psychological मनोवैज्ञानिक सम्प्रदाय
School-leaving age विद्यालय छोड़ने की आयु

Schumpeterian Entrepreneur शुम्पीटीरियन उद्यमकर्ता—प्रोफेसर शुम्पीटर द्वारा कल्पित उद्यमकर्ता एक ऐसा व्यक्ति है जो नवक्रियाओं (Innovations) को व्यापार में चालू करता है। इस दृष्टि से वह एक नेता है। परन्तु नेतृत्व शब्द इस सन्दर्भ में उद्यमकर्ता के व्यक्तित्व पर बल नहीं देता और इस प्रकार नेता शब्द से जो मानसिक चित्र एक राजनीतिक नेता का सामने आ जाता है, वह उद्यमकर्ता का नहीं है। वह केवल इस दृष्टि में नेता है कि वह उत्पादन के साधनों का विभिन्न दिशाओं में नेतृत्व करता है। वह इस दृष्टि से भी नेता है कि वह प्रारम्भिक कठिनाइयाँ सहन करता है जो किसी नवक्रिया के प्रचालन से सम्बन्धित होती हैं। वह एक और दृष्टि से भी नेता है। नवक्रिया के सफल होते ही अन्य व्यक्ति उसे अपनाने का प्रयास करते हैं और चूँकि नकल करना आसान होता है, वे उद्यमकर्ता के अपेक्षाकृत अधिक प्रतिफल को धीरे-धीरे समाप्त कर देते हैं क्योंकि नवक्रिया सामाजिक तन्त्र का अंग बन जाती है। इसीलिए शुम्पीटर का कहना है कि यह नेतृत्व उसकी इच्छा के विरुद्ध है। चूँकि शुम्पीटर उद्यमकर्ता को एक नेता मानता है, इसलिए वह पूँजीवादी समाज में समग्र आर्थिक विकास के लिए उसे उत्तरदायी मानता है। शुम्पीटर उद्यमकर्ताओं को एक सामाजिक वर्ग नहीं मानता। कोई भी व्यक्ति जो उत्पादन के साधनों के एक नये सम्मिश्रण से सम्बन्धित सामाजिक एवं मनोवैज्ञानिक कठिनाइयों को पार कर जाता है, उद्यमकर्ता बन जाता है। अतः उद्यमकर्ता को परिवर्तन-प्रक्रिया का वाहक माना गया है।

Science, fruit-bearing फलपरक शास्त्र/विज्ञान
Science, light-bearing ज्ञानपरक शास्त्र/विज्ञान
Scientific investment वैज्ञानिक निवेश

Scientific Management वैज्ञानिक प्रबन्ध—संयुक्त राज्य अमेरिका में फ० ड० टेलर द्वारा उत्पादन-क्रियाओं के क्रमबद्ध अध्ययन के लिए 20वीं शताब्दी के आरम्भ में सिद्धान्तों की एक शृंखला प्रतिपादित की गयी। इसमें निम्नलिखित मुख्य सिद्धान्तों को आधार माना गया —

(i) कर्मचारियों द्वारा की गयी विभिन्न क्रियाओं का वैज्ञानिक ढंग से अध्ययन होना चाहिए,

(ii) जिस काम के लिए श्रमिक योग्यता रखता हो, उसी काम पर नियुक्त होना चाहिए; और

(iii) प्रबन्ध और कर्मचारियों में सहयोग होना चाहिए।

Scientific marketing वैज्ञानिक विपणन
Scientific tariff argument वैज्ञानिक प्रशुल्क तर्क
Scissor's crisis "कैंचीनुमा संकट"
Scope of economics अर्थशास्त्र का विषय-क्षेत्र

Scrip पावती-पत्र, कच्ची-रसीद—बैंक आदि में दिए गए रुपयों का प्रमाणपत्र या कच्ची-रसीद। सामान्य रूप से पावती पत्र का अर्थ उस प्रलेख से है जिसके वाहक को कुछ प्राप्त होना हो। बहुत बार इस शब्द का प्रयोग वाहक प्रतिभूतियों के लिए भी किया जाता है।

Script सरकारी बॉड
Script money पत्र-मुद्रा
Scrutineer संवीक्षक
Sea-borne trade समुद्री व्यापार
Sea customs समुद्री सीमा शुल्क
Sea Customs Act समुद्री सीमा शुल्क अधिनियम
Sea route जलमार्ग, समुद्री मार्ग
Seal मुहर

Seasons, Busy व्यस्त ऋतु/समय—मुद्रा संचलन मे ऋतुकालीन उतार-चढाव—भारत मे अक्तूबर-अप्रैल की अवधि मे मुद्रा की अधिक आवश्यकता होती है।

Seasons, Slack कम काम-काज वाला मौसम, मंदी ऋतु, मंदी काल, शिथिल काल—मई-सितम्बर की अवधि, आयोजित विकास के कारण अब मुद्रा मे ऋतुकालीन उतार-चढाव कुछ हद तक स्पष्ट दृष्टिगोचर नही होता।

Seasonal adjustment मौसमी समायोजन

Seasonal agricultural operations मौसमी कृषि-सकार्य

Seasonal employee मौसमी कर्मचारी

Seasonal employment मौसमी रोजगार

Seasonal factors मौसमी कारक/कारणतत्त्व

Seasonal factory मौसमी फैक्ट्री

Seasonal fluctuations मौसमी उच्चावचन

Seasonal industry मौसमी उद्योग

Seasonal loans मौसमी ऋण

Seasonal manufacturer मौसमी विनिर्माता

Seasonal movements मौसमी घट-बढ/गतिविधि

Seasonal occupation मौसमी व्यवसाय

Seasonal peak मौसमी शिखर

Seasonal production मौसमी उत्पादन

Seasonal stringency मौसमी तगी

Seasonal tolerance मौसमी सहिष्णुता

Seasonal unemployment मौसमी बेरोजगारी

Seasonal variation मौसमी/ऋतुकालीन उतार-चढाव

Seasonality मौसमीपन

Seasoned security परिपक्व प्रतिभूति

Second Agricultural Labour Enquiry द्वितीय कृषि-श्रम जांच

Second Fiscal Commission द्वितीय उद्योग रक्षण आयोग, द्वितीय राजकोषीय आयोग

Second five-year plan द्वितीय पचवर्षीय योजना

Second injuries पुन क्षति, दूसरी चोट

Second of the bill (=Second of exchange) विपत्र-द्वितीयक

Second Schedule of the Reserve Bank of India Act रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया अधिनियम की द्वितीय सूची

Second tier concerns दूसरी पक्ति की फर्मे

Secondary bank reserves अनुपगी बैंक आरक्षित निधि

Secondary boycott अनुषगी बहिष्कार

Secondary capital गौण पूंजी

Secondary data द्वितीयक सामग्री, द्वितीयक आंकड़े

Secondary deflation गौण अवस्फीति

Secondary employment गौण रोजगार

Secondary exploitation मध्यम शोषण

Secondary functions गौण कार्य

Secondary industries द्वितीयक उद्योग

Secondary multiplier effects गौण गुणक प्रभाव

Secondary occupation द्वितीयक व्यवसाय

Secondary picketing अनुषगी धरना, समर्थक धरना

Secondary producers गौण उत्पादक

Secondary reserve द्वितीयक रक्षित निधि

Secondary reserve requirements for member banks सदस्य बैंको के लिए रक्षित निधि सम्बन्धी शर्तें

Secondary sector द्वितीयक क्षेत्र

Sectional interest वर्गहित, अनुभागीय हित

Sectional price levels वर्गीय कीमत स्तर, खडीय कीमत स्तर

Sectional tariff अनुभागीय प्रशुल्क

Sector, capitalised पूंजीकृत क्षेत्र

Sector, industrial औद्योगिक क्षेत्र

Sector, private निजी क्षेत्र, गैर-सरकारी क्षेत्र

Sector, public लोक क्षेत्र, सार्वजनिक-क्षेत्र, सरकारी क्षेत्र

Sector estimates क्षेत्रीय प्राक्कलन/अनुमान

Sector(s) of saving expansion बचत-विस्तार क्षेत्र

Sectoral development क्षेत्रीय विकास

Sectoral distribution क्षेत्रवार वितरण, क्षेत्रानुसार वितरण

Sectoral imbalance क्षेत्रीय असतुलन

Sectoral price levels क्षेत्रीय कीमत-स्तर
Sectoral priorities क्षेत्रीय प्राथमिकताएँ
Secular average सुदीर्घकालीन औसत
Secular changes सुदीर्घकालीन परिवर्तन
Secular equilibrium सुदीर्घकालीन संतुलन
Secular exhilaration सुदीर्घकालीन सुख
Secular growth दीर्घकालीन वृद्धि
Secular inflation सुदीर्घकालीन स्फीति
Secular instability सुदीर्घकालीन अस्थिरता
Secular progress सुदीर्घकालीन प्रगति
Secular stagnation सुदीर्घकालीन वृद्धिरोध/गतिरोध

Secular Stagnation Theory दीर्घकालीन वृद्धिरोध सिद्धान्त—इस सिद्धान्त के अनुसार उन्नत अर्थव्यवस्थाओं अर्थात् संयुक्त राज्य अमेरिका और ग्रेट ब्रिटेन में समस्त माग की अपर्याप्तता न केवल एक चक्रीय समस्या है वल्कि इसका प्रारूपिक लक्षण भी है। 1930 और इसके बाद के दशक में दीर्घकालीन वृद्धिरोध सिद्धान्त ए० एच० हैन्सन और जे० एम० केन्ज के द्वारा प्रतिपादित किया गया। इसका उद्देश्य मन्दी के दौरान भारी बेरोजगारी और निम्न विनियोग की व्याख्या करना था। इस सिद्धान्त मे यह तर्क प्रस्तुत किया गया कि परिपक्व अर्थव्यवस्था के विकास के लिए आवश्यक कारणतत्व भी पूर्ण रोजगार के लिए समस्त माँग के अभाव को पैदा कर सकते हैं। इसका मुख्य कारण तकनॉलॉजीय परिवर्तन हैं जो पूंजी-बचाव सम्बन्धी हैं। इस कारण उन्नत अर्थव्यवस्थाओं मे भी नये विनियोग के अपर्याप्त अवसर ही विद्यमान हैं और इस कारणवश दीर्घकाल मे काफी बेरोजगारी हो जायगी। 1930 के पश्चात् के आर्थिक घटना-चक्र ने यही प्रमाणित किया कि 1929-34 की मन्दी एक गहरा चक्रीय प्रतिसार था और इसके पश्चात् अधिकतर परिपक्व अर्थव्यवस्थाओं मे संवृद्धिकाल के तीन दशक अनुभव किये गए। 1960 और इसके बाद के वर्षों ने अमेरिकी अर्थव्यवस्था मे बेरोजगारी की ओर इशारा करते हुए दीर्घकालीन वृद्धिरोध सिद्धान्त को पुनर्जीवित कर दिया। वास्तव मे जब भी उन्नत देशों में प्रतिसार की परिस्थितियां बल पकड़ती हैं, वृद्धिरोधवादी अपने इस सिद्धान्त की सार्थकता की ओर संकेत करते हैं।

Secular swings दीर्घकालीन उतार-चढाव
Secular trend सुदीर्घकालिक प्रवृत्ति
Secured debt प्रतिभूत ऋण
Secured loans सुरक्षित उधार, प्रतिभूत उधार
Security प्रतिभूति, जमानत
Security, authorised अधिकृत प्रतिभूति
Security, collateral पार्श्विक प्रतिभूति
Security, denomination of प्रतिभूति का अंकित मूल्य
Security, employee कर्मचारी सुरक्षा
Security, employment of रोजगार की सुरक्षा
Security, gilt-edged उत्तम/परम प्रतिभूति
Security, government सरकारी प्रतिभूति
Security, heritable दाययोग्य प्रतिभूति
Security, impeccable निर्दोष प्रतिभूति
Security, international अन्तर्राष्ट्रीय प्रतिभूति
Security, marketable पण्य जमानत, विपण्य प्रतिभूति
Security, personal वैयक्तिक प्रतिभूति/जमानत
Security, registered पंजीकृत प्रतिभूति
Security, substantial ठोस प्रतिभूति
Security, tangible गोचर ऋणाधार
Security, trading व्यापार प्रतिभूति
Security, unencumbered भाररहित प्रतिभूति/बन्धनमुक्त प्रतिभूति
Security capital सुरक्षित पूंजी, प्रतिभूति पूंजी
Security deposit account जमानत जमा लेखा
Security exchange प्रतिभूति बाजार
Security held against fiduciary issue विश्वसनीय निर्गमन पुष्ट प्रतिभूतियाँ
Security of land *tenure rights* भू-धारण अधिकारों की सुरक्षा
Security of tenure पट्टे की सुरक्षा, काश्त अधिकार की सुरक्षा
Sedentary occupation स्थावर व्यवसाय, आसनी काम

Seed multiplication centre बीज गुणन केन्द्र

Seigniorage टंकन लागत/प्रलाभ/प्रधिशुल्क, **सिक्का-ढलाई-मुनाफा**—स्वर्ण को सिक्को मे परिवर्तित करने के लाभ को टंकन-प्रलाभ या टंकन-अधिशुल्क कहते है। जब सरकार केवल सिक्को को बनाने की लागत-मात्र ही वसूल करती है, तो इसे सिक्का-ढलाई (Brassage) कहा जाता है परन्तु जब इसमे सरकार अपना लाभ भी शामिल कर ले, अर्थात् सिक्का-ढलाई से अधिक लागत वसूल करे, तो इसे टंकन-प्रलाभ या टंकन अधिशुल्क कहते हैं।

Seizure of goods माल अभिग्रहण

Selection of base year आधार वर्ष का चुनाव

Selection of items मदो (वस्तुओ एव सेवाओ) का चुनाव

Selection of prices कीमतो का चुनाव

Selective Credit Control चयनात्मक साख-नियन्त्रण—विशिष्ट प्रकार के व्यापारिक सौदों पर नियन्त्रण करने के लिए चयनात्मक साख नियन्त्रण का प्रयोग किया जाता है। यह सामान्य साख नियन्त्रण से दो प्रकार से भिन्न है। प्रथम, चूंकि इसका सम्बन्ध विशिष्ट व्यापारिक सौदो के लिए किया जाता है, इसलिए इसका प्रभाव भी सामान्य न होकर विशिष्ट ही होगा दूसरे, चयनात्मक साख नियन्त्रण से उधार के संभरण की अपेक्षा उसकी मांग कम हो जाती है। इस प्रकार के नियन्त्रणो का उद्देश्य ऐसे क्षेत्रो मे साख नियन्त्रण करना है जिन पर सामान्य साख नियन्त्रण के उपायो का प्रभाव नही पड़ता। भारत मे रिजर्व बैंक द्वारा कई प्रकार के चयनात्मक साख नियन्त्रण के उपाय लागू किए गए। 1970 मे चयनात्मक साख नियन्त्रण उपायों का प्रयोग खाद्यान्नो, तिलहनो, रूई और वनस्पति तेल सम्बन्धी उधार के लिए किया गया। रिजर्व बैंक ने इन वस्तुओ के उधार के लिए उधार-प्रतिभूति-अन्तर (Margin) बढ़ा दिया और विभेदात्मक ब्याज-दरें लागू की। इन उपायों का उद्देश्य उधार की मांग को कम करना है ताकि इनमे परिकल्पी प्रवृत्तियो के कारण कीमत-वृद्धि को रोका जा सके।

Selective and direct credit control विवेचनात्मक एवं प्रत्यक्ष साख नियमन

Selective export promotion विवेचनात्मक निर्यात प्रोत्साहन

Selective sales tax विवेचनात्मक बिक्री-कर

Selective selling चयनात्मक विक्रय

Selective tariff चयनात्मक प्रशुल्क

Self-adjusting economic system स्वत: समंजनशील आर्थिक प्रणाली

Self-cancelling स्वयं-क्षतिपूरक, स्वयं रद्द करना, स्वय कट जाना

Self checking system of taxation कराधान की स्वत: जांच-प्रणाली

Self-consumption स्वयं-उपभोग

Self-contained आत्मनिर्भर

Self-correcting स्वय ठीक कर लेने वाला

Self-cultivation खुदकाश्त

Self-defeating आत्मघाती

Self-delusion आत्म-भ्रम

Self-dependence स्वावलंबन

Self-employed स्व-नियुक्त, स्वनियोजित

Self-Employed Persons स्वयं-नियुक्त व्यक्ति—स्वतन्त्र रूप से काम करने वाले, खुद रोजगार कायम करने वाले।

Self evident truth स्वयंसिद्ध सत्य

Self-finance आन्तरिक वित्त

Self-financing स्वयं वित्त-प्रबन्ध

Self-generating economy स्वयं-स्फूर्त अर्थव्यवस्था

Self-generating stage of economic development आर्थिक विकास की स्वत: स्फूर्त अवस्था

Self-generation Theory स्वत उत्पत्ति का सिद्धान्त—Mitchell का व्यापार-चक्र का सिद्धान्त

Self-governing colony स्वायत्त उपनिवेश

Self-governing dominion स्वायत्त अधिराज्य

Self-help स्वावलंबन, आत्मनिर्भरता

Self-interest निजी हित, आत्महित, स्वार्थ

Self-limiting factors आत्म-सीमाकारी उपादान, स्वपरिसीमन कारक

Self-limiting forces आत्म-सीमाकारी शक्तियाँ

Self-liquidating स्वयं समापनीय, स्वयं शोधक—किसी निर्माता या थोक विक्रेता द्वारा कच्चे माल के क्रय के लिए जारी किए गए विनिमय-पत्रों का यह मूल लक्षण है कि विनिमय-पत्रों का आदेशक अपनी मुद्रा-राशि तब प्राप्त कर लेता है जब या तो उसकी भुगतान-तिथि उन्हीं वस्तुओं के विक्रय के पश्चात् या उन कच्चे मालों से तैयार वस्तुओं के पश्चात् आ जाए।

Self-liquidating advances स्वयं समापनीय अग्रिम

Self-produced goods स्वयं उत्पादित वस्तुएँ

Self-perpetuating स्वतः चिरस्थायीकरण, स्वतः शाश्वतीकरण

Self-realisation of personality व्यक्तित्व की आत्मसिद्धि

Self-regulating mechanism स्वतःनियामक प्रक्रिया

Self-reinforcing process स्वयं प्रभावी प्रक्रिया

Self-reliant economy आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था

Self-restraint आत्म-संयम

Self-rule स्वशासन

Self-service स्वयंसेवा

Self-starter स्व-प्रारम्भकर्ता

Self-sufficiency आत्म-निर्भरता

Self-sufficient स्वावलम्बी, आत्मनिर्भर

Self-sufficient nation आत्मनिर्भर राष्ट्र, **स्वावलम्बी राष्ट्र**—इसका अर्थ एक ऐसे राष्ट्र के निर्माण से है जो अपने उपभोग की सभी वस्तुएँ देश में ही उत्पन्न करता है। इस उद्देश्य की प्राप्ति का दूसरा नाम आर्थिक राष्ट्रवाद भी है। आधुनिक आवश्यकताएँ इतनी विविध प्रकार की है कि कोई भी राष्ट्र परम रूप में स्वावलम्बी नहीं बन सकता। इसके अतिरिक्त स्वावलम्बिता का सिद्धान्त तुलनात्मक लागतों के सिद्धान्त के विपरीत है और इस प्रकार यह आर्थिक संसाधनों के अनुकूलतम प्रयोग पर आधारित नहीं।

Self-sufficient village system आत्म-निर्भर ग्राम-व्यवस्था

Self-supporting wages आत्मपोषित मजदूरी

Self-sustaining economy आत्मनिर्भर अर्थ-व्यवस्था

Self-sustaining growth स्वयं-स्फूर्त विकास, आत्मपोषित अभिवृद्धि

Seller विक्रेता, बेचने वाला

Seller's average revenue curve विक्रेता का औसत आगम वक्र

Seller's lien विक्रेता का धारणाधिकार, विक्रेता का ग्रहण/हक

Seller's market विक्रेता बाजार

Seller's surplus विक्रेता-बेशी, विक्रेता-अतिरेक

Selling विक्रयण, विक्रय, बेचना

Selling agent विक्रय प्रतिनिधि

Selling cost विक्रय परिव्यय/लागत

Selling on cost लागत पर बेचना

Selling expenses विक्रय-व्यय

Selling firms विक्रेता फर्म

Selling group विक्रय वर्ग, विक्रय समूह

Selling out (sell out) औने-पौने बेचना, अप-विक्रय, हानिदेय विक्रयण

Selling pressure विक्रय दबाव

Selling price विक्रय कीमत

Selling rate विक्रयार्घ, विक्रय-दर, विक्रय कीमत

Selling value विक्रय-मूल्य

Semi-automatic loom अर्द्ध-स्वचल करघा

Semi-colonial अर्द्ध-औपनिवेशिक

Semi-critical points अर्द्ध-क्रान्तिक बिन्दु

Semi-durable goods अर्द्ध-टिकाउ/अर्द्ध चिरस्थायी वस्तुएँ

Semi-employment अर्द्ध-रोजगार

Semi-fabricated steel अर्द्ध-तैयार इस्पात

Semi-feudal अर्द्ध-सामन्ती

Semi-feudal land relations अर्द्ध-सामन्ती भू-सम्बन्ध

Semi-finished goods अर्द्ध-निर्मित वस्तुएँ

Semi-industrialised अर्द्ध-औद्योगीकृत

Semi-inflation अर्द्ध-स्फीति

Semi-liquid assets अर्द्ध-तरल परिसंपत्

Semi-luxuries अर्द्ध-विलास वस्तुएँ
Semi-manufactured goods अर्द्ध-निर्मित वस्तुएँ
Semi-monopoly अर्द्ध-एकाधिकार
Semi-permanent instrument अर्द्ध-स्थायी यंत्र
Semi public consumption अर्द्ध-सार्वजनिक उपभोग
Semi-skilled अर्द्ध-कुशल
Semi-skilled labour अर्द्ध-कुशल श्रम
Senior master वरिष्ठ मास्टर
Senior partner वरिष्ठ भागीदार
Sensitive behaviour सुग्राही/संवेदनशील व्यवहार
Sensitive market संवेदनशील बाजार
Separable process s पृथक्करणीय प्रक्रियाएँ
Separate holding पृथक् जोत
Separate legal existence पृथक् कानूनी अस्तित्व
Separate sub-demands अलग-अलग उप-माँगें
Separation पृथक्करण
Separation allowance वियुक्ति-भत्ता, सम्बन्ध-विच्छेद भत्ता
Separation of income and substitution effects of price change कीमत-परिवर्तन के आय एवं स्थानापत्ति प्रभावों का पृथक्करण
Separation of ownership and control प्रबन्ध एवं स्वामित्व का पृथक्करण—आधुनिक निगम में स्वामित्व तो वस्तुतः हिस्सेदारों के हाथ में होता है परन्तु हिस्सेदारों की संख्या अधिक होने के कारण वे निगम का प्रबन्ध संचालकों एवं प्रबन्धकर्ताओं को सौंप देते हैं। कई बार तो संचालक मण्डल के सदस्यों एवं प्रबन्धकर्ताओं का कुल हिस्सों के 5 से 10 प्रतिशत तक स्वामित्व होता है। ऐसी परिस्थिति में स्वामित्व एवं नियन्त्रण का पृथक्करण हो जाता है। आधुनिक महानिगमों में यह अनुभव किया गया है कि प्रबन्धक अधिकतम लाभ प्राप्त करने की अपेक्षा अपनी स्थिति और आय को उन्नत करने में अधिक दिलचस्पी लेते हैं। यह सम्भवतः निगम के हित में नहीं। परिणामतः स्वामित्व और नियन्त्रण में विच्छेद होने के कारण फर्म से सम्बन्धित विभिन्न वर्ग अलग-अलग दिशाओं में कार्य करने लगते हैं।
Separation rate (lay off rate) वियुक्ति-दर, विच्छेद-दर—किसी विशेष अवधि के दौरान पदच्युत, सेवानिवृत्त, छाँटी या छोड़े गए श्रमिकों की संख्या को कुल रोजगार की मात्रा के प्रतिशत के रूप में अभिव्यक्त करने से विच्छेद-दर या वियुक्ति दर प्राप्त की जाती है। वियुक्ति-दर को *समग्र व्यापार क्रिया का महत्त्वपूर्ण सूचक समझा* जाता है। जब वियुक्ति-दर बढ़ने लगती है, तो व्यापार में प्रतिसार आरम्भ हो जाता है और जब वियुक्ति-दर कम हो जाती है, तो समुत्थान की ओर अर्थव्यवस्था अग्रसर हो जाती है।
Separatist tendencies पृथकतावादी प्रवृत्तियाँ
Sequence of expansion विस्तार का क्रम
Serfdom कृषिदास प्रथा, दासता
Serial bond क्रमिक बांड
Serial bond redemption क्रमिक बांड शोधन/प्रतिदान
Series of equilibria संतुलन माला
Series of returns प्रत्याय के अनुक्रम
Series of static equilibria स्थिर संतुलन माला
Series of static models विभिन्न स्थैतिक मॉडल
Serious deflation गम्भीर अपस्फीति
Servant सेवक
Service charge सेवा व्यय
Service co operatives सेवा-सहकारी समितियाँ
"Service flow" concept सेवा-प्रवाह धारणा
Service of documents दस्तावेजों की तामील
Service industries सेवा उद्योग
Service institute सेवा संस्थान
Service rent सेवा किराया
Service sector सेवा क्षेत्र
Service station सेवा-केन्द्र
Service taxes सेवा कर
Service trade सेवा व्यवसाय
Service utility सेवामूलक उपयोगिता—ऐसी उपयोगिता जो किसी वैयक्तिक सेवा से प्राप्त की

जाए। किसी वकील, डाक्टर, अध्यापक, संगीतकार, नर्तकी आदि की सेवाएँ सेवा-उपयोगिता के कुछ एक उदाहरण है।

Services, direct प्रत्यक्ष सेवाएँ

Services, instrumental साधक सेवाएँ

Services, investment निवेश सेवाएँ

Services, multiplication of सेवाओ का गुणन, सेवाओ का बाहुल्य

Services, personnel कार्मिक सेवाएँ

Services, professional व्यावसायिक सेवाएँ

Services, union संघीय सेवाएँ

Servitude दासत्व

Setback in trade व्यापार मे धक्का

Set of bills विनिमय-पत्र का सेट/कुलक

Set of values मूल्य-कुलक

Sets of data आँकड़ो के कुलक

Set-up of the Reserve Bank of India भारत के रिजर्व बैंक की व्यवस्था

Settled labour आवासित श्रम

Settled methods of agriculture कृषि के निश्चित तरीके

Settlement व्यवस्था, बन्दोबस्त, भू-व्यवस्था

Settlement, consent सम्मत समझौता

Settlement, permanent स्थायी बन्दोबस्त

Settlement, temporary अस्थायी बन्दोबस्त

Settlement holder व्यवस्थाधारी

Settlement machinery समझौता तंत्र

Settlement of industrial disputes औद्योगिक विवादो का समाधान

Settlement records भू-व्यवस्था अभिलेख

Severable contract विच्छेदनीय संविदा

Severance Pay (=Redundancy Payment) सेवा-निवृत्ति वेतन—स्वचालकता या श्रम-बचाव मशीनरी के प्रचालन या माँग में परिवर्तन के फलस्वरूप, जो श्रमिक नौकरी से अलग कर दिए जाएँ, उनको दी जाने वाली क्षति-पूर्ति को सेवा-निवृत्ति वेतन कहा जाता है।

Severance tax पृथक्करण कर, विच्छेदन कर

Severely under-employed अत्यधिक अल्परोजगार ग्रस्त

Sex composition लिंगमूलक रचना

Sex ratio स्त्री-पुरुष अनुपात, लिंगमूलक अनुपात

Shaded area आच्छादित क्षेत्रफल

Shadow money आभासी मुद्रा

Shadow prices (=Accounting Prices) **अनुमानित कीमतें, छाया कीमतें, लेखांकन कीमतें**—इन कीमतों का सुझाव जे० टिनबर्जन (J. Timbergen), एच० बी० चेनेरी (H. B. Chenery) और के०एस०क्रेचमर (K.S. Kretchmer) ने दिया। ये कीमतें उत्पादन के साधनो के वास्तविक मूल्य को दर्शाती हैं। इनसे अभिप्राय उन कल्पित कीमतो से है जिन पर माँग को सन्तुष्ट करने के लिए पर्याप्त संभरण उपलब्ध होता है और जिनके अभ्यारोपण से उत्पादन के साधनो का उचित प्रयोग सभव हो सकता है।

कीमत प्रक्रिया द्वारा संसाधनो का सही आवंटन नही होता क्योंकि यह संसाधनो की दुर्लभता का वास्तविक चित्र प्रस्तुत नही करती। अनुमानित कीमतों की विधि इस समस्या का समाधान करती है। संयुक्त राष्ट्र संघ के एक अध्ययन के अनुसार, "अनुमानित कीमतें अर्थ-व्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रो मे विनियोग परि-योजनाओ के मूल्यांकन के लिए एक सुविधाजनक अस्त्र है। पूँजी, श्रम या विदेशी मुद्रा जैसे आदानो (Inputs) की अनुमानित कीमतें उनकी 'अवसर लागत' या उनकी एक इकाई से कम पूर्ति होने पर अर्थव्यवस्था को होने वाली हानि का प्रतिनिधित्व करती है। जिस साधन की पूर्ति के अभाव की सम्भावना होगी, उसकी अनुमानित कीमत उसकी बाजार कीमत से अधिक होगी जबकि जिस साधन की बहुतायत होगी, उसकी अनुमानित कीमत बाजार कीमत की अपेक्षा कम होगी।" अतः यदि अर्थव्यवस्था का उद्देश्य राष्ट्रीय आय को अधिकतम करना है, तो विनियोग के आयोजन मे जिन कीमतो को संकेत स्वरूप माना जाएगा, वे बाजार कीमतें नही, बल्कि अनुमानित कीमतें होंगी।

अनुमानित कीमतो की गणना में कुछ कठिनाइयाँ हैं क्योंकि लोग इन कीमतों को

सरलतापूर्वक समझ नही सकते। दूसरे, अनुमानित कीमतो के मूल्याकन की कोई पूर्ण विधि नही है। बहुधा आँकडो के अभाव के कारण इन कीमतो का मूल्याकन कठिन होता है। अनुमानित कीमतो पर आधारित योजनाओ को स्वीकार करने के प्रति निजी उद्यमकर्ताओ एव सरकारी अधिकारियो मे पूर्ण अनिच्छा पायी जाती है। अत इन कीमतो के कार्यान्वयन से वित्तीय प्रशासन से सम्बन्धित समस्याएँ उत्पन्न होंगी। इसके अतिरिक्त, विशेष परियोजनाओ से प्राप्त लाभो एव लागतो के मूल्यांकन के लिए अनुमानित कीमतो का प्रयोग मनमाना होगा क्योकि अनुमानित कीमतों मे परिवर्तन के बारे मे भविष्यवाणी करना कठिन है। इसी कारण प्रोफेसर गुन्नार मिर्डल ने अनुमानित कीमतो की व्यावहारिकता पर विचार करते हुए लिखा : "अनुमानित कीमतो की अमूर्त एव काल्पनिक धारणा दक्षिण-एशियाई आयोजको के समक्ष सैद्धान्तिक *एव व्यावहारिक समस्याओ को सुलझाने मे* सहायक नहीं हो सकती।" इन कीमतो को लेखाकन कीमतें (Accounting Prices) भी कहते हैं।

Shadow seller's price छाया विक्रेता कीमत
Shamlat society शामलात समिति
Share हिस्सा, अश, भाग
Share allotment हिस्सा वण्टन
Share broker हिस्सो का दलाल
Share capital हिस्सा/अश पूँजी
Share capital, deferred आस्थगित हिस्सा पूंजी
Share certificate हिस्सा-प्रमाण-पत्र
Share crop बटाई फसल
Share cropper फसल सहभाजक, बटाईदार
Share cropping बटाई, अध-बटाई
Share cultivation बटाई पर खेती
Share holder हिस्सेदार, अशधारी
Share holding हिस्सा-धारण, अशधारिता
Share in net profits शुद्ध लाभ मे हिस्सा
Share market हिस्सा बाजार
Share money हिस्सा मुद्रा, हिस्सा राशि
Share of stock स्कन्ध का अंश
Share of taxes करो का भाग
Share pushing हिस्सों का दबावाधीन विक्रय, अंशों का तुच्छ व्यापारी—इस पद का अर्थ हिस्सो को अति-दबावपूर्ण विक्रय-कला के आधीन बेचना है। इस उद्देश्य के लिए हिस्सो को उनके वास्तविक मूल्य से अधिक मूल्य पर बेचने के लिए फर्में झूठे वक्तव्य जारी करती हैं। इन वक्तव्यों का प्रकाशन एक कानूनी अपराध है, यदि यह प्रमाणित कर दिया जाए कि वे वक्तव्य सत्य नही हैं और उनका उद्देश्य विनियोक्ताओ को बरगलाना है।
Share qualification (न्यूनतम) शेयर/हिस्सा
Share rent बटाई लगान
Share tenant बटाई काश्तकार
Share transfer हिस्सा अन्तरण/हस्तातरण
Share warrant शेयर/अंश अधिपत्र
Shared taxes सहभाजित कर
Sharer अंशभागी, हिस्सेदार
Shares, cumulative preference सचयी अधिमान हिस्से
Shares, deferred स्थगित हिस्से
Shares, equity इक्विटी हिस्से
Shares, founder's संस्थापक हिस्से
Shares, irredeemable अप्रतिदेय हिस्से
Shares, non-cumulative preference असचयी अधिमान हिस्से
Shares non-traded निष्क्रिय हिस्से, अविक्रेय हिस्से
Shares, ordinary साधारण हिस्से
Shares, preference अधिमान हिस्से
Shares, promoter's प्रवर्तक हिस्से
Shares, redeemable प्रतिदेय हिस्से
Shares, splitting अंश विभाजन, हिस्सो की बाँट
Shares, traded विक्रेय हिस्से
Shares, transferable हस्तान्तरण योग्य/हस्तातरणीय हिस्से
Shares, voting मताधिकारी हिस्से
Shares and securities हिस्से एव प्रतिभूतियाँ
Sharing हिस्सा बाँटना, विभाजन, बाँट लेना
Sharing in cultivation कृषि मे अश रखना

Sheltered industries परिरक्षित उद्योग

Sherman Anti-trust Act शरमन ट्रस्ट-विरोधी अधिनियम -- संयुक्त राज्य अमरीका में 1880 में पारित

Shift अन्तरण, पारी, विचलन

Shift, differential अधिवेतन पारी, विभेदक पारी

Shift, fixed बँधी पारी

Shift, graveyard अन्तिम पारी

Shift, night रात्रि पारी

Shift, split सविराम पारी

Shift, swing अपर पारी

Shift boss पारी अफसर

Shift in demand माँग में परिवर्तन

Shift of occupation व्यवसायान्तरण

Shiftable security विनिमय-साध्य प्रतिभूति

Shiftability of securities or bonds प्रतिभूतियों अथवा बांडों की विनिमेयता

Shiftability without loss बिना किसी क्षति के विनिमेयता

Shifting अन्तरण, हस्तांतरण

Shifting, backward पश्चवर्ती विवर्तन

Shifting, forward अग्र विवर्तन

Shifting *equilibrium* परिवर्ती संतुलन, विवर्ती संतुलन

Shifting of taxes कर विवर्तन, करान्तरण, कर-हस्तांतरण, कर-भार विवर्तन

Shifting of tax burden कर-भार विवर्तन

Shifting through price कीमत द्वारा विवर्तन

Shifts, overlapping परस्परव्यापी पारियाँ

Shifts, rotating बदलती पारियाँ

Shifts, staggering फेरवीं पारियाँ

Ship-building पोत-निर्माण

Ship-building industry जहाज बनाने का उद्योग, पोत-निर्माण उद्योग

Shipment पोत-लदान

Shipment schedules पोत-लदान अनुसूचियाँ

Ship money जलयान कर

Shipping नौ-परिवहन

Shipping business पोत-व्यापार

Shipping company नौ-परिवहन कम्पनी

Shipping conferences नौ-परिवहन सम्मेलन, जहाजरानी सम्मेलन

Shipping Corporation, Eastern पूर्वी जहाजरानी निगम

Shipping Corporation, Western पश्चिमी जहाजरानी निगम

Shipping freight नौ-भाड़ा, जहाज-भाड़ा

Shipping Policy Committee जहाजरानी नीति समिति

Shipping price नौ-भरण कीमत

Shipping rings जहाजरानी कम्पनियों के गुट

Shipping services जहाजरानी सेवाएँ

Shipyard पोत प्रांगण

Shop, fair price उचित दर दुकान

Shopping, hinterland क्रेता परिक्षेत्र, क्रेता पृष्ठ प्रदेश

Shopping hours खरीदारी का समय, पण्यन-समय

Shortages अभाव, कमी

Shortfalls कमियाँ, न्यूनताएँ

Short credits अल्पकालिक उधार

Short dated bills अल्पकालीन विपत्र/बिल

Short-dated loan अल्पकालीन उधार

Short-dated fund अल्पकालीन उधार निधि

Short-dated money अल्पकालीन राशि

Short-dated money market अल्पकालिक मुद्रा बाजार

Short-dated paper अल्पावधि प्रपत्र

Short notice money अल्पकाल में देय राशि

Short notice loan अल्पकाल सूचना उधार

Short period अल्पावधि

Short period cost curves अल्पकालीन लागत वक्र

Short period equilibrium अल्पावधि साम्य/संतुलन

Short period loan अल्पकालिक उधार

Short period market अल्पावधि विपणि/बाजार

Short period normal price अल्पकालीन सामान्य कीमत

Short period price अल्पावधि-कीमत
Short period trend अल्पावधि प्रवृत्ति
Short rate अल्पकालिक-दर
Short run अल्पकाल
Short run expectations अल्पकालीन प्रत्याशाएँ
Short run phenomenon अल्पकालीन घटना/क्रिया
Short sale मद विक्री
Short-sighted policy अल्पदृष्टि नीति, निकट दृष्टि नीति, अदूरदर्शी नीति
Short term अल्पावधि, अल्पकालीन
Short term capital अल्पावधि पूँजी
Short term credit अल्पावधि उधार
Short term equilibrium of the firm under monopolistic competition एकाधिकारात्मक प्रतियोगिता के अन्तर्गत फर्म का अल्पकालीन सतुलन
Short term farm credit अल्पकालीन कृषि ऋण
Short term finance अल्पकालिक वित्त प्रबन्ध
Short term fluctuations अल्पावधि उच्चावचन
Short term foreign funds अल्पावधि विदेशी पूँजी कोष
Short term investment अल्पकालिक विनियोग
Short term loan अल्पावधि उधार
Short term oscillations अल्पावधि प्रदोल/घटबढ़
Short term rates अल्पकालिक दरें
Short term rate of interest ब्याज की अल्पावधि दर
Short term securities अल्पावधि प्रतिभूतियाँ
Short term tax अल्पावधि कर
Short term settlement अल्पावधि बन्दोबस्त
Short term solution अल्पकालिक समाधान
Short term trading bill of exchange अल्पकालिक व्यापारिक विनिमय-पत्र
Short term treasury bill market अल्पावधि राजकोष पत्र बाजार
Short wave business cycle अल्पकालिक व्यवसाय-चक्र
Shut down कामबंदी
Shut down (prime) Cost कामबंदी कीमत, प्राथमिक लागत, मूल लागत—यह शब्द प्राथमिक लागत या प्रत्यक्ष लागत के लिए इस्तेमाल किया जाता है। इसका अभिप्राय कच्चे मालों तथा अन्य ऐसे चालू भुगतान से है जिसे फर्म टाल नहीं सकती। यदि कीमत इस लागत से भी कम हो जाए, तो फर्म के पास उत्पादन बन्द करने की अपेक्षा और कोई चारा नही रह जाता।
Sick leave अस्वस्थता अवकाश
Sickness benefit बीमारी सबंधी लाभ
Sickness insurance बीमारी-बीमा
Sight bill of exchange दर्शनी हुण्डी, दर्शनी विनिमय-पत्र
Sight draft दर्शनी ड्राफ्ट/हुण्डी
Sighting a bill विपत्र-दर्शन, बिल के दर्शन
Silent partner निष्क्रिय भागी
Sigma effect सिग्मा प्रभाव
Silver coin चाँदी का सिक्का
Silver standard रजत मान
Similar persons समरूप व्यक्ति
Similar triangles एक-से त्रिभुज
Simple arbitrage एकान्तरपणन, सरल मूल्यान्तर लाभार्थ क्रय-विक्रय
Simple commodity production साधारण वस्तु उत्पादन
Simple competition साधारण प्रतियोगिता
Simple deposit system साधारण जमा-प्रणाली
Simple index number साधारण सूचकांक
Simple interest सरल ब्याज
Simple monopolist सामान्य एकाधिकारी
Simple monopoly सामान्य एकाधिकार
Simple premises सरल पूर्वावयव
Simple random sampling सरल यादृच्छिक नमूना-चयन
Simple reserve सरल रक्षित निधि
Simplification सरलीकरण
Simplified model सरलीकृत मॉडल
Simplified version सरलीकृत वर्णन
Simulation Games For Business व्यापार के लिए स्वांग खेल—नए उच्चाधिकारियों को

वास्तविक व्यापारिक जीवन का ज्ञान कराने के लिए खेलों का स्वांग करना। खेल के अन्दर उच्चाधिकारी को उसी प्रकार की समस्या का समाधान करना पड़ता है जो कि सामान्यतया उच्च स्तर के प्रबन्धकों के सामने पेश आती हैं। इन खेलों के नियम व्यापारिक अर्थशास्त्र की वास्तविक परिस्थितियों के जहाँ तक सम्भव हो तदनुरूप ही रखे जाते हैं। इन खेलों में कम्प्यूटर (Computer) की सहायता भी ली जाती है।

Simultaneous algebraic equations समकालिक बीजीय समीकरण

Simultaneous multiple growth एक साथ बहुमुखी विकास

Simultaneous variations in the supply of labour and capital श्रम एवं पूँजी की पूर्ति में समकालिक परिवर्तन

Simultaneous multiplier एककालिक गुणक

Simultaneous working of multiplier and accelerator गुणक एवं त्वरक की समकालिक कार्यशीलता

Sinecure कार्यभार रहित नौकरी, चैन की नौकरी—बिना किसी कार्यभार के, लाभ या प्रतिष्ठा की नौकरी अथवा पद जिसमें वेतन भी काफी अधिक मिले।

Sine qua non (indispensable) अपरिहार्य

Single commodity एकल वस्तु

Single employer bargaining एक मालिक सौदेबाजी

Single entry system एक प्रविष्टि, इकहरी खतान पद्धति

Single firm monopoly एक-फर्म एकाधिकार

Single monopoly price एकीय-एकाधिकारी/एकाधिकारात्मक कीमत

Single point basis एक-बिन्दु आधार

Single point sales tax एक-बिन्दु बिक्री-कर

Single shift system इकहरी पारी पद्धति

Single standard एकी प्रमाप

Single tax एकी कर

Single tax system एकी/एक कर प्रणाली—विभिन्न समयों पर यह सुझाव दिया गया कि सरकार को अपनी जरूरतों के लिए समस्त आगम, आय पर लगाए गए एक ही कर से प्राप्त कर लेना चाहिए। इसके पक्ष में तर्क यह दिया गया कि आयकर का निर्धारण न्याय एवं समानता के सिद्धान्त के अनुसार करना अपेक्षाकृत सुगम है। पर आधुनिक सरकारों को इस प्रस्ताव को स्वीकार करने में मुख्य कठिनाई यह है कि इस कर की दर बहुत ऊँची और इसका प्रशासन बहुत कड़ा करना होगा। परिणामतः इसका कार्य करने की इच्छा पर दुष्प्रभाव पड़ सकता है और इससे कर-चोरी की प्रवृत्ति बढ़ सकती है। परिणामतः यह सुझाव किसी भी देश में स्वीकार नहीं किया गया।

Single union bargaining एक संघ सौदाकारी

Single use goods एक प्रयोग वाली वस्तुएँ

Single versus multiple note-issue एक बनाम अनेक नोट-निर्गमन प्रणाली

Sink of precious metals बहुमूल्य धातुओं की खपत के लिए गड्ढा

Sinking bond शोधन निधि बांड

Sinking Fund ऋण शोधन निधि, ऋण-निवारण निधि—इसका अर्थ ऐसी निधि से है जिसमें नियत-कालिक रूप में धनराशियाँ डाली जाती हैं। इस प्रकार एकत्र राशि और उससे प्राप्त ब्याज का प्रयोग किसी ऋण का भुगतान करने या किसी परिसम्पत् अथवा मशीनरी का प्रतिस्थापन करने के लिए किया जाता है।

Sit-down strike धरना, बैठ हड़ताल—कर्मचारियों की प्रार्थना या माँग स्वीकार न होने तक कारखाने या प्रतिष्ठान के बाहर अड़कर बैठना।

Site value स्थल/स्थान मूल्य

Situation value स्थिति मूल्य

"Six" and "Seven" छः और सात—योरोप के दो मुक्त व्यापार क्षेत्र—योरोपीय साझा बाजार (European Common Market) और योरोपीय मुक्त व्यापार क्षेत्र (European Free Trade Area)। चूँकि इन दो संस्थाओं के आरम्भ में क्रमशः छः और सात सदस्य थे, इसलिए इन्हें "छः" और "सात" कहा जाता है।

Size distribution of income आय का आकार वितरण
Size of country's population देश की जनसंख्या का आकार
Size of family परिवार का आकार
Size of the farm खेत का आकार, फार्म का आकार
Size of holding जोत का आकार
Size of income आय का आकार
Size of market बाजार का आकार
Size of national income राष्ट्रीय आय का आकार
Skewed series वैषम्य माला
Skewness विषमता, वैषम्य
Skill classifications दक्षता पर आधारित वर्गीकरण
Skill formation कौशल-निर्माण
Skilled labour दक्ष/कुशल श्रम
Skilled labour, semi अर्द्धकुशल श्रम
Skin-friction (of ship) पृष्ठघर्षण
Sky-rocketting prices गगनचुम्बी कीमतें, तेजी से चढ़ती कीमतें
Slab basis शिला पद्धति के आधार पर
Slab rates of lending उधार की शिलापट्ट दरें
Slab system वर्ग प्रणाली
Slab system of taxation कराधान की खंड पद्धति
Slave economy दास-अर्थव्यवस्था
Slave labour दास श्रम
Slavery दासत्व, दासता, दास-प्रथा
Slavery, commercial वाणिज्यिक दास-प्रथा
Slavery, domestic घरेलू दास-प्रथा
Sleeping partner निष्क्रिय साझेदार
Sliding Scale विसर्पी क्रम, विसृप अनुमाप— इसका अर्थ ऐसी मजदूरी-प्रणाली से है जिसमें प्रदान की गयी दर रहन-सहन की लागत के साथ परिवर्तित होती है और इस उद्देश्य के लिए रहन-सहन का उपभोक्ता सूचकांक या परचून कीमतों के सूचकांक का प्रयोग किया जाता है।
Sliding scale tariff विसृप प्रशुल्क
Sliding scale wages विसृप मजदूरी मान
Slightly differentiated product तनिक विभेदीकृत वस्तु
Slightly regressive थोड़ा अवरोही
Slipshod dogmatism लचर सिद्धान्तवाद/सिद्धान्तवादिता
Slope of the demand curve माँग वक्र का प्रावण्य/ढलान
Slow asset कालापेक्षी परिसम्पत्
Slow down मन्द गति से काम करना
Slum clearance गन्दी/मलिन बस्तियों की सफाई
Slump मंदी, अवपात, अवसाद
Slump equilibrium अवसाद साम्य/सन्तुलन
Slutsky Method स्लटस्की विधि—आय एवं स्थानापत्ति प्रभावों को इस विधि द्वारा पृथक् कर सकते हैं।
Small coin depots छोटे सिक्कों के गोदाम
Small entrepreneurs छोटे उद्यमकर्ता
Smaller waves of innovations नवप्रवर्तनों की लघु लहरें
Small factory छोटी फैक्ट्री, छोटा कारखाना
Small holdings लघु/छोटी जोत
Small inducement मामूली प्रोत्साहन
Small industry लघु उद्योग
Small savings movement अल्पबचत आन्दोलन
Small savings scheme अल्पबचत योजना
Small Savings Scheme Organisation अल्पबचत योजना संस्था
Small scale लघु पैमाना
Small scale enterprise छोटे पैमाने का उद्यम
Small scale farming लघु-स्तर खेती
Small scale industries लघु-स्तर उद्योग
Small scale production लघु-स्तर उत्पादन, छोटे पैमाने का उत्पादन
Smoke-nuisance धुआ-अनुत्रास
Smooth curve सरलित वक्र, निष्कोण वक्र
Smoothed histogram सरलित आयतचित्र
Smuggling तस्कर व्यापार
Snob appeal वर्गदम्भी आकर्षण

Spacing of children बच्चों के जन्म के बीच समयांतर देना

So-called 'cynical' rule of taxation कराधान के तथाकथित दोषान्वेषी नियम

Social accounting सामाजिक लेखा विधि—सामाजिक लेखांकन पद्धति समष्टि अर्थशास्त्र में हाल ही में विकसित की गई एक प्रणाली है जिसके द्वारा राष्ट्रीय आय का अध्ययन किया जाता है। उत्पादन, उपभोग, बचत, विनियोग, व्यय और आय-उपार्जन की आर्थिक क्रियाएँ व्यक्तियों, परिवारों, फर्मों, संस्थानों, धर्मार्थ संस्थाओं, सरकारी निकायों आदि द्वारा की जाती है। इनमें से प्रत्येक इकाई अपने सौदों का किसी न किसी रूप में हिसाब रखती है। यदि इन सब लेखों को जोड़ लिया जाए, तो ये मिल कर सामाजिक लेखा या राष्ट्रीय लेखा कहलाते हैं। प्रत्येक सौदे में दो आर्थिक इकाइयों की जरूरत पड़ती है, एक भुगतान करने वाली और दूसरी भुगतान प्राप्त करने वाली। इन सौदों को रिकार्ड करने के लिए दोहरी खतान पद्धति का प्रयोग करना पड़ता है और इस प्रकार इन सभी लेखों का समेकन कर उत्पादन, उपभोग, सरकार और पूँजी-निर्माण के लेखे तैयार किए जाते हैं ताकि उनका अर्थव्यवस्था में आपसी सम्बन्ध ज्ञात हो सके। अतः सामाजिक लेखांकन पद्धति आर्थिक सिद्धान्तों और आर्थिक घटनाओं के प्रवाप में एक पुल का कार्य करती है। इसका मूल लक्ष्य अर्थव्यवस्था के विभिन्न अंगों को स्पष्ट करना है ताकि यह पता चल सके कि अर्थव्यवस्था अपनी मूल समस्याओं (अर्थात् इसे क्या उत्पन्न करना है, किसके लिए उत्पन्न करना है और उत्पादन के साधनों के प्रतिफल को वर्तमान और भावी विकास के लिए कैसे बांटना है) को कैसे हल करती है।

Social accounts सामाजिक खाते

Social activities सामाजिक कार्य/क्रियाएँ

Social and economic overheads सामाजिक और आर्थिक उपरिव्यय

Social and economic status सामाजिक और आर्थिक प्रतिष्ठा/पद/स्थान

Social and economic values सामाजिक एवं आर्थिक मूल्य

Social aspect सामाजिक दृष्टिकोण

Social assistance सामाजिक सहायता

Social attitude सामाजिक अभिवृत्ति/मनोवृत्ति

Social being सामाजिक प्राणी

Social benefit सामाजिक लाभ

Social budgeting सामाजिक बजट बनाना, सामाजिक बण्टन

Social capital सामाजिक पूँजी

Social change सामाजिक परिवर्तन

Social classification सामाजिक वर्गीकरण

Social contract theory of money मुद्रा का सामाजिक संविदा सिद्धान्त—जॉन लॉक ने अपने राजनीतिक दर्शन के अनुकूल मुद्रा के सामाजिक संविदा सिद्धान्त का भी प्रतिपादन किया था।

Social control of banks बैंकों का सामाजिक नियंत्रण

Social cost सामाजिक त्याग, सामाजिक लागत—किसी प्रकार की आर्थिक क्रिया के फलस्वरूप समाज के लिए कुल लागत। उदाहरणार्थ, धुएँ के कारण परिवेश का दूषित होना, परिवहन की भीड़-भाड़ आदि के कारण समाज को काफी खर्च करना पड़ता है जो कारखानों में उत्पन्न वस्तुओं की कीमतों में समाविष्ट नहीं किया जा सकता। सरकार द्वारा किए गए इन खर्चों को जब निजी लागतों (Private costs) में शामिल किया जाता है, तो इसका योगफल सामाजिक लागत ही है।

Social cost of the marginal unit सीमान्त इकाई का सामाजिक व्यय

Social credit सामाजिक साख, सामाजिक उधार

Social credit movement सामाजिक साख आन्दोलन

Social desirability सामाजिक वांछनीयता

Social dividend सामाजिक लाभांश

Social economics सामाजिक अर्थशास्त्र—हैगनबक (Hagenbuch) ने सामाजिक अर्थशास्त्र की व्याख्या इस प्रकार की है—

(i) यह व्यावहारिक अर्थशास्त्र की एक शाखा है।
(ii) यह व्यावहारिक सांख्यिकी की एक शाखा है जिसमे सामाजिक समस्याओ की सीमा और स्वरूप को अंको की सहायता से नापा जाता है।
(iii) यह आर्थिक व्यवहार के सामाजिक कारणो का अध्ययन है। आर्थिक परिवेश-शास्त्र (economic ecology).
(iv) यह आर्थिक व्यवहार के सामाजिक परिणामो का अध्ययन है। (कल्याण अर्थशास्त्र)

Social economy सामाजिक मितव्ययता, सामाजिक अर्थव्यवस्था

Social engineering सामाजिक इंजीनियरिंग—इस शब्द का प्रयोग सबसे पहले रॉसको पाउण्ड (Roscoe Pound) नामक एक अमेरिकी दार्शनिक ने किया। उसके अनुसार सामाजिक एव आर्थिक सम्प्रदाय को, या इसके अंगो को, किसी केन्द्रीय प्राधिकार द्वारा एक विशेष सामाजिक उद्देश्य के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। प्रोफेसर कार्ल पोपर ने इसकी और संशोधित परिभाषा कर इसे खण्डश: सामाजिक इंजीनियरिंग और व्यापक सामाजिक इंजीनियरिंग मे विभक्त किया।

व्यापक सामाजिक इंजीनियरिंग मे समाज की कल्पना एक मशीन के रूप मे की जाती है जिसका निर्माण, मार्गदर्शन एव निर्देशन किया जा सकता है। उदाहरणार्थ, इसमे शहरी गन्दी बस्तियो का सर्वेक्षण करके नगर आयोजन किया जा सकता है, इसमे कारखानो को रिहायशी बस्तियो से दूर रखने की योजना बनाई जा सकती है, इसमे क्रय-विक्रय केन्द्र एव मनोरंजन विषयक सुविधाएँ कायम करने का आयोजन किया जा सकता है। इस प्रकार सामाजिक इंजीनियरिंग का उद्देश्य मनुष्य-समाज और उसके आर्थिक सम्बन्धो पर तकनीकी या यान्त्रिक इंजीनियरिंग के सिद्धान्त लागू करना है।

दूसरे शब्दो मे, इसका उद्देश्य सामाजिक आवश्यकताओ का पूर्वानुमान लगाना और इन सामाजिक लक्ष्यो की प्राप्ति मे व्यर्थ व्यय को कम करना है।

इस विचार-पद्धति के आलोचको का मत है कि समाज को एक मशीन के रूप मे कल्पित नही किया जा सकता क्योकि सामाजिक संस्थान चेतन निर्णयो का परिणाम नही होते बल्कि समग्र एवं स्वय स्फूर्त मानवीय क्रियाओ का परिणाम होते है। अतः उनका मत यह है कि इस प्रकार के प्रयास केवल खण्डश: आर्थिक एव सामाजिक परिवर्तन ला सकते है, परन्तु समाज के ढाँचे को बदल नही सकते।

Social equality सामाजिक समानता
Social expenditure सामाजिक व्यय
Social framework सामाजिक ढांचा/रूपरेखा
Social friction सामाजिक प्रतिरोध, सामाजिक घर्षण
Social fund सामाजिक निधि
Social gain सामाजिक लाभ
Social harmony सामाजिक सुमेल/समन्वय/सामजस्य
Social hierarchy सामाजिक सोपान
Social imbalance सामाजिक असंतुलन
Social income सामाजिक आय
Social injustice सामाजिक अन्याय
Social institutions सामाजिक संस्थाएँ
Social insurance सामाजिक बीमा
Social insurance contribution सामाजिक बीमा योगदान
Social justice सामाजिक न्याय
Social justice oriented rapid economic development सामाजिक-न्यायोन्मुख तीव्र आर्थिक विकास
Social maladjustment सामाजिक असमजन/अव्यवस्था
Social marginal productivity, criterion of सीमात सामाजिक उत्पादिता का मानदण्ड/की कसौटी
Social marginal utility सामाजिक सीमात उपयोगिता
Social monopoly सामाजिक एकाधिकार
Social movement सामाजिक आन्दोलन

Social net product सामाजिक शुद्ध उत्पाद— इस शब्द का प्रयोग सबसे पहले प्रोफेसर पीगू द्वारा किया गया। शुद्ध राष्ट्रीय आय में से उत्पादन के दौरान उत्पन्न होने वाली कुसेवाओं (Disservices) को दूर करने के लिए किए गए सरकारी व्यय को घटाने से सामाजिक शुद्ध उत्पाद प्राप्त किया जाता है। कुसेवाओं में औद्योगिक नगरों की अस्वस्थ दशाएँ, अपूर्ण प्रतियोगिता के व्यर्थव्यय (विशेषकर प्रतियोगी विज्ञापन), मादक पदार्थों का उत्पादन एवं विक्रय और जुआ आदि की क्रियाएँ शामिल की जाती है।

Social order सामाजिक व्यवस्था

Social *optimum* समाज-सर्वोत्तम, सामाजिक अनुकूलतमावस्था

Social outlay सामाजिक परिव्यय

Social overheads सामाजिक उपरिव्यय

Social overhead capital सामाजिक उपरिपूँजी

Social parasitism सामाजिक परजीविता

Social planning सामाजिक आयोजन

Social prestige सामाजिक प्रतिष्ठा

Social relationship सामाजिक सम्बन्ध

Social relations of production उत्पादन के सामाजिक सम्बन्ध

Social responsibility सामाजिक दायित्व

Social rigidities सामाजिक कठोरताएँ

Social sanitation सामाजिक स्वच्छता

Social sanctions सामाजिक स्वीकृतियाँ, सामाजिक आदेश

Social savings सामाजिक बचत

Social scale of *preference* समाज के अधिमान का पैमाना/मापदण्ड

Social science सामाजिक विज्ञान

Social security सामाजिक सुरक्षा

Social security contribution सामाजिक सुरक्षा अंशदान/योगदान

Social security expenditure सामाजिक सुरक्षा व्यय

Social security funds सामाजिक सुरक्षा निधियाँ

Social security measures सामाजिक सुरक्षा सम्बन्धी उपाय

Social security tax सामाजिक सुरक्षा कर

Social services सामाजिक सेवाएँ

Social service agency समाज सेवा संस्था/एजेन्सी

Social structure सामाजिक संरचना/ढाँचा

Social system सामाजिक प्रणाली

Social thrift सामाजिक बचत

Social transfer सामाजिक अन्तरण

Social valuation सामाजिक मूल्यांकन

Social values सामाजिक मूल्य

Social wage सामाजिक मजदूरी

Social waste सामाजिक क्षति/व्यर्थव्यय/क्षय

Social wealth सामाजिक सम्पत्ति

Social welfare सामाजिक कल्याण

Social welfare function सामाजिक कल्याण फलन

Social welfare principle of taxation कराधान *का समाज-कल्याण सिद्धान्त*

Social workshop सामाजिक प्रयोगशाला

Socialisation समाजीकरण

Socialisation of banks बैंकों का समाजीकरण

Socialisation of industries उद्योगों का समाजीकरण

Socialisation of investment निवेश का समाजीकरण

Socialisation of manufacture विनिर्माण का समाजीकरण

Socialisation of property सम्पत्ति का समाजीकरण

Socialised concerns समाजीकृत फर्में

Socialised industry समाजीकृत उद्योग

Socialised production समाजीकृत उत्पादन

Socialism समाजवाद

Socialism, agrarian कृषक समाजवाद

Socialism, associative साहचर्य समाजवाद

Socialism, Christian ईसाई समाजवाद

Socialism, competitive प्रतियोगितापरक/प्रतियोगी/समाजवाद

Socialism, creeping मंदगति समाजवाद
Socialism, democratic जनतान्त्रिक समाजवाद, लोकतान्त्रिक समाजवाद
Socialism, Fabian फेबियन समाजवाद
Socialism, guild श्रेणी समाजवाद
Socialism, Marxian मार्क्सवादी समाजवाद
Socialism, municipal म्यूनिसिपल समाजवाद
Socialism, revisionist संशोधनवादी समाजवाद
Socialism, revolutionary क्रांतिकारी समाजवाद
Socialism, scientific वैज्ञानिक समाजवाद—इसका अर्थ मार्क्स द्वारा प्रतिपादित किए गए उस सिद्धान्त से है जिसके अनुसार पूंजीवादी समाज अपने नाश की ओर अनिवार्य रूप में गतिमान होता जाता है। मार्क्स ने अपने सिद्धान्त को अव्यवहार्य समाजवादियों के सिद्धान्त से पृथक् करने के लिए इसका नाम वैज्ञानिक समाजवाद रखा। मार्क्स के अनुसार चाहे अव्यवहार्य समाजवादियों ने सामाजिक आन्दोलन का उचित लक्ष्य अवश्य ही खोज लिया था परन्तु उनके द्वारा इसे प्राप्त करने का निर्देशित मार्ग सही नहीं था क्योंकि वे ऐतिहासिक एवं सामाजिक परिवर्तनों के स्वरूप को ठीक ढंग से समझ न सके। अतः उनका समाजवाद अव्यवहार्य और अवैज्ञानिक था। मार्क्स ने अपने वैज्ञानिक समाजवाद का आधार समग्र मानवीय एवं सामाजिक इतिहास का बनाया। चूंकि मार्क्स ने समाजवाद की अनिवार्यता का सिद्धान्त प्रतिपादित किया, इसलिए उसने अपने सिद्धान्तों को वैज्ञानिक माना और अपने विश्लेषण का नाम वैज्ञानिक समाजवाद रखा।
Socialism, state राजकीय समाजवाद—इस शब्द का प्रयोग कुछ हद तक संदिग्ध रूप में समाजवाद की मर्यादित मात्रा के लिए किया जाता है। इसमें मूलभूत उद्योगों के राष्ट्रीयकरण या एकाधिकारी प्रवृत्तियों का दमन करने के लिए उद्योग का राजकीय विनियमन शामिल हैं ताकि आर्थिक जीवन को स्थिर किया जा सके और इसमें आय तथा सम्पत्ति की असमानताओं को कम किया जा सके। कई बार इसका प्रयोग सामाजिक कल्याण सम्बन्धी विधान या अन्य पैतृकवादी उपायों के लिए किया जाता है। इसी प्रकार इसका प्रयोग ऊंची आय को कम करने के आरोही करारोपण की नीति के रूप में किया जाता है।
Socialism, utopian अव्यवहार्य समाजवाद
Socialism, achievements of समाजवाद का उपलब्धियां
Socialism, as a welfare ideal समाजवाद, कल्याणकारी आदर्श के रूप में
Socialist समाजवादी
Socialist, associative साहचर्य समाजवादी
Socialist, bourgeois बुर्जुआ-समाजवादी
Socialist, radical उग्र समाजवादी
Socialist blue-print समाजवादी कार्यक्रम की रूपरेखा
Socialist economy समाजवादी अर्थव्यवस्था
Socialist emulation समाजवादी प्रतिस्पर्धा
Socialist enterprise समाजवादी उद्यम
Socialist objectives समाजवादी लक्ष्य
Socialist pattern of society समाजवादी ढंग का समाज
Socialist planning समाजवादी आयोजन
Socialist theory of crisis संकट का समाजवादी सिद्धान्त
Socialistic society समाजवादी अर्थव्यवस्था/समाज
Socially सामाजिक दृष्टिकोण से
Socially necessary labour सामाजिक रूप से आवश्यक श्रम
Socially optimal rate of growth सामाजिक दृष्टि से अनुकूलतम वृद्धि-दर
Society समाज, समिति, परिषद्
Society, affluent सुसम्पन्न/सुसमृद्ध समाज
Society, capitalist पूंजीवादी समाज
Society, classless वर्गहीन समाज
Society, pre-capitalist पूर्व-पूंजीवादी समाज
Socio-cultural obstacles सामाजिक एवं सांस्कृतिक बाधाएं
Socio-economic democracy समाजार्थिक लोकतन्त्र

Socio-economic relations समाजार्थिक संबंध
Socio-economic status समाजार्थिक प्रतिष्ठा
Socio-economic survey समाजार्थिक सर्वेक्षण
Socio-political theory of public finance लोक-वित्त का सामाजिक-राजनीतिक सिद्धान्त
Sociological factors in economic development आर्थिक विकास के समाजशास्त्रीय तत्त्व
Soft currency सुलभ चलार्थ/मुद्रा—यह दुर्लभ करेंसी का विलोम है। इसका अर्थ ऐसा करेन्सी से है जिसका संभरण उसकी माँग से अधिक हो। यह परिस्थिति तब विद्यमान होती है जब आयात निर्यात से अधिक होते है। इस प्रकार जिस देश की मुद्रा सुलभ करेन्सी होती है उसके साथ कुछ या सभी देशों का चालू खाते पर अनुकूल भुगतान-शेष होता है और इसी कारण विनिमय-दरें ऐसे देश के प्रतिकूल होती चली जाती हैं
Soft currency area सुलभ-चलार्थ क्षेत्र
Soft currency countries सुलभ-चलार्थ देश
Soft-drink industries अमादक पेय-पदार्थ उद्योग
Soft goods नाशवान वस्तुएँ—इनमें ऐसी उपभोग वस्तुएँ शामिल की जाती हैं जो चिरस्थायी नहीं होतीं, अर्थात् वे थोड़े ही समय में प्रयोग के पश्चात् व्यर्थ हो जाती हैं। साधारणतया, इन वस्तुओं में कपड़े, जूते, औषधियाँ आदि सम्मिलित की जाती हैं।
Soft job आसान काम
Soft loan window सुलभ उधार खिड़की—अन्तर्राष्ट्रीय विकास संघ को कुछ लोगों ने यह नाम दिया है।
Soft market गिरता बाजार
Soft money (=**Paper money**) सुलभ मुद्रा/पत्र-मुद्रा/नरम मुद्रा—संयुक्त राज्य अमेरिका में धातु मुद्रा के विरुद्ध इसका अर्थ कागजी मुद्रा से लिया जाता है।
एक और अर्थ में सुलभ मुद्रा से अभिप्राय ऐसी मुद्रा से है जिसके आन्तरिक तथा बाहरी दोनों मूल्य थोड़े से आर्थिक या सामाजिक दबाव से जल्दी-जल्दी बढ़ते-घटते रहते हैं।
Soil bank and crop restriction भूमि बैंक तथा फसल का सीमाबंधन
Soil conservation भू-रक्षण
Soil erosion मिट्टी का कटाव, भूमि-क्षरण
Soil reclamation भू-उद्धरण
Sold note विक्रीत नोट
Soldering on the job काम चोरी
Sole bargaining एकाधिकारी सौदेबाजी/एकल सौदाकारी
Sole employer एकमात्र नियोजक
Sole proprietorship एक व्यक्ति स्वामित्व, एकाकी स्वामित्व, एकल स्वामित्व
Sole tenant एकल भाटकी/किरायेदार/मुजारा
Sole trader एकल/एकाकी व्यापारी
Solidarism समेकतावाद
Solvency शोध क्षमता, सम्पन्नता, मालदारी
Solvency certificate शोधक्षमता प्रमाण-पत्र
Some degree of progression आरोहीपन के कुछ अंश
Sound finance ठोस वित्त
Sources of additional tax revenue करों से अतिरिक्त आय प्राप्त करने के स्रोत
Source of cash मुद्रा का उद्गम—केन्द्रीय बैंक सारे देश के लिए मुद्रा का उद्गम है।
Sources of development finance विकास वित्त के स्रोत
Source of fluctuations उच्चावचन का स्रोत
Source of light प्रकाश स्रोत
Source of power शक्ति का साधन
Source of profit लाभ के साधन, लाभ के स्रोत
Source of public revenue सार्वजनिक आय के साधन
Source of supply संभरण-स्रोत
Sovereignty of the consumer उपभोक्ता की प्रभुसत्ता, उपभोक्ता का प्रभुत्व
Sovietism सोवियतवाद
Spare cash अप्रयुक्त नकदी
Sparsely settled areas विरल आबादी वाले क्षेत्र
Spearhead money (=Occupation money) आधिपत्य मुद्रा
Special assessment विशेष कर, विशेष कर-निर्धारण

Special benefit revenue विशेष सेवा आय

Special case of joint supply संयुक्त संभरण की विशेष स्थिति

Special crossing विशेष रेखन

Special debt redemption levy विशेष ऋण-परिशोध-कर

Special deferred annuity विशेष स्थगित वार्षिकी

Special drawing rights विशेष प्राप्ति अधिकार, विशेष आहरण अधिकार—अन्तर्राष्ट्रीय तरलता को बढ़ाने के लिए अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (I.M.F) द्वारा जारी की गई एक विधि जिसके अनुसार विशेष आहरण अधिकारो को अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष से एक प्रकार का उधार नही माना जाएगा, परन्तु इसके बावजूद इनके द्वारा स्वर्ण और परिवर्तनीय मुद्राओ की पूर्ति की जाएगी और इस प्रकार वे प्रत्येक सदस्य की रक्षित-निधि का भाग बन जाएँगे। अतः विशेष प्राप्ति अधिकारों का उद्देश्य विभिन्न देशों के बीच मौद्रिक भुगतान के लिए स्वर्ण के साथ एक सहायक उपाय उपलब्ध कराना है। उदाहरणार्थ, यदि भारत मे स्वर्ण, डालर या स्टर्लिंग की कमी है, तो यह दूसरे देश को एक निश्चित सीमा तक उसकी करेन्सी के बदले विशेष प्राप्ति अधिकार के रूप मे भुगतान कर सकता है। इस योजना का सबसे महत्त्वपूर्ण पहलू यह है कि इन नयी इकाइयो मे से 70 प्रतिशत के लिए कभी भी भुगतान करने की आवश्यकता नही। वे तो वास्तव मे नयी निर्मित मुद्रा हैं और स्वर्ण, डालर और पाउण्ड के अतिरिक्त, विशेष प्राप्ति अधिकार अतिरिक्त प्रारक्षण (Reserves) का कार्य करेंगे। इसलिए इन्हे नयी प्रकार की कागजी मुद्रा कहा गया है जो कि बिना किसी शर्त के निर्मित की गई है। इसी कारण इसे पत्र-स्वर्ण कहते हैं।

बहुत से अर्थशास्त्रियों ने विशेष प्राप्ति अधिकार योजना की आलोचना इस आधार पर की है कि समृद्ध देशो को पत्र-स्वर्ण की बहुत अधिक मात्रा प्राप्त करने का अधिकार दे दिया गया है और विकास आवश्यकताओ के लिए कोई व्यवस्था नही की गयी। उदाहरणार्थ, विशेष प्राप्ति अधिकारों का 72 प्रतिशत समृद्ध और पूंजीवादी देशो को सौंप दिया गया है जबकि अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के 86 विकसमान और अधिक जरूरतमन्द सदस्य देशो को केवल 28 प्रतिशत प्राप्त हुआ है।

Special fund विशेष निधि

Special immediate annuity विशेष तुरत वार्षिकी

Special investment problem in under-developed countries अल्प-विकसित देशों की विनियोजन सम्बन्धी विशिष्ट समस्याएँ

Special privilege monopoly विशेष सुविधा एकाधिकार

Special property विशेष सम्पत्ति

Special treatment of certain forms of income कुछ किस्म की आयो के साथ विशिष्ट व्यवहार

Special United Nations Fund विशेष संयुक्त राष्ट्र निधि

Specialisation विशिष्टीकरण, विशेषज्ञता

Specialisation, functional कृत्यात्मक विशेषज्ञता

Specialisation, by process प्रक्रियामूलक विशिष्टीकरण

Specialisation, by product उत्पादमूलक विशिष्टीकरण

Specialised capital विशेषित पूंजी

Specialised capital goods विशेषित पूंजी वस्तुएँ

Specialised equipment विशेषित साज-सामान

Specialised firms विशेषित फर्में

Specialised skill विशिष्ट कौशल

Specialised techniques विशिष्ट तकनीकें

Specie सोना-चाँदी

Specie flow price mechanism द्रव्यावाह कीमत-शोधन प्रक्रिया

Specie point स्वर्ण-बिन्दु, स्वर्णांक, धातुबिन्दु—ये विनिमय के स्वर्ण बिन्दु भी कहे जाते हैं। स्वर्णमान के आधीन ये दो मुद्राओ की विनिमय-दरो मे परिवर्तन की चरम सीमाओ को निर्धारित करते हैं। यदि विनिमय की टकसाल दर मे परिवहन तथा बीमा लागत को मिला कर यह ज्ञात हो कि विनिमय-दर इससे अधिक है, तो उस

परिस्थिति में स्वर्ण का आयात करना सस्ता पड़ता है; यदि विनिमय की टकसाल दर में से परिवहन तथा बीमा लागत को घटाने पर यह ज्ञात हो कि विनिमय दर इससे कम है, तो स्वर्ण निर्यात सस्ता पड़ता है । अतः विनिमय की टकसाल दर में परिवहन तथा बीमा लागत जमा करने पर उच्च स्वर्ण बिन्दु प्राप्त होगा और इसे घटाने से निम्न स्वर्ण बिन्दु प्राप्त होगा ।

Specie standard स्वर्णमान, मुद्रामान

Specific capital विशिष्ट पूंजी

Specific duty विशिष्ट शुल्क

Specific exemption विशेष छूट

Specific expenditure incidence विशिष्ट व्यय आपात/प्रभाव/भार

Specific goods विशिष्ट माल, खास माल

Specific incidence of tax विशिष्ट करापात

Specific loans विशिष्ट उधार, विशेष उधार

Specific tax विशिष्ट कर

Specifications विनिर्दिष्टियाँ

Specificity विशिष्टता

Specificity of a factor साधन का विशिष्ट प्रयोग—इनसे हमारा अभिप्राय उत्पादन के उन साधनों से है जो अत्यधिक विशिष्ट कार्य के लिए उचित हैं और इसके लिए अन्य साधनों का प्रयोग करना सम्भव नहीं । जितना अधिक कोई साधन विशिष्टीकृत होगा, उतना ही उसका प्रतिस्थापन कठिन होगा । साथ ही विशिष्टीकृत साधनों के संभरण को, विशेषकर अल्पकाल में, बढ़ाना अत्यन्त कठिन है । उदाहरणार्थ, आँखों के एक विशेषज्ञ के प्रशिक्षण के लिए बहुत समय लगता है और इस कारण इसका प्रतिस्थापन भी उतना ही कठिन है । अतः विशिष्टीकृत श्रम उत्पादन का एक विशिष्ट साधन है । बहुत सी निमाग पूंजी अत्यधिक विशिष्ट होती है; उदाहरणार्थ, लौह तथा इस्पात कारखाने में ब्लास्ट फर्नेस । भूमि को उत्पादन का विशिष्ट साधन कहना कठिन है क्योंकि इसके कई विकल्प प्रयोग हैं, परन्तु भूमि का महत्त्वपूर्ण लक्षण अर्थात् इसकी स्थिति इसे एक हद तक विशिष्ट बना देते हैं ।

Speculation परिकल्पना, सट्टा

Speculative boom परिकल्पी तेजी, सट्टेबाजी से प्रेरित तेजी

Speculative buying परिकल्पी क्रय

Speculative circulation परिकल्पी सचलन

Speculative demand परिकल्पी माँग

Speculative demand for money मुद्रा की सट्टा/परिकल्पी माँग

Speculative investment परिकल्पी विनियोजन, अपेक्षी निवेश

Speculative market सट्टा बाजार

Speculative money सट्टा-मुद्रा

Speculative motive परिकल्पी/सट्टा उद्देश्य

Speculative movements of funds निधियों की परिकल्पी गतिविधियाँ

Speculative price परिकल्पी मूल्य

Speculative tendency सट्टे की प्रवृत्ति

Speculative transactions परिकल्पी सौदे

Speculative vacancy अपेक्षी रिक्ति

Speculator परिकल्पक, सटोरिया, सट्टेबाज

Speeder चुस्त मजदूर

Speed-up गति-वर्धन—किसी भी उपाय द्वारा श्रमिकों से प्रति घण्टा या प्रतिदिन अधिक कार्य लेना । इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए या तो प्रति श्रमिक कार्य करने की न्यूनतम मात्रा बढ़ा दी जाती है, या मशीनों की गति तेज कर दी जाती है ।

Speedy economic development द्रुतगति से आर्थिक विकास

Spend व्यय करना

Spendable income व्यय-योग्य आय

Spendable resources व्यय-योग्य संसाधन

Spend-thrift अतिव्ययी, अपव्ययी

Spending व्यय

Spending expansionism व्यय-प्रधान प्रसारवाद

Spending, private निजी खर्च, गैर-सरकारी व्यय

Spending, public राजकीय खर्च

Spending power व्यय-शक्ति

Spending units व्यय-इकाइयाँ

Spiral of wages and prices मजदूरी और कीमतों का कुन्तल

Spiral rise उत्तरोत्तर वृद्धि

Split income विभाजित आय

Spoils system इनामी पद्धति

Sporadic dumping (=Occasional dumping) आकस्मिक राशिपातन

Spot market तत्क्षण/तात्कालिक बाजार—इसका अर्थ ऐसे बाजार से है जिसमे वस्तुएँ नकदी के बदले बेची और फौरन हस्तांतरित की जाती हैं। तत्क्षण बाजार को भौतिक बाजार भी कहते हैं। इसमे ऐसे विक्रेता विद्यमान होते हैं जिनके पास व्यापार के लिए स्टॉक मे वस्तुएं होती हैं जिन्हें वे नकदी प्राप्त करते ही क्रेता को दे देते हैं और ऐसे क्रेता भी होते हैं जो वस्तुओं को फौरन खरीदने के लिए तैयार होते है। तत्क्षण या तात्कालिक बाजार और भावी बाजार मे भेद यह है कि पूर्वोक्त मे तुरन्त सौदे होते हैं परन्तु भावी बाजार मे सौदे खरीदने के करार किए जाते हैं और वस्तुओं का आदान-प्रदान भी एक भावी तिथि पर ही किया जाता है। साधारण व्यापार तत्क्षण बाजारों मे ही होता है।

Spot price तत्क्षण/तात्कालिक कीमत—वह कीमत जो वस्तु के फौरी विक्रय और हस्तांतरण के लिए मांगी जाती है, तत्क्षण कीमत कहलाती है। तत्क्षण कीमत और भावी कीमत मे अन्तर है। भावी कीमत का अर्थ उस मूल्य से है जिस पर भावी तिथि पर वस्तुएँ विक्रय की जाती हैं और उनका आदान-प्रदान किया जाता है। तत्क्षण और भावी कीमतें दोनो ही एक साथ घटती-बढती हैं क्योंकि तत्क्षण और भावी बाजार दोनो पर वही मूल कारण क्रियाशील होते है। कारण यह है कि तत्क्षण व्यापारियों का हित इस बात मे है कि वे वस्तु को भावी कीमत की तुलना में यथासम्भव अनुकूल शर्तों पर प्राप्त कर लें। भावी विक्रेताओं के लिए अपने सौदों को तत्क्षण सौदों मे परिवर्तित करना संभव है और विलोमक्रम भी। इसका प्रभाव यह है कि ये दोनो कीमतें एक दूसरे से सम्बन्धित हो जाती हैं।

Spot rate वर्तमान/हाजिर दर

Spotter system भेदिया पद्धति

Spot transactions तात्कालिक सौदे

Spread effects प्रसार प्रभाव—अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार के कारण देश की अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले प्रोत्साहक प्रभाव। इनमे से सबसे महत्त्वपूर्ण प्रभाव निर्यात मे वृद्धि के कारण होने वाला गुणक प्रभाव (Multiplier effect) है, जिसके फलस्वरूप अर्थव्यवस्था के अन्य क्षेत्रों मे प्रति व्यक्ति आय बढ जाती है। इसका मुख्य कारण यह है कि अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्रों मे वस्तुओं की मांग बढ़ जाती है। जितना अधिक आर्थिक विकास किसी देश मे हो चुका हो, उतना ही अधिक सामान्यतया इसमे प्रसार प्रभाव होगा। इसका कारण यह है कि उस देश का निर्यात-क्षेत्र भी देश की अर्थव्यवस्था से दृढ रूप मे सम्बद्ध होता है। कुछ अर्थशास्त्रियों का विचार है कि अल्पविकसित देशों में प्रसार प्रभाव कमजोर होते हैं और प्रत्यस्त (Back-wash)प्रभावों के प्रतिकूल प्रभाव के कारण इनका असर और भी कम हो जाता है। अतः अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार के कारण अल्पविकसित देशों को लाभ होने की अपेक्षा हानि हुई है।

Spread over कार्य-समय विस्तार, श्रम-समय विस्तार

Stabilisation bond स्थिरीकरण बांड

Stabilisation of the rate of exchange विनिमय दर का स्थिरीकरण

Stabilisation experiment स्थिरता प्रयोग

Stabilisation fund स्थायीकरण कोष

Stabilisation of prices मूल्य-स्थायीकरण

Stabilisation of foodgrains prices खाद्यान्नों की कीमत का स्थिरीकरण

Stabilisation of wages मजदूरी-स्थायीकरण

Stabilised paper standard स्थिरीकृत पत्र-मान

Stabiliser स्थायीकारक, स्थिरक

Stabiliser, built-in आभ्यंतरिक स्थिरक

Stabilising element स्थापक /स्थायीकारी तत्त्व

Stability, exchange विनिमय स्थिरता

Stability, monetary मौद्रिक स्थायित्व
Stability, structural संरचनात्मक स्थिरता
Stability of equilibrium साम्य स्थायित्व, संतुलन स्थायित्व
Stability of gold value स्वर्ण-मूल्य का स्थायित्व
Stability of prices कीमत-स्थिरता/स्थायित्व
Stability of propensity to consume उपभोग प्रवृत्ति की स्थिरता
Stability of value मूल्य-स्थिरता, मूल्य-स्थायीकरण
Stability of *wants* आवश्यकताओं की स्थिरता
Stable bond market policy स्थिर/स्थायी बॉड बाजार नीति
Stable equilibrium स्थायी समतोल, स्थिर संतुलन
Stable equilibrium at full employment पूर्ण रोजगार बिन्दु पर स्थिर संतुलन
Stable growth स्थायी वृद्धि
Stable money स्थिर मुद्रा
Stable price स्थिर कीमत
Staff benefit fund कर्मचारी लाभार्थ निधि

Stag स्टॉक-क्रेता—एक ऐसा सट्टेबाज जो नयी कम्पनियों के हिस्सों को खरीदने के लिए इस विचार से प्रार्थनापत्र देता है कि वह उन्हें थोड़े समय के बाद ही मुनाफे पर बेच सके।
Stage, agricultural कृषि अवस्था
Stage, handicraft हस्तशिल्प/दस्तकारी अवस्था
Stage, hunting आखेट अवस्था
Stage, industrial उद्योग अवस्था
Stage, pastoral पशु-चारण अवस्था, पशु पालन अवस्था
Stage of mass consumption जन-उपभोग की अवस्था
Stage of maturity परिपक्वता की स्थिति
Stage of pre-take-off उत्थान-पूर्व अवस्था
Stage of take-off उत्थान/उठान अवस्था
Stage of traditional society परम्परागत समाज की स्थिति/अवस्था
Stages of economic development आर्थिक विकास की अवस्थाएँ
Stages of economic growth आर्थिक संवृद्धि की अवस्थाएँ
Stages of planning आयोजन की अवस्थाएँ
Stagging लाभार्थ हिस्सों की खरीद
Stagnant economy अवरुद्ध अर्थव्यवस्था
Stagnation वृद्धिरोध
Stagnation in savings बचतों में वृद्धिरोध
Stagnation theory/thesis गतिरोध सिद्धान्त वृद्धिरोध सिद्धान्त/प्रबन्ध
Stagnationist गतिहीनतावादी, वृद्धिरोधतावादी
Stairstep curve सीढ़ीनुमा वक्र
Stale cheque गतावधि चैक, पुराना चैक
Stamp duties स्टाम्प शुल्क, मुद्रांक शुल्क
Stamped bond विशेष शर्त बॉड, विशेष शर्त बंध पत्र
Stamped money मुद्रांक द्रव्य
Stamped money plan डाक टिकट मुद्रा योजना
Stamped money reformer मुद्रांकित मुद्रा-सुधारक
Standard मानक, मान
Standard, gold bullion स्वर्ण मात्रा मान
Standard, gold currency स्वर्ण मुद्रा मान
Standard, gold exchange स्वर्ण विनिमय मान
Standard classification मानक वर्गीकरण
Standard coin प्रमाप टंक, पूर्णकाय सिक्के
Standard commodity आधार वस्तु, प्रामाणिक वस्तु
Standard credit स्थायी साख
Standard deviation मानक विचलन
Standard earning मानक कमाई
Standard of comfort सुख-प्रमाप, सुविधा-मान
Standard of efficiency कुशलता-मान
Standard error मानक त्रुटि
Standard goods मानक वस्तुएँ
Standard hour plan मानक घंटा योजना
Standard item मानक वस्तु
Standard money प्रामाणिक मुद्रा
Standard of cost लागत-मान
Standard of deferred payments स्थगित-शोधन प्रमाप, स्थगित भुगतान का मान

Standard of life जीवन-प्रमाप, जीवनस्तर
Standard of living रहन-सहन का स्तर
Standard of living of community समुदाय का जीवन-स्तर
Standard of service सेवा मान
Standard of value मूल्य-मान
Standard profits मानक लाभ
Standard rent प्रमाप किराया, मानक लगान
Standard schemes प्रमाप योजनाएं
Standard tariff मानक प्रशुल्क
Standard tool मानक उपकरण
Standard value मानक/प्रमाप अर्हा/मूल्य
Standard volume of unemployment **बेरोजगारी की 'मानक' मात्रा**—जहाँ बेरोजगारी की मात्रा इस सीमा तक घटा दी जाती है कि मजदूरी की मौद्रिक दरें श्रम के सीमान्त उत्पाद की गति के समान बढने लगती हैं।
Standardisation प्रमापीकरण, मानकीकरण
Standardisation, industrial औद्योगिक मानकीकरण
Standardisation of goods वस्तुओं का मानकीकरण
Standardisation of wages मजदूरी मानकीकरण
Standardised assessment प्रामाणिक कर-निर्धारण
Standardised birth rate प्रमापीकृत/मानकीकृत जन्म-दर
Standardised death rate प्रमापीकृत/मानकीकृत मृत्यु-दर
Standardised goods प्रमापीकृत/मानकीकृत वस्तुएं
Standardised product/commodity मानकीकृत वस्तु
Standardised production प्रमापीकृत/मानकीकृत उत्पादन
Standardised weights and measures मानकीकृत माप और तौल के बट्टे
Stand-by arrangement आपत्कालीन प्रबंध
Stand-by controls आपत्कालीन नियन्त्रण
Stand-by credit आपत्कालीन ऋण
Stand-by equipment आपत्कालीन साज-सामान
Standing Advisory Committee on Agricultural Credit कृषि-साख के लिए स्थायी सलाहकार समिति
Standstill agreements यथास्थिर समझौते
Staple commodities/goods प्रमुख वस्तुएं
Staple exports प्रधान निर्यात
Starvation wages फाका-मजदूरी
State Agricultural Corporation राज्य कृषि निगम
State capitalism **राज्य पूंजीवाद**—यह एक अस्पष्ट और भ्रामक शब्द है जिसका प्रयोग पूंजीवादी अर्थव्यवस्था मे कुछ मात्रा मे राजकीय स्वामित्व और पूंजी-नियन्त्रण के लिए किया जाता है। कई पूंजीवादी समाजो मे संसदीय पद्धति के आधीन कुछ उद्योगो का राष्ट्रीयकरण कर दिया जाता है, कुछ आरोही कर लगा दिए जाते हैं, कुछ हद तक सम्पत्ति की अधिकतम सीमा भी निर्धारित की जाती है। इन सभी उपायों का उद्देश्य आय तथा सम्पत्ति का पुनर्वितरण है, परन्तु राज्य का मूल स्वरूप पूंजीवादी होने के कारण ये सभी उपाय, चाहे राज्य के आधीन स्वामित्व को बढाते हैं परन्तु ये समाजवाद की स्थापना नही करते। इसी कारण लेनिन ने इस प्रकार के फेबियन उपायो (Fabian methods) के फलस्वरूप जनित समाज को समाजवादी समाज न पुकार कर, इसे राज्य पूंजीवाद के नाम से सम्बोधित किया। शब्द 'राज्य पूंजीवाद' को कई बार राज्य समाजवाद के पर्यायवाची के रूप मे भी इस्तेमाल किया जाता है।
State capitalist राज्य पूंजीपति
State co-operative banks राज्य सहकारी बैंक
State enterprise राजकीय उद्यम/उद्योग
State excise duties राज्यीय उत्पादन-शुल्क
State farming राजकीय कृषि/खेती
State interference राजकीय/राज्य हस्तक्षेप
State intervention राजकीय/राज्य हस्तक्षेप
State farm सरकारी खेत, सरकारी फार्म
State Financial Corporation राज्यीय/राज्य वित्त निगम

State government enterprises राज्यीय सरकारी उद्यम
State money राजकीय मुद्रा/करेन्सी
State monopoly राजकीय/सरकारी एकाधिकार
State of balance or state of rest संतुलन अथवा विश्राम अवस्था
State of disequilibrium असंतुलन की स्थिति
State of long-term expectations दीर्घकालीन प्रत्याशाओं/आशंसाओं की अवस्था
State ownership राज्य-स्वामित्व
State Planning Commission राज्य योजना आयोग
State policy राज्य की नीति
State provident fund राज्य भविष्य निधि/पूर्वोपायी कोष
State revenue राजकीय आगम, सरकारी आय, सरकारी राजस्व
State sector राजकीय क्षेत्र, सरकारी क्षेत्र
State taxation राजकीय कराधान
State of technical knowledge तकनीकी जानकारी की अवस्था
State theory of money **मुद्रा की राजकीय धारणा**—जिसका सबसे बड़ा समर्थक जी० एफ० नैप (G. F. Knapp) था।
State trade राज्य-व्यापार/राजकीय व्यापार
State trading राज्य-व्यापार
State Trading Corporation राज्य-व्यापार निगम
State trading enterprises राज्य व्यापार उपक्रम
State treasury राज्य-कोषागार
State tribunals राज्यीय न्यायाधिकरण
State undertakings राजकीय उपक्रम
State Warehousing Board राज्य भंडार गृह/मंडल/भाण्डागार बोर्ड
Statewise estimates राज्यवार अनुमान
Stateless राज्यहीन
Stateless society राज्यहीन समाज
Statesmanship राजमर्मज्ञता, राजनीतिमत्ता
Statement of the law नियम का कथन/वर्णन
Statement of the theory of interest ब्याज के सिद्धांत का निरूपण
Static analysis **स्थैतिक विश्लेषण**—सैद्धान्तिक अर्थशास्त्र का वह भाग जिसमें संतुलन की विभिन्न स्थितियों का विश्लेषण किया जाता है। स्थैतिकी में संतुलन स्थितियों की परिभाषा की जाती है और विभिन्न संतुलन स्थितियों की आवश्यकताओं का वर्णन किया जाता है। किन्तु स्थैतिकी में संतुलन तक पहुँचने के मार्ग या उन विभिन्न स्थितियों का अध्ययन नहीं किया जाता जिनमें से कोई अर्थव्यवस्था गुजरती है। न ही इसमें संतुलन तक पहुँचने के समय का अध्ययन किया जाता है। उदाहरणार्थ, सुपरिचित कीमत तथा उत्पाद-निर्धारण का विश्लेषण आर्थिक स्थैतिकी का ही प्रयोग है। तुलनात्मक स्थैतिकी (Comparative Statics) में इस बात का अध्ययन किया जाता है कि अर्थव्यवस्था एक संतुलन स्थिति से दूसरी स्थिति में कैसे पहुंचती है।
Static assumptions स्थैतिक मान्यताएँ
Static economics स्थैतिक अर्थशास्त्र
Static economy स्थैतिक अर्थव्यवस्था
Static equilibrium स्थैतिक संतुलन
Static models स्थैतिक मॉडल/प्रतिमान
Static situation स्थैतिक स्थिति
Static theory स्थैतिक सिद्धान्त
Static theory of foreign exchange विदेशी विनिमय का स्थैतिक सिद्धान्त
Static welfare theory स्थैतिक कल्याण सिद्धांत
Static worker स्थैतिक श्रमिक
Static technique स्थैतिक प्रविधि/तकनीक
Stationary स्थिर, स्थावर, स्थायी
Stationary economy स्थावर/स्थिर अर्थव्यवस्था
Stationary equilibrium स्थिर संतुलन
Stationary growth स्थावर वृद्धि
Stationary population स्थिर जनसंख्या
Stationary state **स्थावर अवस्था**—इसका अर्थ अर्थव्यवस्था की ऐसी स्थिति से है जिसमें एक काल के पश्चात् दूसरे काल में केवल पुनरुत्पादन होता है। प्रतिष्ठित अर्थशास्त्री, अर्थात् रिकार्डो और जे० एस० मिल, यह विश्वास रखते थे कि तक-

नीकी नवक्रियाओं (Technical Innovations) से ह्रासमान प्रत्याय के प्रभाव को दूर करना संभव नहीं और इस प्रकार विकसमान पूँजीवादी अर्थव्यवस्था धीरे-धीरे एक परिपक्व अर्थव्यवस्था की स्थावर अवस्था की ओर अग्रसर होती जाती है। कारण यह है कि जैसे विनियोग बढ़ता है, ह्रासमान प्रत्याय के कारण लाभ की दर घटती चली जाती है और इस प्रकार लाभ घटते-घटते इतना कम हो जाता है कि नये पूँजी संचयन के लिए कोई प्रोत्साहन बाकी ही नहीं रह जाता। प्रतिष्ठित स्थावर अवस्था में, मजदूरी तो निर्वाह स्तर से बढ़ नहीं सकती, शुद्ध पूँजी-निर्माण शून्य होता है और अर्थव्यवस्था का उत्पादन अपने उच्चतम स्तर तक पहुंच चुका होता है।

Stationary stock स्थिर स्टॉक

Statism राज्यवाद—इस शब्द का प्रयोग अर्थव्यवस्था में बढ़ते हुए सरकारी हस्तक्षेप के लिए किया जाता है। उदाहरणार्थ, भारत में स्वतंत्र पार्टी सहकारी खेती या कुछ उद्योगों को सरकारी स्वामित्व के अधीन करने के प्रयास को भी राज्यवाद की ओर प्रयास समझती है।

Statistical accident सांख्यिकीय संयोग

Statistical approach सांख्यिकीय विधि/दृष्टिकोण

Statistical bureau सांख्यिकी ब्यूरो

Statistical committee सांख्यिकी समिति

Statistical concept सांख्यिकीय धारणा

Statistical correlation सांख्यिकीय सहसंबंध

Statistical demand curve सांख्यिकीय माँग-वक्र

Statistical department सांख्यिकी विभाग

Statistical discrepancy सांख्यिकीय अन्तर/भेद/असंगति

Statistical errors and omissions सांख्यिकीय त्रुटियाँ एवं भूलें

Statistical form सांख्यिकीय रूप

Statistical inference सांख्यिकीय निष्कर्ष

Statistical laws सांख्यिकीय नियम

Statistical measurement सांख्यिकीय माप

Statistical realities सांख्यिकीय वास्तविकताएँ

Statistical review सांख्यिकीय समीक्षा

Statistical situation सांख्यिकीय परिस्थिति

Statistical statement relating to the co-operative movement in India भारत में सहकारी आन्दोलन से संबंधित सांख्यिकीय सारणियाँ

Statistical survey सांख्यिकीय सर्वेक्षण

Statistical tables relating to banks बैंकों से संबंधित सांख्यिकीय तालिकाएँ

Statistical unit सांख्यिकीय एकक/इकाई

Statistician सांख्यिक, सांख्यिकीविद्

Statistics सांख्यिकी

Statistics, applied व्यावहारिक सांख्यिकी

Statistics, economic आर्थिक सांख्यिकी

Statistics, food खाद्य सम्बन्धी आँकड़े

Statistics, industrial औद्योगिक आँकड़े

Statistics, labour श्रम सम्बन्धी आँकड़े

Statistics, livestock पशुधन आँकड़े

Statistics, vital जीवनांक, जन्म-मरण सम्बन्धी आँकड़े

Statistics, wage मजदूरी सम्बन्धी आँकड़े

Statistics of exports निर्यात के आँकड़े

Statistics of imports आयात के आँकड़े

Statistics of production उत्पादन के आँकड़े

Status हैसियत, मर्यादा, स्थिति

Status quo यथापूर्व स्थिति

Status symbol commodity प्रतिष्ठा वस्तु, "सामाजिक-स्तर प्रतीक" वस्तु

Statutory agency साविधिक एजेंसी

Statutory corporation वैधानिक निगम

Statutory deposits वैधानिक जमा

Statutory law साविधिक नियम

Statutory marketing monopoly साविधिक विपणन एकाधिकार

Statutory maximum prices परिनियत अधिकतम मूल्य

Statutory organisation साविधिक संगठन

Statutory report वैधानिक रिपोर्ट

Statutory rationing system वैधानिक राशनिंग प्रणाली

Statutory undertakings साविधिक उपक्रम

Steady growth सतत आर्थिक विकास, अविरत विकास

Steel, structural इमारती इस्पात

Steel forging and casting इस्पात की गढ़ी और ढली वस्तुएँ

Steel rolling mill इस्पात वेलन मिल

Steeply progressive taxation अत्यधिक आरोही कराधान

Steep slope गहरी ढाल, सीधी ढाल

Step system of taxation कराधान की सोपान पद्धति

Sterile ex-post equations निष्फल वास्तविक समीकरण

Sterilisation नसबंदी, वन्ध्यकरण

Sterilisation camps वन्ध्यकरण शिविर, नसबन्दी कैम्प

Sterling स्टर्लिंग

Sterling area स्टर्लिंग-क्षेत्र—इसके अन्तर्गत उन देशों का समूह शामिल किया जाता है जो अपने अंतर्राष्ट्रीय प्रारक्षण पाउण्ड स्टर्लिंग के रूप में ब्रिटिश बैंकों के पास रखते हैं। इसमें कनाडा को छोड़ राष्ट्र मण्डल के सभी अन्य देश शामिल हैं। इसके अतिरिक्त आइसलैण्ड, आयरलैण्ड, बर्मा, जॉर्डन, लिबिया भी इसके सदस्य हैं। दूसरे विश्वयुद्ध के दौरान स्टर्लिंग क्षेत्र देश ग्रेट ब्रिटेन को वस्तुओं का निर्यात करते रहे और बदले में ग्रेट ब्रिटेन से पर्याप्त आयात न हो सका। परिणामतः स्टर्लिंग देशों द्वारा भारी मात्रा में अधिशेष इंग्लैण्ड में जमा हो गया जिसे स्टर्लिंग अधिशेष कहते हैं। इंग्लैण्ड ने युद्ध के पश्चात् इस स्टर्लिंग अधिशेष को अवरुद्ध खाता करार दिया और बाद में इंग्लैंड ने अपनी सुविधानुसार ऋणदाता देशों को इसका भुगतान कर दिया।

Sterling area system स्टर्लिंग-क्षेत्र प्रणाली

Sterling balances स्टर्लिंग-शेष/पावना

Sterling bills स्टर्लिंग-विपत्र/बिल

Sterling block स्टर्लिंग-देश-समूह/ब्लॉक

Sterling bonds स्टर्लिंग बॉंड

Sterling debt स्टर्लिंग ऋण

Sterling exchange स्टर्लिंग विनिमय

Sterling exchange standard स्टर्लिंग विनिमय-मान

Sterling loans स्टर्लिंग उधार

Sterling securities स्टर्लिंग प्रतिभूतियाँ

Stickiness of interest rates ब्याज-दरों की संलगिता

Stickiness of wages मजदूरी सलगिता

Sticky prices सलागी कीमत

Stipulated period नियत अवधि

Stipulated rate नियत दर

Stipulated service नियत सेवा

Stochastic model यादृच्छिक मॉडल—दो या दो से अधिक आर्थिक चलों में सम्बन्ध को व्यक्त करने वाला फार्मूला या फार्मूलों का समूह। इस मॉडल में विशिष्ट सांख्यिकी मान्यताओं के अधीन कुछ हद तक त्रुटि स्वीकार कर ली जाती है। इन सम्बन्धों को ठीक-ठीक ढंग से व्यक्त न कर सकने के कारण इस मॉडल के समीकरण परिपूर्ण नहीं होते। कुछ अर्थशास्त्रियों को तो यह विश्वास है कि मानवीय क्रियाओं को मॉडलों की सहायता से अभिव्यक्त करना असंभव है क्योंकि इन पर अनेक ऐसे प्रभाव पड़ते हैं जिन्हें मापा नहीं जा सकता। यादृच्छिक मॉडल इस दृष्टि से उपयोगी माने जा सकते हैं कि ये अत्यधिक जटिल परिस्थितियों का शीघ्रलिपि में वर्णन हैं।

Stock स्टॉक, स्कन्ध, संचयन, संग्रह, भण्डार

Stock, buffer बफर स्टॉक, प्रत्यारोधक स्टॉक

Stock, capital पूँजी-स्टॉक, पूँजी संग्रह

Stock, closing इतिशेष माल, रहतिया, संवरण-शेष

Stock, reserve सुरक्षित स्टॉक/भंडार

Stock appreciation स्टॉक अधिमूल्यन, पूँजी की मूल्य-वृद्धि

Stock broker स्टॉक ब्रोकर, कम्पनी के हिस्सों का दलाल

Stock certificate स्कन्ध-प्रमाणपत्र, स्टॉक प्रमाण-पत्र

Stock concept संग्रह-धारणा/स्टॉक धारणा

Stock depreciation स्टॉक मूल्यह्रास

Stock exchange हिस्सा बाजार, स्कन्ध विनिमय बाजार

Stock exchange clearing house स्कन्ध-समाशोधन-गृह

Stock exchange market हिस्सा-बाजार

Stock exchange securities स्टॉक/हिस्सा बाजार की प्रतिभूतियाँ

Stock exchange speculation शेयर बाजार के सट्टे

Stock-holder स्टॉकधारी, स्टॉक धारक, स्कन्धधारी

Stock holders' equity स्कन्धधारियों की हिस्सा-पूँजी—इसके अन्तर्गत कुल स्कन्ध-पूँजी और प्रतिधृत आय (Retained Earnings) शामिल की जाती हैं। स्कन्धधारियों की हिस्सा पूँजी का खाता तैयार करते हुए पूँजी के स्रोत पर बल दिया जाता है। इसके दो भाग हैं, एक तो स्कन्धधारियों के योगदान द्वारा कायम की गई हिस्सा-पूँजी और दूसरे प्रतिधृत आय से प्राप्त हिस्सा पूँजी। सामान्यतः शुद्ध आय और स्कन्धधारियों की हिस्सा पूँजी का अनुपात निगम की सफलता का मापदण्ड माना जाता है।

Stock in hand हस्तगत स्कन्ध, हस्तगत स्टॉक

Stock-in-trade बिक्री का माल

Stock jobber स्टॉक का आढ़तिया, स्कन्ध व्यापारी—सरकारी हुण्डी का लेन-देन करनेवाला

Stock market स्कन्ध बाजार, हिस्सा बाजार

Stock market boom हिस्सा बाजार की तेजी

Stock minded स्टॉक-प्रवृत्त, स्कन्ध प्रवृत्त

Stock of intermediate products माध्यमिक उत्पादों का स्टॉक, अन्तर्वर्ती वस्तुओं का संग्रह

Stock of value मूल्य का भण्डार

Stock option स्कन्ध विकल्प—एक ऐसा संविदा जिसके अनुसार किसी क्रेता को एक निश्चित अवधि में एक विशेष कीमत पर स्कन्ध की एक विशिष्ट मात्रा खरीदने या बेचने का विशेषाधिकार होता है। कई निगम अपने उच्चाधिकारियों को वर्तमान बाजार मूल्य पर कम्पनी के स्कन्ध खरीदने का विकल्प देते हैं। इस कारण उच्चाधिकारी कम्पनी के लिए दिल लगा कर काम करते हैं क्योंकि यदि कम्पनी फलती-फूलती है, तो इसके स्कन्ध की कीमत भी संभवतः बढ़ती है और इस प्रकार *विकल्प का मूल्य भी बढ़ जाता है।* कोई भी कर्मचारी जब यह अनुभव करता है कि परिस्थिति अत्यंत उचित है, तो वह अपने विकल्प का प्रयोग करता है। यदि वह अपने स्कन्ध को लाभ पर बेच देता है, तो उसके लाभ को पूँजी-लाभ (Capital gain) कहा जाता है और वैतनिक कर्मचारी को इस पर कम कर देना पड़ता है।

Stockpiling भंडार जमा करना, संचयन, युद्ध-संचयन—सामरिक कच्चे माल का क्रय और संचयन

Stock right स्कन्ध अधिकार—किसी कम्पनी के स्कन्धधारियों को यह एक प्रकार का प्राप्त विशेषाधिकार होता है जिसके अनुसार वे, अन्य व्यक्तियों की तुलना में जो स्कन्धधारी नहीं हैं, अपेक्षाकृत कम कीमत पर अतिरिक्त स्कन्ध खरीद सकते हैं।

Stock taking स्टॉक गणन, माल जाँचना, स्टॉक लेना

Stock watering स्टॉक अधिनिर्गमन

Stocks and shares स्कन्ध एवं हिस्से, स्टॉक और शेयर

Stockist स्टॉकिस्ट, भाडारी

Stop-loss हानि रोको आदेश—जैसा कि इसके नाम से ही स्पष्ट है इसका उद्देश्य हानि को सीमित करने का निर्देश है। इस शब्द का प्रयोग प्रतिभूतियों के क्रय-विक्रय के लिए किया जा सकता है और यह हिस्सों के दलाल (Stockbroker) को एक आदेश होता है कि जब कीमतें गिर रही हों, तो वह हिस्सों को एक निश्चित बाजार कीमत पर बेच दे और जब कीमतें चढ़ रही हों, तो उन्हें खरीद ले।

Stoppages of productive activity उत्पादन क्रिया में अवरोध

Stop-watch work कालनिष्ठ कार्य

Storable commodity भंडार योग्य वस्तु

Storage capacity संग्रहण क्षमता

Storage charges गोदाम-भाड़ा, संग्रहण-भाड़ा

Storage of food अन्न-संग्रहण
Storage potential सग्रहण-सामर्थ्य
Storage work canals संचायक नहरें
Store, departmental बहु-विभागी भंडार
Store house भाडागार, भंडार
Store of value मूल्य-सचय, मूल्य का संग्रह

Straddle संविदा (स्टॉक एक्सचेंज)—इस संविदा के द्वारा धारक को एक निश्चित समय में और एक निश्चित कीमत पर स्टॉक को खरीदने या बेचने का अधिकार होता है। साधारणतया, यह क्रय एव विक्रय विकल्प का सम्मिश्रण होता है। यदि धारक इनमे से किसी भी विकल्प का प्रयोग कर लें, तो वह दूसरे विकल्प का प्रयोग नहीं कर सकता।

Straight time सामान्य समय, काम के सामान्य घटे, नियत कार्यकाल

"Strait-jacket of 1925-31" 1925-31 की संकटपूर्ण अवस्था—स्वर्णमान के पुनःस्थापन की दुःखद घटना इंग्लैंड के लोगों के मन में संकट-पूर्ण अवस्था के रूप में सदैव स्मरण रहेगी।

Strategic factors निर्णायक कारक, महत्त्वपूर्ण कारक
Strategic materials सामरिक सामग्री

Strategic variable केन्द्रीय चल—केन्ज के रोजगार के सामान्य सिद्धात मे निवेश एक केन्द्रीय चल है क्योंकि रोजगार में वृद्धि तभी हो सकती है जब निवेश मे वृद्धि हो।

Strategy of balanced growth संतुलित विकास की विधि
Strategy of deferred rapid growth स्थगित द्रुत विकास की युक्ति
Strategy of development विकास-युक्ति
Strategy of economic growth आर्थिक संवृद्धि की युक्ति
Strategy of immediate rapid growth शीघ्र द्रुत विकास की शैली/युक्ति
Strategy of plan योजना की विकास-विधि
Strategy of planning in India भारतीय आयोजन की विकास-विधि
Strategy of technical dualism प्राविधिक द्वैधता की युक्ति
Strategy of unbalanced growth असंतुलित विकास की विधि
Stratification, occupational व्यावसायिक स्तरीकरण
Street price पटरी कीमत, वीथी कीमत
Street trade पटरी धधा
Stretch out अधिक काम कराना
Strict planning कठोर आयोजन
Strike हड़ताल
Strike, demonstration प्रदर्शन हड़ताल
Strike, desperation निराशान्य हड़ताल, हताश हड़ताल
Strike, enforcement लागूकारी हड़ताल
Strike, general आम हड़ताल
Strike, general industry उद्योगव्यापी हड़ताल
Strike, illegal अवैध हड़ताल, गैरकानूनी हड़ताल
Strike, jurisdiction अमलदारी हड़ताल
Strike, lightening तत्काल हड़ताल
Strike, negative सरक्षात्मक हड़ताल
Strike, partial आंशिक हड़ताल
Strike, positive माँग हड़ताल
Strike, secondary समर्थक हड़ताल

Strike, sit-down धरना—ऐसी हड़ताल जिसमें हड़ताली अपने स्थान पर बैठे रहते हैं।

Strike, sympathetic सहानुभूति हड़ताल—इस शब्द का प्रयोग ऐसे श्रमिकों की हड़ताल से है जिन्हें अपने नियोजक के विरुद्ध तो कोई गिला न हो, परन्तु वे इसलिए काम बन्द कर देते हैं ताकि किसी सम्बन्धित मजदूर संघ की हड़ताल को उनकी हमदर्दी का लाभ हो। इसे कई बार द्वितीयक हड़ताल (Secondary strike) भी कहते हैं।

Strike, multiplied गुणित हड़ताल
Strike, threatened आशंकित हड़ताल, अन्देशित हड़ताल
Strike, unlawful अवैध हड़ताल, गैर-कानूनी हड़ताल

Strike, vacation अवकाश हड़ताल
Strike bound हड़ताल ग्रस्त
Strike breaker हड़ताल तोड़ने वाला, हड़ताल भेदक
Strike committee हड़ताल समिति
Strike fund हड़ताल निधि
Strike insurance हड़ताल बीमा
Strike notice हड़ताल अधिसूचना
Strike pay हड़ताल वेतन
Striker हड़ताली
Strike vote हड़ताल मत
Strikes and lockouts हड़तालें एवं तालाबंदियाँ
Strong deflationary movement तेज संकुचनकारी प्रवृत्ति
Strong feel प्रबल अनुभूति
Struck goods हड़तालग्रस्त माल
Structural analysis संरचनात्मक विश्लेषण
Structural changes सरचनात्मक परिवर्तन
Structural disequilibrium at the factor level साधन-स्तर पर संरचनात्मक असाम्य/असंतुलन
Structural inflation संरचनात्मक स्फीति/प्रसार
Structural rigidities of the economy अर्थव्यवस्था के ढांचे सम्बन्धी बेलोचताएँ/कठोरताएँ
Structural stability सरचनात्मक स्थायित्व
Structural under-employment सरचनात्मक अल्परोजगार
Structural unemployment संरचनात्मक बेरोजगारी—किसी अर्थव्यवस्था के परिवेश मे परिवर्तन के फलस्वरूप नौकरियो की कमी अथवा हानि। रोजगार पर प्रभाव डालने वाले मुख्य सरचनात्मक परिवर्तनो मे जिनका रोजगार पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है, शामिल किए जाने वालो मे उपभोक्ताओं की रुचियां, तकनॉलॉजी का स्तर, जनसंख्या-वृद्धि और सरकारी नीतियाँ शामिल है। कुछ वस्तुओ के सम्बन्ध मे तकनालॉजी और उपभोक्ता रुचियो मे दीर्घकालीन परिवर्तन के फलस्वरूप कुछ उद्योग तो लुप्त हो जाते हैं और परिणामतः बेरोजगारी उत्पन्न हो जाती है। जनसंख्या वृद्धि उत्पादन की माँग और श्रमिकों के संभरण को प्रभावित कर बेरोजगारी पर असर डालती है। आज के युग मे जब कि सरकार का कार्य भाग बढ गया है, तो सरकार की व्यय एवं कर नीतियाँ भी बेरोजगारी पर महत्त्वपूर्ण प्रभाव डालती हैं।
Structure and character of towns नगरों की संरचना और स्वरूप
Structure of production उत्पादन का गठन/ढाँचा
Structure of taxation कराधान संरचना
Struggle for existence जीवनार्थ संघर्ष
Students' store विद्यार्थी भंडार
Studies in the national income राष्ट्रीय आय के अध्ययन
Study team on public sector undertakings सरकारी क्षेत्र के उद्यमो का अध्ययन-दल
Sub-category उप-श्रेणी, उप-वर्ग
Subdivided bar अन्तर्विभक्त दड
Subdivided bar diagram अन्तर्विभक्त दण्डचित्र
Sub-division and fragmentation उप-विभाजन और खंडन
Sub-division of holdings जोतों का उपविभाजन
Subject-matter of contract संविदा विषय
Subject-matter of economics अर्थशास्त्र की विषय-वस्तु
Subjective burden of taxation व्यक्तिपरक कर-भार
Subjective concept व्यक्तिनिष्ठ धारणा
Subjective condition व्यक्ति-सापेक्ष शर्तें
Subjective cost व्यक्तिपरक लागत
Subjective element आत्मनिष्ठ तत्त्व
Subjective estimate आत्मनिष्ठ अनुमान
Subjective information आत्मनिष्ठ जानकारी/सूचना
Subjective sacrifice doctrine आत्मनिष्ठ त्याग सिद्धान्त
Subjective value व्यक्तिपरक मूल्य
Subjectivity of satisfaction सन्तुष्टि की व्यक्तिपरकता

Subletting शिकमी पट्टेदारी
Sub-manufacture उपविनिमाण
Sub-marginal level अवसीमान्त स्तर, अनुसीमांत स्तर
Submission सम्प्रेषण
Subnormal equilibrium उपसामान्य साम्य/संतुलन
Subnormal period उपसामान्य अवधि
Subnormal profits उपसामान्य लाभ
Sub-optimum उप-अनुकूलतम
Subordinate bodies मातहत निकाय, अधीनस्थ निकाय
Subordinate factor अधीन साधन/कारक
Sub-process उप-प्रक्रिया
Sub-sale उपविक्रय, उपविक्री
Subscribed capital अभिदत्त पूंजी, अभिदत्त पूंजी
Subsequent units अनुवर्ती इकाइयाँ
Subsidiary banks अनुषंगी/सहायक बैंक
Subsidiary coin सहाय टंक
Subsidiary companies अनुषंगी कम्पनियाँ
Subsidiary firm अनुषंगी/सहाय फर्म
Subsidiary industry सहाय/सहायक उद्योग
Subsidiary money सहायक मुद्रा—सिक्के सहायक मुद्रा के रूप में छोटे भुगतानों के लिए चलाये जाते हैं।
Subsidiary occupation सहायक व्यवसाय
Subsidize साहाय्य देना
Subsidised articles साहाय्य-प्राप्त वस्तुएं
Subsidised industrial housing scheme साहाय्यित औद्योगिक आवास योजना
Subsidized loan साहाय्य ऋण
Subsidized price differential साहाय्यित कीमत-अन्तर
Subsidized rates साहाय्यित दरें
Subsidy साहाय्य, अर्थसाहाय्य
Subsidy, export निर्यात उपदान/साहाय्य
Subsistence निर्वाह, जीवन-निर्वाह, उपजीविका
Subsistence, means of निर्वाह-साधन
Subsistence agriculture निर्वाह खेती
Subsistence allowance निर्वाह भत्ता, गुजारा भत्ता
Subsistence economy निर्वाह-मूलक अर्थव्यवस्था
Subsistence farmers जीवन-निर्वाह, गुजर-बसर करने वाले किसान
Subsistence farming निर्वाह खेती
Subsistence fund निर्वाह कोष
Subsistence level निर्वाह-स्तर, जीवन-स्तर
Subsistence money निर्वाह राशि, निर्वाह भत्ता
Subsistence oriented निर्वाह प्रेरित
Subsistence sector निर्वाह क्षेत्र
Subsistence wage निर्वाह मजदूरी
Subsistence theory of wages मजदूरी का निर्वाह सिद्धान्त—18वीं शताब्दी के पिछले भाग और 19वीं शताब्दी के पहले भाग में प्रतिष्ठित अर्थशास्त्रियों, विशेषकर माल्थस द्वारा यह विचार प्रस्तुत किया गया कि दीर्घकाल में मजदूरी जीवन-निर्वाह के एक आवश्यक न्यूनतम भौतिक स्तर के बराबर ही हो सकती है। इस सिद्धान्त के पक्ष में तर्क इस प्रकार है: चूंकि खाद्यान्न का उत्पादन जनसंख्या की तीव्र वृद्धि के अनुकूल नहीं बढ़ सकता, इसलिए जनसंख्या का आकार लगभग उस स्तर पर आकर स्थिर हो जाएगा जिस पर कि लोगों का जीवन-निर्वाह हो सकता है। यदि मजदूरी आवश्यक जीवन-निर्वाह स्तर से कम हो जाएगी, तो लोग अधिक मात्रा में मरने लगेंगे, परिणामतः श्रम का संभरण गिर जाएगा और फिर मजदूरी बढ़ जाएगी। यदि मजदूरी निर्वाह-स्तर से अधिक होगी, तो अधिक संख्या में बच्चे पैदा होंगे क्योंकि परिवार उनका पोषण कर सकेंगे। परिणामतः श्रमिकों का संभरण बढ़ जाएगा और मजदूरी गिर जाएगी। इस सिद्धान्त को मजदूरी का लौह सिद्धान्त भी कहा जाता है क्योंकि इसके अनुसार मजदूरी निर्वाह-स्तर के इधर-उधर नहीं हो सकती।

इस सिद्धान्त की कठोरता को जीवन-स्तर सिद्धान्त ने कम किया जिसके अनुसार मानव जीवन में निर्वाह का अर्थ केवल न्यूनतम शारीरिक आवश्यकताओं के रूप में ही नहीं लेना चाहिए बल्कि परम्परा और आदतों पर आधारित जीवन-

स्तर लेना चाहिए। चूँकि ऐतिहासिक दृष्टि से यह सिद्धान्त प्रमाणित न हो सका और योरोप और सयुक्त राज्य अमेरिका मे मजदूरी के स्तर निर्वाह-स्तर से कही अधिक बढ गए, अर्थशास्त्रियो ने अब इस सिद्धान्त का परित्याग कर दिया है। मार्क्स-वादियों को छोड, आज मजदूरी का सीमान्त उत्पादिता सिद्धान्त सबसे अधिक स्वीकार्य माना जाता है।

Sub-situations उप-परिस्थितियाँ
Substantial economies विपुल मितव्ययताएँ
Substantial incentive ठोस प्रलोभन
Substantial security पर्याप्त प्रतिभूति
Substantial tangible security ठोस गोचर ऋणाधार
Substitutability स्थानापत्ति योग्यता, प्रतिस्थापनीयता
Substitutability of factors साधनों की प्रतिस्थापनीयता
Substitute स्थानापन्न वस्तु
Substitute, close निकट स्थानापन्न वस्तु
Substitute, closely competing निकट प्रतियोगी स्थानापन्न वस्तु
Substitute, imperfect अपूर्ण स्थानापन्न
Substitute, perfect पूर्ण स्थानापन्न
Substitute, remote दूरस्थ स्थानापन्न वस्तुएँ
Substitute of money मुद्रा-स्थानापन्न
Substituted policy प्रतिस्थापित नीति
Substitution स्थानापत्ति, स्थानापन्नता
Substitution, diminishing marginal rate of ह्रासमान सीमान्त स्थानापन्न दर
Substitution, elasticity of स्थानापत्ति की लोच
Subtitution, law of स्थानापत्ति नियम
Substitution, technical rate of स्थानापत्ति की तक्नीकी दर
Substitution analysis स्थानापत्ति विश्लेषण
Substitution curve प्रतिस्थापन वक्र
Substitution effect स्थानापत्ति प्रभाव, स्थानापन्न प्रभाव
Substitution effect with a fall in the price of one commodity किसी वस्तु का कीमत मे गिरावट के फलस्वरूप स्थानापत्ति प्रभाव
Substitution elasticity स्थानापत्ति लोच, स्थानापन्न लोच
Substitution ratio प्रतिस्थापन अनुपात
Sub-unit उप-इकाई
Suburb उपनगर, शाखा-नगर, नगर शाखा, नगराचल
Suburban उपनगरीय
Subventions आर्थिक सहायता, राजसाहाय्य—इस पद का प्रयोग सरकार या किसी अन्य फाउण्डेशन से प्राप्त विशेष अनुदान या अर्थसाहाय्य के रूप मे किया जाता है।
Succession duty उत्तराधिकार कर
Succession tax उत्तराधिकार कर
Successive doses उत्तरोत्तर मात्रा
Successive industrial process आनुक्रमिक औद्योगिक उत्पादन क्रिया
Successive round of expenditure क्रमिक व्यय के दौर
Successive utility curve क्रमिक उपयोगिता वक्र
Sudden pressures आकस्मिक दबाव
Sudden reversal अकस्मात् प्रतिपरिवर्तन
Sugar industry चीनी उद्योग
Suggestion bonus सुझाव बोनस
Suggestion system सुझाव-पद्धति
Suitable economic organisation उचित आर्थिक संगठन
Suitable taxes उपयुक्त कर
Suitability of the foreign technique and knowledge विदेशी तक्नीक और ज्ञान की अनुकूलता
Sumptuary allowance आतिथ्य भत्ता, सत्कार भत्ता
Sumptuary excises व्यय-नियन्त्रक उत्पादन शुल्क
Sumptuary legislation व्यय नियन्त्रक विधान
Sumptuary tax व्यय नियन्त्रण कर—यह कर हानिकारक वस्तुओ के उपभोग पर लगाया जाता है। भारत मे शराब पर लगाया जाने वाला कर

इसका उदाहरण है। मध्ययुग में विलास-वस्तुओं का उपभोग प्रायः हानिकारक समझा जाता था। इसलिए इनके उपभोग को निरुत्साहित करने के लिए यह कर लगाया जाता था। आज भी विलास-वस्तुओं पर अपेक्षाकृत अधिक कर लगाए जाते हैं और इसके लिए यह तर्क दिया जाता है कि जो व्यक्ति इनका प्रयोग करना चाहते हैं, वे अतिरिक्त कर देने की क्षमता रखते हैं।

Sum payable देय-राशि

Sums of money मुद्रा राशि

Sundry and other charges फुटकर खर्च

SUNFED (Special U. N. Fund for Economic Development) आर्थिक विकासार्थ विशेष संयुक्त राष्ट्र निधि

Sunk costs निमग्न पूंजी—इसका अर्थ निरस्थायी संयंत्र एवं मशीनरी पर किए गए ऐसे व्यय से है जो परिहार्य न हो। यदि यह संयंत्र विशिष्टीकृत है और इसका प्रयोग केवल एक उद्देश्य के लिए ही किया जा सकता है (जैसे लौह कारखाने में ब्लास्ट फर्नेस या ब्लास्ट भट्ठी), तो इस संयंत्र का प्रयोग कारखाने में करना ही होगा, चाहे इससे लाभ हो या हानि। कारण यह है कि इस संयंत्र में तो पूंजी लगा ही दी गयी है और इसे किसी और प्रयोग में लाया नहीं जा सकता।

Sun-spot theory of trade cycle व्यापार-चक्र का सूर्य-धब्बा सिद्धान्त—इस सिद्धान्त को जेवन्स (Jevons) द्वारा प्रतिपादित किया गया। सूर्य में धब्बों के स्थान-परिवर्तन होने के फलस्वरूप सूर्य की किरणों की तीव्रता में परिवर्तन होता है और इस प्रकार वर्षा की मात्रा में परिवर्तन होता है। इसका प्रभाव फसल पर पड़ता है और परिणामतः देश की आर्थिक क्रिया और समृद्धि इससे निर्धारित होती है। जेवन्स का मत था कि सूर्य के धब्बों के स्थान-परिवर्तन और व्यापार-चक्र में एक सह-सम्बन्ध है। आज इस सिद्धान्त को कोई भी नहीं मानता क्योंकि यह व्यापार चक्रों को पूर्णतया बाह्यजात कारणों से सम्बन्धित करता है।

Superannuation fund अधिवर्ष निधि, वार्धक्य-निवृत्ति भत्ता

Superannuation payment अधिवर्ष अदायगी

Super-company महा-कम्पनी

Super-corporation महा-निगम

Super de luxe अत्यधिक आलीशान

Super-entrepreneurs उच्चकोटि के उद्यमकर्ता

Superfluous population फालतू जनसंख्या, अतिरिक्त जनसंख्या

Super-marginal purchase अधिसीमान्त क्रय

Super-multiplier अधिगुणक

Super-national Central Bank अन्तर्राष्ट्रीय केन्द्रीय बैंक

Super-normal profit अधिसामान्य लाभ

Super-profit अधिलाभ

Super-tax (=surtax) अधिकर

Superior commodity श्रेष्ठ वस्तु

Superiority of indirect taxes परोक्ष करों की श्रेष्ठता

Superiority of planned economy आयोजित अर्थव्यवस्था की श्रेष्ठता

Superiority of socialist pricing समाजवादी कीमत-निर्धारण की श्रेष्ठता

Supervision order परिवीक्षण/निरीक्षण आदेश

Supervision and co-ordination पर्यवेक्षण/निरीक्षण एवं समन्वय

Supervisor पर्यवेक्षक/निरीक्षक

Supervisory personnel पर्यवेक्षण कर्मचारी

Supplemental unemployment benefits अनुपूरक बेरोजगारी लाभ—छांटे किए गए या बेरोजगार श्रमिकों को सहायक बेरोजगारी बीमा योजना से प्राप्त होने वाले लाभ। आम तौर पर ये लाभ विकसित देशों में बेरोजगार व्यक्तियों को प्राप्त होते हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका में श्रमिकों को बेरोजगारी के काल के दौरान उनकी आय का 40-45 प्रतिशत प्राप्त हो जाता है। ये लाभ दो प्रकार की योजनाओं से उपलब्ध होते हैं: (i) निधि-बद्ध या बीमा योजना; और (ii) वैयक्तिक न्यास लेखा या बचत-संगठन योजना। इन लाभों के लिए, नियोजकों के योगदान या वैयक्तिक न्यास निधि से वित्त जुटाया जा सकता है। जब इस निधि में धन

